संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 202
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
गुरुवार 24 सितम्बर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
www.pratahkalexpress.in

# प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



**भारत टैक्सी और मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना का शुभारंभ करने के बाद संबोधित कर, योगी बोले-**


## भारत टैक्सी जीरो कमीशन पर चलेगी



लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत टैक्सी जीरो कमीशन पर चलेगी और इससे जुड़ने वाले चालकों को 5 लाख रुपए की सामाजिक सुरक्षा दी जाएगी। भारत टैक्सी के साथ टैक्सी के अलावा टू–व्हीलर और थ्री–व्हीलर चालक भी जुड़ सकेंगे। वहीं मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के तहत एलडीबी से किसानों को मिलने वाले दीर्घकालिक ऋण की ब्याज दर 11 प्रतिशत से घटाकर 6 प्रतिशत कर दी गई है। मुख्यमंत्री योगी बुधवार को लखनऊ में केंद्रीय सहकारिता एवं नागर विमानन राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल के साथ भारत टैक्सी और मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना का शुभारंभ करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बटन दबाकर मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि पोर्टल ऐप, उर्वरक के लिए मोबाइल ऐप और कोऑपरेटिव डाटा सेंटर की भी शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहकारिता की कमान किन हाथों में है, उसी पर उसकी सफलता निर्भर करती है। अच्छा नेतृत्व सहकारिता को समृद्धि का माध्यम बनाता है, जबकि गलत नेतृत्व इसे अराजकता की ओर ले जाता है। आजादी के बाद पहली बार देश में अलग सहकारिता मंत्रालय बना और अब इसके परिणाम सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि टैक्सी, टू–व्हीलर और थ्री–व्हीलर चालकों के बारे में पहले कोई नहीं सोचता था। अब वे रजिस्ट्रेशन के साथ जीरो कमीशन पर भारत टैक्सी का हिस्सा बनेंगे और पांच लाख रुपये की सामाजिक सुरक्षा पाएंगे। सामाजिक सुरक्षा मिलने से चालक निश्चिंत होकर जिम्मेदारी के साथ अपना काम कर सकेगा। उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी केवल यात्रियों को ढोने वाली टैक्सी नहीं है। यह पूरे भारत की टैक्सी है, जो भारत की गति को प्रगति में बदलने का काम करेगी। लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज में इसका संचालन शुरू किया गया है। लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ मेट्रो और लखनऊ पुलिस समेत विभिन्न संस्थाओं के साथ एमओयू भी हुए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज महाकुंभ 2025 का जिक्र करते हुए कहा कि वहां लाखों नौजवान रैपिडो के माध्यम से अपनी बाइक पर श्रद्धालुओं को सुरक्षित संगम तक पहुंचा रहे थे। इससे यातायात बाधित नहीं हुआ और लोगों को आवागमन की सुविधा मिली। उन्होंने परिवहन मंत्री से ग्रामीण बस सेवा को भी भारत टैक्सी की तर्ज पर आगे बढ़ाने को कहा। इससे लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना पर योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम्य विकास बैंक से किसानों को 11 प्रतिशत ब्याज पर ऋण मिलता था। इसे अब घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया गया है। खेती–बाड़ी और मशीनरी के लिए दीर्घकालिक ऋण की व्यवस्था की गई है। आगामी कुछ वर्षों में 5 लाख लघु और सीमांत किसानों को इसका लाभ देने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि 2017 में सरकार बनने के बाद 86 लाख लघु और सीमांत किसानों के 36 हजार करोड़ रुपए से अधिक के ऋण माफ किए गए। साढ़े 9 वर्षों में 24 लाख हेक्टेयर भूमि को अतिरिक्त सिंचाई सुविधा से जोड़ा गया। 16 लाख से अधिक निजी ट्यूबवेल वाले किसानों को मुफ्त बिजली और नहर व सरकारी ट्यूबवेल से मुफ्त सिंचाई दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 122 चीनी मिलें चल रही हैं। इनमें 100 से अधिक मिलें चौथे दिन गन्ना मूल्य का भुगतान कर रही हैं।

**आयुष्मान भारत के आठ साल: पीएम मोदी बोले-**

## गरीबों के लिए वरदान




मुंबई,एजेंसी। आयुष्मान भारत योजना के बुधवार को आठ साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इससे देश के 60 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपए तक की हेल्थ कवरेज मिली है, जो कि इसे दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थकेयर स्कीम बनाती हैं। आयुष्मान भारत के सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म शएक्सश पर एक पोस्ट में लिखा, शआठ साल पहले, आयुष्मान भारत की शुरुआत इस सोच के साथ की गई थी कि हर भारतीय को बेहतरीन और किफायती हेल्थकेयर मिल सके। आज, 60 करोड़ से ज्यादा लाभार्थियों को सालाना 5 लाख रुपए का हेल्थ कवर मिल रहा है, जिससे यह दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थकेयर स्कीम बन गई है। उन्होंने आगे कहा कि इसने इलाज के खर्च में रिकॉर्ड बचत मुमकिन बनाई है, जिससे गरीबों और मध्यम वर्ग को फायदा हुआ है। हेल्थकेयर हर घर के करीब पहुंच रही है। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में अब तक 500 करोड़ से ज्यादा विजिट दर्ज की जा चुकी हैं, जिससे जमीनी स्तर पर प्राइमरी हेल्थकेयर मजबूत हुई है। वहीं, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 साल पहले ‘सेवा का संकल्प’ लिया था, जिसने लाखों लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को बदल दिया है। आज शआयुष्मान भारत पीएम–जेएवाईश जो दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। देश भर में आधा अरब से ज्यादा लोगों को कवर करती है। 60 करोड़ से ज्यादा लोगों को कवर करने, 48.54 करोड़ से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाने और 13 करोड़ से ज्यादा लोगों के इलाज का लाभ उठाने के साथ, यह योजना पूरे भारत में परिवारों के लिए अच्छी क्वालिटी की हेल्थकेयर और आर्थिक सुरक्षा के वादे को हकीकत में बदल रही है। देश भर में 39,000 से ज्यादा सूचीबद्ध सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों के जरिए 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का हॉस्पिटलाइजेशन और इलाज का लाभ उठाया गया है।

## बुलेट ट्रेन सेवा अगस्त 2027 में शुरू होने की उम्मीद

नयी दिल्ली। भारत की पहली बुलेट ट्रेन का इंतजार अब अंतिम चरण में पहुंचता दिख रहा है। मुंबई–अहमदाबाद हाई–स्पीड रेल कॉरिडोर पर तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है और सरकार के मुताबिक पहली हाई–स्पीड रेल सेवा अगस्त 2027 में शुरू होने की उम्मीद है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी 2027 में बुलेट ट्रेन सेवा शुरू होने की बात कह चुके हैं। हालांकि, शुरुआती परिचालन पूरे मुंबई–अहमदाबाद रूट पर एक साथ नहीं होगा। पहले चरण में सूरत–वापी सेक्शन को चालू करने की योजना है। मुंबई–अहमदाबाद हाई–स्पीड रेल कॉरिडोर की कुल लंबाई करीब 508 किलोमीटर है। इसकी डिजाइन स्पीड 350 किलोमीटर प्रति घंटा रखी गई है, जबकि परिचालन गति 320 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। सरकारी जानकारी के अनुसार, इस कॉरिडोर पर आधुनिक रोलिंग स्टॉक, सिग्नलिंग और ट्रेन कंट्रोल सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा। पूरे कॉरिडोर पर मुंबई और अहमदाबाद के बीच यात्रा का समय करीब 1 घंटे 58 मिनट रहने का अनुमान है। इसका मतलब है कि हाई–स्पीड रेल सेवा शुरू होने के बाद दोनों शहरों के बीच यात्रा में मौजूदा समय की तुलना में बड़ा अंतर आ सकता है। बुलेट ट्रेन परियोजना को चरणों में शुरू किया जा रहा है। सरकार की जुलाई 2026 की जानकारी के अनुसार, 2027 में सबसे पहले सूरत–बिलिमोरा सेक्शन से सेवा शुरू करने की बात कही गई थी और इसके बाद सेवा को वापी, अहमदाबाद और अंततः मुंबई तक बढ़ाने की योजना बताई गई थी। वहीं बाद की सरकारी फैक्टशीट में शुरुआती हाई–स्पीड रेल सेवा के लिए सूरत–वापी सेक्शन का उल्लेख किया गया है। इसलिए शुरुआती सेक्शन को लेकर आधिकारिक दस्तावेजों में चरणवार विवरण अलग–अलग समय पर सामने आया है।

## जमुई छात्रा बदसलूकी मामले को लेकर पटना में राजद महिला विंग का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री से इस्तीफा मांगा

पटना। बिहार के जमुई में छात्रा के साथ हुई कथित बदसलूकी और छेड़छाड़ की घटना को लेकर राज्य की सियासत गरमा गई है। घटना के विरोध में बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की महिला कार्यकर्ताओं ने राजधानी पटना में प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। राजद महिला प्रकोष्ठ की ओर से पार्टी कार्यालय से



आयकर गोलंबर तक विरोध मार्च निकाला गया। प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री का पुतला भी फूंका गया। राजद महिला कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि राज्य में महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं हैं तथा सरकार कानून–व्यवस्था और महिला सुरक्षा के मोर्चे पर विफल रही है। प्रदर्शनकारियों ने जमुई मामले में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए मामले का स्पीडी ट्रायल कराने की मांग की। विरोध मार्च के दौरान राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जमुई की घटना ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि घर से लेकर स्कूल तक बेटियां सुरक्षित नहीं हैं और सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में नाकाम साबित हो रही है। प्रदर्शन के दौरान राजद की महिला कार्यकर्ताओं ने जमुई मामले में आरोपी के खिलाफ बेहद कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए शहाफ नहीं, फुल एनकाउंटर की बात कही। हालांकि, पुलिस और प्रशासन की ओर से मामले में कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है।

## संविधान के तहत मिली जिम्मेदारियों को निष्ठा के साथ निभाने के लिए प्रतिबद्ध : चुनाव आयोग

नयी दिल्ली,एजेंसी। चुनाव आयोग ने कहा कि वह संविधान के तहत मिली जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। चुनाव आयोग के अंदर दो चुनाव आयुक्तों की असहमतियों के बीच उपजे विवाद पर चुनाव आयोग ने सफाई दी है और कहा है कि आयोग के अंदर सभी फैसले सर्वसम्मति से हो रहे हैं। वैचारिक मतभेद का मतलब टकराव नहीं समझा जाना चाहिए। किसी भी संस्था में विचार–विमर्श के दौरान अलग–अलग राय और टिप्पणियां होना सामान्य बात है। ये अंतिम फैसला लेने से पहले निर्णय लेने की प्रक्रिया का हिस्सा होते हैं। न केवल तीनों आयुक्तों, बल्कि आयोग का हर अधिकारी चुनावी व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आयोग को अपने सुझाव देने के लिए पूरी तरह से अधिकृत है। आयोग ने बयान में कहा कि दस महीनों के दौरान की कुछ खास आंतरिक टिप्पणियों/अवलोकनों को उजागर करना, जबकि बड़ी संख्या में मंजूरियों, फैसलों, निर्देशों और पहलों को नजरअंदाज करना, तस्वीर का केवल एक हिस्सा ही दिखाता है। हाल के महीनों में आयोग ने कई फैसले लेने के साथ ही निर्देश जारी किये हैं तथा लगभग 40 नयी पहलें शुरू की हैं और देश भर में मतदाता सूची संशोधन के संचालन सहित कई चुनावी सुधार किये हैं। ये सभी फैसले पिछले एक साल में पूरे आयोग के सर्वसम्मत फैसलों के परिणाम हैं। आयोग के मुताबिक ईसीआईनेट जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म सख्त डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत काम करते हैं। इनमें अनधिकृत छेड़छाड़ या डेटा में बदलाव रोकने के लिए आईटी सुरक्षा जांच और ऑडिट नियंत्रण लागू हैं। आयोग ने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने का काम निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों और जिला निर्वाचन अधिकारियों जैसे वैधानिक अधिकारी कानून के तहत अपने निर्धारित अधिकारों के अनुसार करते हैं। यानी आयोग के अनुसार यह अधिकार तय कानूनी प्रक्रिया के तहत इस्तेमाल किये जाते हैं। आयोग के मुताबिक किसी फैसले को अंतिम रूप देने से पहले सदस्यों के बीच चर्चा होती है और इस दौरान अलग–अलग राय, सुझाव या प्रशासनिक सवाल उठना सामान्य प्रक्रिया है। इनका उद्देश्य चुनावी व्यवस्था को मजबूत करना और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा करना है।

## झारखंड: करमा पूजा की खुशियां मातम में बदलीं, कोयल नदी में डूबने से चार युवकों की मौत, पांचवां लापता

पलामू झारखंड के पलामू जिले में करमा पूजा का पर्व मातम में बदल गया। चौनपुर थाना क्षेत्र के बोकेया पतरिया गांव में पूजा सामग्री विसर्जन के दौरान कोयल नदी में पांच लड़के डूब गए। इस दर्दनाक हादसे में चार लड़कों की मौत हो गई जबकि एक लड़का अभी भी लापता है, जिसकी तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह बोकेया पतरिया गांव के पांच लड़के करमा पूजा की सामग्री लेकर कोयल नदी में विसर्जन करने गए थे। नदी के किनारे से थोड़ा आगे बढ़ते ही वे अचानक गहरे पानी और तेज बहाव की चपेट में आ गए। पानी का बहाव इतना तेज था कि पांचों खुद को संभाल नहीं पाए और देखते ही देखते डूब गए। आसपास मौजूद लोगों ने जब लड़कों को डूबते देखा तो शोर मचाया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। स्थानीय लोगों और गोताखोरों की मदद से चार लड़कों के शवों को नदी से बाहर निकाला गया।

## धन ही सब कुछ नहीं : राष्ट्रपति मुर्मू

### छात्रों को सेवा का बताया महत्व, कहा- देश और समाज के हित को रखें ऊपर

वडोदरा,एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को छात्रों से कहा कि वे अपने काम के क्षेत्र में देश और समाज के हितों को सबसे ऊपर रखें। ऐसा करने से देश और समाज के साथ–साथ उनकी भी तरक्की होगी। राष्ट्रपति महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, बड़ौदा के 75वें दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिक्षा तभी सही मायने में सार्थक होगी, जब इससे देश और समाज को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपनी शिक्षा का इस्तेमाल सिर्फ अपने और अपने परिवार के लिए करने से आगे बढ़कर सोचना चाहिए। यह विचार करना चाहिए कि वे



समाज के बड़े हित में कैसे योगदान दे सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, अगर छात्र अपने काम के क्षेत्र में देश और समाज के हितों को सबसे ऊपर रखते हैं, तो देश और समाज के साथ–साथ उनकी भी तरक्की होगी। उन्होंने कहा कि ऐसी तरक्की से उन्हें बहुत संतुष्टि मिलेगी। उन्हें अपनी शिक्षा की सार्थकता का एहसास होगा। अगर आप इंजीनियर बन रहे हैं, तो ऐसी तकनीकें विकसित करें जिनसे लोगों का जीवन बेहतर हो। अगर आप डॉक्टर बन रहे हैं, तो चिकित्सा को सिर्फ एक पेशा न समझें। इसे एक सेवा मानें।श उन्होंने कहा, सेवा में ही मानवता और शांति निहित है। इससे संतुष्टि मिलती है। जीवन जीने के लिए संसाधनों की जरूरत तो होती है, लेकिन धन ही सब कुछ नहीं है। दूसरों की सेवा करने से ही सच्ची संतुष्टि मिलती है।

**टाइम आएगा हम आपको पकड़ेंगे : राहुल का आरोप-**

## बीजेपी, आरएसएस और चुनाव आयोग देशद्रोह कर रहे

नई दिल्ली,एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी के आरोपों को लेकर भाजपा, आरएसएस और चुनाव आयोग पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने एक्स पर एक वीडियो शेयर करते हुए कहा कि मैं चुनाव आयोग और उनके अधिकारियों को साफ कह रहा हूं। आप जो कर रहे हो, गलत कर रहे हो। ये देश के खिलाफ है। ये मत भूलिए, जब टाइम आएगा हम आपको पकड़ेंगे बचने वाले नहीं हो। इसके साथ ही उन्होंने पोस्ट पर लिखा कि वोट की चोरी भारत के लोगों के खिलाफ एक अपराध है। ये हमारे संविधान पर सीधा हमला है। इसे अंजाम देने वाले भाजपा आरएसएस और चुनाव आयोग ने देशद्रोह का काम किया है। इंसाफ जरूर होगा।



इसके कुछ देर बाद अभिषेक मनु सिंघवी ने भी प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि मुख्य चनाव आयुक्त ने पूरी चुनाव आयोग को हाइजैक कर रखा है। उन्होंने अपने साथियों को भ्रम में रखा। आयोग का फैसला कोई अकेले नहीं ले सकता। उन्होंने यह भी कहा कि आज के समय सांविधानिक संस्थाएं बिल्कुल भी स्वतंत्र नहीं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले 10 महीनों में कम से कम 14 बार मतदाता सूची और एसआईआर से जुड़े फैसलों पर आपत्तियां दर्ज की थीं।

## लॉ कॉलेजों के नियमन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त: बीसीआई के अधिकारों पर उठाए क्या सवाल? दो हफ्ते में मांगा जवाब



नई दिल्ली,एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह इस बात की जांच करेगा कि क्या बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के पास लॉ कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को नियंत्रित करने का अधिकार है। अदालत ने यह भी कहा कि बीसीआई की वैधानिक भूमिका तभी शुरू होती है, जब लाइसेंस दिया जाता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने सवाल किया कि कानून की पढ़ाई को नियंत्रित करने के लिए बीसीआई को विशेषज्ञ संस्था कैसे माना जा सकता है। पीठ ने कहा कि शैक्षणिक मामलों से निपटने के लिए कानून के विद्वान और शिक्षाविद अधिक उपयुक्त हैं।

मुख्य न्यायाधीश ने मौखिक टिप्पणी में कहा, ष्बीसीआई लॉ कॉलेजों को कैसे नियंत्रित कर सकता है? यही असली सवाल है। उनकी वैधानिक भूमिका तभी शुरू होती है, जब किसी को लाइसेंस मिलता है। इसलिए सवाल यह है कि क्या कानून स्कूलों को नियंत्रित किया जा सकता है? हम यह जांचना चाहेंगे कि क्या बीसीआई के पास विश्वविद्यालय या कानून कॉलेज को नियंत्रित और विनियमित करने की शक्ति है। उन्होंने आगे कहा, ष्कानूनी शिक्षा को नियंत्रित करने के लिए बीसीआई विशेषज्ञ संस्था कैसे है? वे कानूनी शिक्षा के बारे में क्या जानते हैं? कानून के जाने–माने विद्वान और शिक्षाविद हैं... आप सामान्य दिशानिर्देश तय कर सकते हैं... पाठ्यक्रम चार या पांच साल का होना चाहिए... लेकिन आप नियंत्रण नहीं कर सकते। शीर्ष अदालत बीसीआई–पीईएआरएल फर्स्ट ट्रस्ट के कामकाज और ट्रस्ट की ओर से कानून कॉलेज स्थापित किए जाने पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने याचिकाओं पर नोटिस जारी किया और बार काउंसिल ऑफ इंडिया से दो सप्ताह के भीतर जवाब मांगा। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता गिरीश मित्तल की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि बीसीआई ने 2016 में एक प्रस्ताव पारित कर पहले के एक ट्रस्ट को खत्म कर दिया था और उसकी राशि एक नए ट्रस्ट को हस्तांतरित कर दी थी। उन्होंने 2020 में बार काउंसिल ऑफ इंडिया ट्रस्ट फॉर प्रमोशन ऑफ एजुकेशन, लीगल एंड प्रोफेशनल रिफॉर्म्स एंड इम्प्रूवमेंट इन रिसर्च के गठन का भी उल्लेख किया। भूषण ने आरोप लगाया कि ट्रस्ट की डीड में 11 प्रबंध न्यासियों को बीसीआई सदस्य के तौर पर उनके कार्यकाल की परवाह किए बिना मूल और स्थायी न्यासी बनाया गया था। उन्होंने कहा कि इसके बाद ट्रस्ट ने गोवा और आंध्र प्रदेश में एक–एक कानून कॉलेज स्थापित किया। बीसीआई की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि बार निकाय ने एक प्रस्ताव पारित किया है, जिसके तहत कोई भी आजीवन न्यासी नहीं होगा।

## संपादकीय

# एसआईआर की विसंगतियां

देश में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर प्रक्रिया की शुरुआत से ही तमाम तरह के विवाद जुड़े रहे हैं। बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आनन–फानन में शुरू हुई एसआईआर प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक दलों से लेकर प्रभावित लोगों ने तमाम सवाल उठाये। फिर पश्चिम बंगाल में भी कई विवाद सामने आए। जब विवाद बढ़ा तो देश की शीर्ष अदालत ने हस्तक्षेप किया। पश्चिम बंगाल में अभी मामला ठंडा पड़ा भी न था कि देश की नामचीन हस्तियों के वोटर रिकॉर्ड में कथित विसंगतियों के चलते नोटिस दिये जाने के बाद विवाद नये सिरे से सामने आया है। जिन लोगों को चुनाव आयोग के अधिकारियों की तरफ से नोटिस भेजे गए हैं, उनमें पूर्व प्रधानमंत्री एल.के.आडवाणी, विदेश मंत्री एस जयशंकर, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल भी शामिल हैं। सबसे अजीब बात तो यह है कि चुनाव आयुक्त एस.एस.संधू को भी इस प्रक्रिया के तहत नोटिस भेजा गया है। जबकि इस प्रक्रिया को खुद भारतीय निर्वाचन आयोग चला रहा है। जब एसआईआर की जटिल प्रक्रिया की कसौटी पर देश के जागरूक व दिग्गज नेता ही खरे नहीं उतर रहे हैं तो आम आदमी की क्या बिसात? ऐसे में सामान्य लोगों को अपनी दावेदारी के लिये कागजात जुटाने में कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा होगा, इसका अंदाजा सहज लगाया जा सकता है। यह प्रक्रिया कितनी जटिल हो चली है, वह इस बात से पता चलता है कि मात्र दिल्ली में ही 33 लाख से ज्यादा लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। ये नोटिस विशेष रूप से उन मामलों में जारी किए गए हैं जहां वोटरों को वर्ष 2002 के गहन संशोधन से नहीं जोड़ा जा सका है। दरअसल, एसआईआर प्रक्रिया में 2002 के गहन संशोधन से जोड़ने का प्रावधान बाद में शामिल किया गया । इस व्यवधान की वजह यह है कि नौकरी व शहर बदलने वाले बहुत सारे लोग दो दशक से अधिक समय का पर्याप्त रिकॉर्ड नहीं रख पाते। हालांकि, नया विवाद सामने आने के बाद चुनाव आयोग और दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी ने इस बात पर बल दिया है कि एसआईआर की प्रक्रिया में नोटिस मिलने का मतलब यह नहीं है कि वोट काटा जायेगा। आश्वासन दिया जा रहा है कि वोटरों को दस्तावेज जमा करने और जवाब देने का पर्याप्त मौका दिया जाएगा। साथ यह भी कि अंतिम फैसला उचित प्रक्रिया के प्रावधानों के तहत ही लिया जायेगा। निश्चित रूप से यह सुरक्षा आश्वासन बेहद जरूरी है क्योंकि प्रक्रिया में शामिल न हो सकने वाले वोटर तमाम तरह की आशंकाओं से जूझ रहे हैं। इसमें दो राय नहीं है कि वोटर लिस्ट को समय–समय पर अपडेट किया ही जाना चाहिए। जिससे वोटरों के दोहराव, अयोग्य व मृत वोटरों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा सकें। लेकिन साथ ही यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि कोई योग्य नागरिक वोटर लिस्ट से बाहर न रह जाये। निस्संदेह, ये दोनों ही मकसद समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। हालांकि, दिवंगत अर्थशास्त्री बिबेक देबरॉय का नाम उन लोगों की सूची में आना, जिनका डेटा पिछले एसआईआर से जुड़ नहीं पाया था, यह दिखाता है कि डेटाबेस आधारित प्रक्रियाओं में कितनी विसंगतियां हो सकती हैं। इस तरह पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान सामने आई जटिलताएं व्यवस्था की विसंगतियों का सटीक उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। जिन लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं, हो सकता है कि वे एक दशक से अधिक समय तक वोट न दे पाएं। ऐसे मामलों के निपटारे की मौजूदा रफ्तार को देखते हुए यह निष्कर्ष निकाला जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाए गए अपीलीय ट्रिब्यूनल को उनकी अपीलों पर फैसला लेने में बारह साल से अधिक का समय लग सकता है। इससे पूरे देश के लिये यह सीख मिलती है कि हर योग्य वोटर को, अब चाहे वह विशिष्ट व्यक्ति हो या आम नागरिक– वोटर लिस्ट में बने रहने का उचित अवसर मिलना चाहिए। इस पूरी कवायद की विश्वसनीयता बनाये रखने के लिये एक पारदर्शी और समीक्षा योग्य प्रक्रिया की जरूरत है।

# खानपान पर राजनीति

**डॉ. दीपक पाचपोर**

*भाजपा हाल ही में पश्चिम बंगाल में सत्ता पर काबिज हुई है। बंगाल में भाजपा की राजनैतिक शक्ति में बढ़ोतरी के साथ–साथ वहां भगवान राम को बढ़ावा देने का सिलसिला शुरू हो गया है।*

राम पुनियानी

आज के दौर में राजनीतिक प्रोपेगंडा से समाज के नजरिए को प्रभावित करने के बहुत से उदाहरण हमारे सामने हैं। खानपान की आदतें भी विभाजनकारी राजनैतिक प्रवृत्तियों के हाथ में एक औजार बन गईं हैं। यह तर्क दिया जाता है कि मुसलमान इसलिए अधिक हिंसक होते हैं क्योंकि वे मांसाहारी होते हैं। पवित्र गाय और गौमांस के सेवन को भी इससे जोड़ दिया गया और नतीजे में हम भारत में लिंचिंग की शुरूआत के साक्षी बने जिसके मुख्य शिकार मुस्लिम होते हैं किंतु साथ ही बड़ी संख्या में दलितों को भी इसका सामना करना पड़ता है। हाउसिंग सोसायटियों में किसे रहने की इजाजत दी जाए और किसे नहीं, यह भी खानपान की आदतों के आधार पर तय होने लगा है। हाउसिंग सोसायटियां फ्लैट बेचने की अनुमति देने के पहले खरीदार की खानपान की आदतों के बारे में पूछताछ करती हैं। यह मुद्दा अधिक जटिल स्वरूप में हाल में बंगाल में सामने आया जहां पूजा–पंडालों के आसपास मांसाहारी खाद्य सामग्री न रखने की सलाह दी गई। साथ ही, समाज का एक तबका यह मांग कर रहा है कि जैन धर्म के पर्यूषण पर्व के दौरान मांसाहारी खाद्य पदार्थों पर प्रतिबंध लगना चाहिए। धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री (पर्चीवाले बाबा, जिन्हें प्रधानमंत्री अपना छोटा भाई कहते हैं) की दुर्गापूजा में मांसाहार पर निषेध की सलाह की मिलीजुली प्रतिक्रिया हुई। कुछ ही दिनों में बंगाल का सबसे बड़ा उत्सव, दुर्गा पूजा प्रारंभ होने वाला है। भाजपा हाल ही में पश्चिम बंगाल में सत्ता पर काबिज हुई है। बंगाल में भाजपा की राजनैतिक शक्ति में बढ़ोतरी के साथ–साथ वहां भगवान राम को बढ़ावा देने का सिलसिला शुरू हो गया है। भाजपा और उसके समर्थकों द्वारा भगवान राम पर केन्द्रित उत्सवों को बढ़ावा दिया जा रहा है। राम का सहारा लेने से भाजपा को उत्तर भारत में जबरदस्त चुनावी लाभ हुआ, जिसका प्रभाव पूरे देश के चुनावी परिदृश्य पर पड़ा। भाजपा ने बंगाल में सत्ता संभालने के बाद बागेश्वर धाम के धीरेन्द्र शास्त्री को बंगाल आने का न्यौता दिया। वे हावड़ा के लिलुआह में हनुमान कथा सुनाने के लिए आए थे। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि पूजा के दौरान मांसाहारी खाद्य पदार्थों को दुर्गा प्रतिमा से दूर रखा जाए। ऐसा ही परामर्श आरएसएस की सहयोगी संस्था व्हीएचपी द्वारा कुछ दिन पहले दिया जा चुका था। इससे बंगाली हिन्दू नाराज हो गए। इनमें वे हिन्दू भी शामिल थे जो स्वयं को शहिन्दू राष्ट्रवादीश कहते हैं। कई प्रमुख बंगालियों ने अपना विरोध प्रदर्शित किया और वक्तव्य जारी कर कहा कि शास्त्री को हमें यह सिखाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए कि हम दुर्गापूजा कैसे मनाएं और क्या खाएं और क्या न खाएं। इस प्रतिक्रिया की वजह यह तथ्य है कि मछली और बकरे के मांस से बनने वाले व्यंजन दुर्गा उत्सव का लगभग अनिवार्य हिस्सा हैं। कई लोगों ने इस ओर ध्यान दिलाया कि मछली का बंगाली संस्कृति में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है और मांसाहारी खाद्य पदार्थ हिंदू धर्म के कई धार्मिक संस्कारों का हिस्सा हैं। त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल तथागत रॉय से लेकर कई पत्रकारों, कंटेट क्रियेटरों, समाज के विभिन्न वर्गों के व्यक्तियों, जिनमें स्वयं को बंगाली हिन्दू राष्ट्रवादी कहने वाले भी शामिल हैं, ने इसके प्रति विरोध प्रदर्शित किया। शबंगालियों को यह न बताया जाए कि वे दुर्गा पूजा कैसे मनाएं कोलकाता की कंटेट क्रियेटर श्रेयसी विश्वास बैनर्जी ने फेसबुक पर लिखा। उन्होंने एक वीडियो भी अटैच किया जिसमें उन्होंने कहा कि एक शबाहरी व्यक्ति विशिष्ट बंगाली धार्मिक और पाक परंपराओं के कायदे निर्धारित कर रहा है। कई लोगों ने शास्त्री के पोस्टरों को फाड़ा और विकृत किया। शुभेन्दु अधिकारी, जिन्होंने शास्त्री का बहुत गर्मजोशी से स्वागत किया था, कोलकाता के कालीघाट मंदिर में एक समारोह में शामिल हुए और प्रसाद के रूप में तली हुई मछली का सेवन किया। कई लोगों ने कहा कि मछली बंगाली संस्कृति का केन्द्रीय तत्व है। भारत सभी दृष्टियों से अत्यंत विविधतापूर्ण है चाहे वह खानपान हो, वेशभूषा हो, भाषा हो या धर्म। हिन्दुओं के कई पंथ हैं और कई तरह की खानपान की आदतें और परंपराएं हैं। मटन के व्यंजन कश्मीरी ब्राह्मणों की संस्कृति का अपरिहार्य भाग है। खानपान की आदतें कई कारकों से निर्धारित होती हैं। भौगोलिक स्थिति उसका एक महत्वपूर्ण आधार होता है। तटीय क्षेत्रों में समुद्री भोजन आहार का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हाल में संपन्न हुए ब्रिक्स सम्मेलन में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए रात्रिभोज में केवल शाकाहारी भोजन परोसा गया। संयोगवश शी जिनपिंग इस भोज में शामिल नहीं हुए, इसकी वजह चाहे जो भी रही हो। जहां विपक्ष ने अंतरराष्ट्रीय अतिथियों के लिए केवल शाकाहारी भोजन उपलब्ध कराने की आलोचना की वहीं किरन रिजिजू ने इसका बचाव करते हुए कहा कि अतिथियों ने मेनू की तारीफ की। इससे सरकार का यह नजरिया भी जाहिर होता है कि भारत केवल शाकाहारी व्यंजनों वाला देश है। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल में राज्य के सभी जिलों के मुख्य व्यंजनों का एक मानचित्र प्रकाशित करवाया। इसमें लखनऊ के टुंडे कबाब का जिक्र नहीं था और केवल शाकाहारी व्यंजनों को सम्मिलित किया गया था, मानो उत्तरप्रदेश पूरी तरह शाकाहारी हो। एक अन्य घटनाक्रम में 14 मुसलमानों को केवल इसलिए नजरबंद कर दिया गया क्योंकि वे गंगा नदी में नौका विहार करते हुए रोजा अफ्तार के दौरान चिकन बिरयानी खा रहे थे।

# फटा ढोल, खुली पोल!

राजेंद्र शर्मा

पुरानी कहावत हैकृबंद मुट्ठी लाख की, खुल गयी तो खाक की! नरेंद्र मोदी के छिहत्तर वर्ष पूरे होने पर महीने भर चलने वाले भाजपायी से बढ़कर सरकारी आयोजनों का सिलसिला, बेशक अभी जारी ही है। फिर भी, ऐसा लगता है कि काफी हद तक इन आयोजनों की हवा निकल गयी है। यह हुआ है प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिन को, एक जन–समारोह बनाकर दिखाने की कोशिश के उल्टा पड़ जाने और मोदी की न भूतो न भविष्यत्‌ किस्त की लोकप्रियता की मुट्ठी खुल जाने के चलते। जैसा कि लगभग सभी निष्पक्ष प्रेक्षकों ने दर्ज किया है, शासन की सत्ता व संसाधनों, संघ परिवार के संगठन व प्रभाव और मुख्यधारा के मीडिया के अपना पूरा जोर लगाने के बावजूद, तथाकथित एक दिया आशीर्वाद का अभियान, न सिर्फ आम लोगों की हिस्सेदारी हासिल करने में बुरी तरह विफल रहा बल्कि उन हलकों की भी कोई दर्शनीय हिस्सेदारी नहीं हासिल कर सका, जो कम से कम नरेंद्र मोदी के नेतृत्ववाली भाजपा–संघ के अभियानों के पिछले कई वर्ष से मुखर समर्थक रहे थे। प्रायः सभी प्रेक्षकों ने यह दर्ज किया है कि महानगरों की जिन मध्य वर्गीय से लेकर उच्च वर्गीय तक आवासीय सोसायटियों ने छः साल पहले कोरोना के दौरान, नरेंद्र मोदी की ही पुकार पर बड़े जोर–शोर से ताली–थाली बजाने से लेकर, दीया–बाती करने तक के कर्मकांड किए थे, उन्होंने भी मोदी के जन्म दिन पर आशीर्वादध समर्थन के प्रदर्शन के दीपक जलाना गवारा नहीं किया। आशीर्वाद का दिया अभियान के प्रति जन–निरुत्साह इतना प्रकट था कि मोदी और भाजपा से बढ़कर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रतिष्ठा की चिंता करने वालों ने, मोदी के ही हाथों में ज्यादा से ज्यादा ताकत केंद्रित होते जाने से आरएसएस की नाराजगी और मोदी की बढ़ती श्व्यक्ति पूजाश के प्रति आरएसएस की उदासीनता देखना भी शुरू कर दिया है। हैरानी की बात नहीं है कि उज्जैन के एक आयोजन में आरएसएस प्रमुख, भागवत की इस टिप्पणी को कि सब कुछ अपनी इच्छा से नियंत्रित करने का अहंकार निरर्थक है, कोई चाहे या न चाहे, उगने के बाद सूर्य अस्त होता ही है, नरेंद्र मोदी की सत्ता के सूर्य के ढल रहे होने की स्वीकृति के रूप में भी पढ़ा जा रहा है। कहने की जरूरत नहीं है कि नरेंद्र मोदी के लिए अपार जन–समर्थन और उनकी अभूतपूर्व लोकप्रियता के दावों में पहले भी सच्चाई का तत्व थोड़ा ही था और प्रचार का ही तत्व ज्यादा था। सच तो यह है कि न सिर्फ अपनी अभूतपूर्व चुनावी सफलताओं के बावजूद, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अकेले भाजपा ही नहीं, एनडीए का गठजोड़ भी हरेक चुनाव में कुल वोट के आधे से काफी कम तक सीमित रहने के बाद भी, फर्स्ट पॉस्ट द पोस्ट पर आधारित भारतीय चुनाव प्रणाली की असंतुलितता के चलते ही, लोकसभाई तथा विधानसभाई सीटों का बहुमत हासिल करता रहा है और इसे ही नरेंद्र मोदी की अपार लोकप्रियता के साक्ष्य के रूप में प्रचारित किया जाता रहा है। 2024 के आम चुनाव में तो, चुनाव आयोग की सारी पक्षपाती भूमिका और वास्तव में उसके अनेक संदेहजनक फैसलों के बावजूद, न सिर्फ मोदी के नेतृत्व में भाजपा लोकसभा में पूर्ण बहुमत से काफी नीचे खिसक गयी थी बल्कि चंद्रबाबू नायडू, नीतीश कुमार और चिराग पासवान की पार्टियों की बैसाखियों के सहारे ही नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री पद पर तीसरा कार्यकाल हासिल कर पाए थे। उसके बाद से सबसे बढ़कर चुनाव आयोग की तिकड़मों के ही बल पर, मोदीशाही ने चुनाव के मैदान में अगर नुकसान की कुछ भरपाई कर भी ली है, तो उसे कम से कम जन–स्वीकृति का ठप्पा नहीं माना जा सकता है। इस सच्चाई को वामपंथ के समर्थन से और कॉकरोच जनता पार्टी के माध्यम से तथा अन्यत्र भी, पिछले कुछ ही महीनों में सामने आयी युवाओं की आंदोलनात्मक बेचैनी ने, आंखें खोलने वाले तरीके से सामने लाकर रख दिया है। हैरानी की बात नहीं है कि खासतौर पर पढ़े–लिखे युवाओं तथा छात्रों की इस बगावत से बदहवास, नरेंद्र मोदी से लेकर भागवत तक ने, जेन जी कहलाने वाली इस युवा पीढ़ी को, सिर्फ बातों से खुश कर के पटाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। लेकिन, उनके दुर्भाग्य से इस युवा पीढ़ी की वास्तविक और वास्तव में उसका दम ही घोंट रही चिंताओं के ठोस समाधान का दिखावा करना भी, देसी–विदेशी इजारेदार पूंजी की सेवा में जुटी, संघ–भाजपा की इस बादशाहत के बस में नहीं है। हैरानी की बात नहीं है कि ठीक उस समय, जब एक तिमाही के जीडीपी के बढ़े–चढ़े आंकड़ों के बल पर, जिनकी विश्वसनीयता इतनी कम है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष तक ने वर्तमान निजाम के आर्थिक आंकड़ों को सी ग्रेड में रखा है, जो विश्वसनीयता के सबसे निचले स्तर को दिखाता है, प्रधानमंत्री मोदी संकटों से घिरी दुनिया में उनके राज में भारत के ही सबसे तेजी से विकास कर रहे होने का ढोल पीट रहे थे, तभी खुद उनकी सरकार के दूसरे आंकड़े वास्तव में जनता और खासतौर पर युवाओं के लिए हालात के भयावह से भयावह होते जाने की गवाही दे रहे थे। मिसाल के तौर पर, 2025 में पहली बार जब जिला स्तर पर पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे किया गया, तो उसमें यह आंखें खोलने वाला तथ्य सामने आया कि देश के करीब 250 जिलों में 15 से 29 वर्ष तक आयु का हर चौथा युवा पूरी तरह से खाली बैठा हुआ हैकृवह न तो किसी उत्पादक काम में लगा हुआ है, न शिक्षा हासिल कर रहा है और न रोजगार के लिए किसी तरह का प्रशिक्षण ही ले रहा है। प्रथमाक्षरों को जोड़कर सार्थक शब्द बनाने के शौकीन मोदी राज ने इन युवाओं के लिए भी एक नयी संज्ञा गढ़ी हैकृनीट यानी नॉट इन एम्प्लाइमेंट, एजुकेशन ऑर ट्रेनिंग (एनईईटी)। सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा मोदी के जन्म दिन के जश्न के ठीक अगले ही दिन जारी किए गए आंकड़े बताते हैं कि बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब तथा प. बंगाल जैसे राज्यों में करीब दो–तिहाई जिलों में हर चौथा युवा इसी तरह शुद्घ रूप से खाली बैठा हुआ है। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, असम तथा तेलंगाना जैसे राज्यों में भी करीब आधे जिलों में हरेक चौथा युवा इसी तरह खाली बैठा हुआ है। दूसरे सिरे पर, इस सर्वे में शामिल किए गए 600 जिलों में से, करीब 25 जिले ही ऐसे हैं, जहां ऐसे खाली बैठे युवाओं का हिस्सा 10 फीसद से कम है यानी दस में से एक युवा की जवानी ही पूरी तरह से बर्बाद हो रही है। हैरानी की बात नहीं है कि युवतियों के मामले में यह अनुपात और भी ज्यादा हैकृसर्वे में शामिल जिलों में से तीन–चौथाई में, हर चौथी युवती इसी तरह खाली बैठी हुई है। याद रहे कि यह स्थिति कोई आज ही पैदा नहीं हो गयी है। इससे कुछ ही पहले नीति आयोग की एक रिपोर्ट में यह बताया गया था कि भारत में 15 से 29 वर्ष तक आयु के करीब 8.7 करोड़ युवा श्न पढ़ाई कर रहे थे, न काम कर रहे थे और न ही किसी तरह का प्रशिक्षण ले रहे थे। गौरतलब है कि रीइमेजिनिंग स्किलिंग फार विकसित भारत एट 2047 की उक्त रिपोर्ट, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 78वें चक्र के यानी 2021 के आंकड़ों पर आधारित है। इसका अर्थ यह है कि कम से कम पिछले आधे दशक से देश के युवा ऐसी भयंकर बेरोजगारी झेल रहे हैं। जाहिर है कि यह भयावह सच जो कि देश के युवा खुद अपने जीवन में अनुभव कर रहे हैं, मोदी सरकार के यह कहने से बदल नहीं जाता है कि इन लोगों को आम तौर पर बेरोजगार नहीं कहा जा सकता है! वास्तविक स्थिति इन आंकड़ों से भी बुरी लगती है। इसी साल के शुरू में आए अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के एक अध्ययन, स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया 2026 में बताया गया था कि 15 से 25 वर्ष तक आयु के करीब 40 फीसद युवा बेरोजगार थे। यहां तक कि ग्रेजुएट युवाओं में से भी केवल 7 फीसद, एक साल के अंदर ही स्थायी वेतन वाली नौकरी हासिल कर पाए थे। हैरानी की बात नहीं है कि न तो इन युवाओं को मोदी के जन्म दिन पर आशीर्वाद दिया जलाना मंजूर हुआ है और न इनसे जुड़े करोड़ों परिवारों को। बहरहाल, मोदीशाही भी जनता के वास्तविक जीवनानुभव की कठोर सच्चाइयों की ठोकर से अपनी सत्ता के सूरज का ढलना, हाथ पर हाथ रखकर बैठी देख भर नहीं रही है।

# सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार को याद करना जरूरी

दिल्ली में जारी एसआईआर में खामियां और चुनाव आयोग की नाकामियां खुलकर सामने आ ही रही हैं। लेकिन सबसे खतरनाक बात यह है कि चुनाव आयोग सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार को ही खत्म करने के संकेत दे रहा है। 20 सितंबर को दिल्ली चुनाव आयोग की एक विज्ञप्ति जारी हुई है, जिसमें लिखा है–वीआईपी चिह्नित मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाने के संबंध में विभिन्न प्रिंट और सोशल मीडिया रिपोर्टों पर प्रेस नोट। शब्दों पर गौर करें वीआईपी मतदाता का इस्तेमाल चुनाव आयोग ने किया है। जबकि संविधान के मुताबिक सारे नागरिक मतदाता के तौर पर एक समान ही हैं, उनमें न कोई वीआईपी है, न कोई साधारण। इसलिए जब हम चुनावों में वोट डालने जाते हैं तो एक ही कतार में सब खड़े होते हैं और अपनी बारी आने पर एक ही वोट डालते हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के आधार पर कराए जाने का प्रावधान किया गया है। सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार यानी यूनिवर्सल एडल्ट फेंचाइज का अर्थ है कि देश के सभी वयस्क नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के वोट देने का अधिकार प्राप्त होना। पाठक कृपया ध्यान दें, बिना किसी भेदभाव के, अर्थात देश में हर वयस्क नागरिक को एक चुनाव में एक वोट देने का समान अधिकार मिला हुआ है। फिर चाहे वह वोट नरेन्द्र मोदी का हो, गौतम अडानी का हो या किसी गरीब बस्ती में रहने वाले नौशाद खान का हो। संविधान की नजर में पद, ओहदे, संपत्ति, धर्म, जाति, लिंग से परे हर नागरिक समान है। इसलिए हर नागरिक का एक वोट होता है और हर वोट का मूल्य समान होता है। सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार जाति, धर्म, लिंग, वर्ण, नस्ल, आर्थिक स्थिति (संपत्ति या आय) या शिक्षा के आधार पर बिना किसी भेदभाव के सारे वयस्क नागरिकों को हासिल है। भारत में 18 वर्ष या उससे अधिक आयु का प्रत्येक नागरिक वोट देने का अधिकारी है। यानी वह वयस्क है। इससे पहले वर्ष 1988 में 61वें संविधान संशोधन द्वारा मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी गई थी। सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार ही लोकतंत्र की नींव और भारतीय लोकतंत्र का मुख्य आधार है। सबसे खास बात यह है कि 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने के साथ ही सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार नागरिकों को मिल गया। जबकि उस समय अमेरिका समेत कई देशों में हर वयस्क नागरिक को वोट का अधिकार नहीं मिला था। कहीं महिलाओं को, कहीं अश्वेतों को, कहीं गरीबों को वोट देने के योग्य नहीं समझा जाता था। आज के दौर में ये बातें अजीब लग सकती हैं, लेकिन जब दुनिया कई किस्म के भेदभाव का शिकार थी, जिसमें भारत भी शामिल था, उस समय भारत की पहली सरकार ने ऐसा प्रगतिशील कदम उठाया था, जिससे देश में लोकतंत्र की नींव मजबूत बनी। सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का यह पुर्नस्मरण इस समय करवाना जरूरी है। वैसे तो आठवीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की किताब में इस पर एक अध्याय है। लेकिन इस समय मोदी सरकार और चुनाव आयोग की जो हरकतें हैं, उसके बाद कब इस अध्याय को हटा दिया जाए और कब सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार से देश के गरीबों, अल्पसंख्यकों, कमजोर तबकों को वंचित कर दिया जाए, कहा नहीं जा सकता। दिल्ली चुनाव आयोग की विज्ञप्ति में वीआईपी मतदाता का जिक्र इसका ताजा उदाहरण है। गौरतलब है कि दिल्ली में एसआईआर की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी करते समय चुनाव आयोग ने पहले की वोटर लिस्ट के मुकाबले 47 लाख से ज्यादा लोगों के नाम काट दिए थे। जिन लोगों के नाम ड्राफ्ट लिस्ट में हैं उनमें से 33 लाख से ज्यादा लोगों को विभिन्न कारणों के नोटिस भेजे जा रहे हैं। जिन लोगों को नोटिस भेजे गए हैं उन सभी को चुनाव आयोग के अधिकारियों के सामने पेश होकर अपने वोटर होने का दावा पेश करना होगा। खास बात यह है कि नोटिस पाने वालों में दिल्ली में रहने वाले कई वरिष्ठ मौजूदा और रिटायर्ड आईएएस अफसर शामिल है, इनमें चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधु का नाम भी दर्ज है। चुनाव आयोग ने जिन लोगों को नोटिस भेजा है उनमें दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज, विदेश मंत्री एस जयशंकर, विदेश सचिव विक्रम मिसरी, सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडे, प्रधानमंत्री के प्रधान साइंटिफिक एडवाइजर अजय सूद जैसे कई नाम शामिल हैं। इनमें से किसी का नाम पिछली लिस्ट में नहीं मिला, किसी का नाम गलत लिखा गया है। हैरानी की बात यह है कि लालकृष्ण आडवानी को भी नोटिस मिला है, क्योंकि 2002 की वोटर लिस्ट में उन का नाम नहीं मिला जबकि उस दौरान लालकृष्ण आडवाणी देश के उप प्रधानमंत्री थे और दिल्ली में ही रहते थे। चुनाव आयोग की लापरवाही का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार समिति में रहे बिबेक देबरॉय के नाम भी नोटिस जारी हुआ है, जबकि 2024 में उनका देहांत हो चुका है। वैसे चुनाव आयोग ने शनिवार को भी एक विज्ञप्ति जारी कर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नाम पर नोटिस जारी होने पर स्पष्टीकरण दिया था कि अब उनका नाम वोटर लिस्ट में शामिल कर लिया गया है। लेकिन बाकी जिन लाखों लोगों को नोटिस जारी हुए है उस पर चुनाव आयोग की तरफ से अभी तक कोई सफाई नहीं आई है। रेखा गुप्ता मामले में चुनाव आयोग ने जब तत्परता से काम करते हुए उनका नाम फौरन जोड़ा था, तब सवाल उठे थे कि क्या चुनाव आयोग उन तमाम लोगों के लिए भी ऐसी ही तत्परता दिखाएगा, जो अकारण वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं।

## सेवा पखवाड़ा के तहत शिवगढ़ में नुक्कड़ नाटक, सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़ा के तहत सोरांव विधानसभा क्षेत्र में चल रहे 'नमो गाथा' कार्यक्रम के अंतर्गत शिवगढ़ चौराहे पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष धीरेन्द्र केसरवानी ने किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से केंद्र सरकार के कार्यकाल और विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई गई। कार्यक्रम में कलाकारों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और शासन से जुड़े विभिन्न पहलुओं को नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील भी की गई। आयोजकों के अनुसार, 'नमो गाथा' कार्यक्रम पिछले एक सप्ताह से सोरांव विधानसभा क्षेत्र के अलग–अलग स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में शिवगढ़ बाजार के अलावा मलाक चतुरी गांव में पूर्व ब्लॉक प्रमुख सोरांव आलोक पांडेय के आवास पर नुक्कड़ नाटक और मंचीय नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला मंत्री आचार्य सुशील महाराज, भाजपा जिला अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा गंगापार विजय पटेल, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा पांडेश्वर नाथ धाम नवल किशोर द्विवेदी, प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा भाजपा समर्थक दल रामनरेश विश्वकर्मा, धीरेंद्र केसरवानी, प्रयागराज व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष रंजीत केसरवानी, अखिल भारतीय हिंदू महासभा के जिला सचिव शिव पूजन पटेल, महेंद्र प्रजापति, कृष्ण कुमार सिंह, राहुल केसरवानी, शोभित मित्तल, विजय गुप्ता और प्रियांशु केसरवानी सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। नरेंद्र मोदी सरकार के विकास और योजनाओं से संबंधित कई दावे भाजपा के आधिकारिक प्रकाशनों में भी प्रस्तुत किए गए हैं।

## बारा की जनसमस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी से मिले विधायक डॉ. वाचस्पति

### जनसमस्याओं के समाधान को मुख्यमंत्री से मिले डॉ. वाचस्पति, विकास कार्यो पर हुई चर्चा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

बारा प्रयागराज। मंगलवार को विधानसभा बारा की विभिन्न जनसमस्याओं एवं क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर विधायक डॉ. वाचस्पति ने लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास, कालिदास मार्ग पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं और विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर मुख्यमंत्री से विस्तार से चर्चा की। विधायक ने बताया कि विगत दिनों में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों के भ्रमण के दौरान आमजन से प्राप्त फीडबैक एवं सामने आई समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष प्राथमिकता से रखा गया। मुख्यमंत्री ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके शीघ्र समाधान तथा आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। विधायक मीडिया प्रभारी नीरज केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर यमुनापार भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, कोरांव विधायक राजमणि कोल एवं करछना विधायक पीयूष रंजन निषाद भी मौजूद रहे। विधायक डॉ. वाचस्पति ने कहा कि जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझना और उन्हें शासन तक पहुंचाकर समाधान की दिशा में कार्य करना ही जनप्रतिनिधि के रूप में उनका प्रमुख संकल्प है।



## इलाहाबाद हाईकोर्ट से पटाखा कारोबारी कादिर को बड़ा झटका, जमानत याचिका खारिज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। बुधवार को 100 करोड़ रुपये से अधिक की कथित ठगी के मामले में नैनी जेल में बंद पटाखा कारोबारी कादिर को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी। आरोप है कि प्रयागराज में निवेशकों को रकम दोगुनी करने का लालच देकर करोड़ों रुपये की ठगी की गई। कादिर की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले में लगाए गए आरोपों और आर्थिक अपराध की गंभीरता को महत्वपूर्ण माना। पीड़ितों की ओर से अधिवक्ता मोहम्मद आसिफ फारूकी ने न्यायालय के समक्ष प्रभावी ढंग से पक्ष रखा और जमानत याचिका का विरोध किया। फिलहाल हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद कादिर को अभी जेल में ही रहना होगा।



## विंध्याचल मेले की तैयारियों का एडीआरएम ने लिया जायजा

### विंध्याचल और मिर्जापुर स्टेशन का निरीक्षण, यात्री सुविधाएं दुरुस्त रखने के निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज, 23 सितंबर। शारदीय नवरात्रि मेले के मद्देनजर प्रयागराज मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक (सामान्य) दीपक कुमार ने बुधवार को विंध्याचल और मिर्जापुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने यात्रियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं बेहतर रखने के निर्देश दिए। विंध्याचल स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लेटफॉर्म, यात्री प्रतीक्षालय, पेयजल, शौचालय, प्रकाश, साफ–सफाई और यात्री आवागमन क्षेत्रों का निरीक्षण किया। 11 से 26 अक्तूबर तक प्रस्तावित विंध्याचल मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए भीड़ प्रबंधन और आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। पेयजल की गुणवत्ता की जांच के दौरान अवशिष्ट क्लोरीन संतोषजनक पाया गया। वहीं, बैक्टीरियोलॉजिकल जांच के लिए पेयजल के नमूने प्रयोगशाला भेजे गए हैं। एडीआरएम ने स्वच्छता, पेयजल की नियमित जांच और मेला अवधि में पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके बाद मिर्जापुर स्टेशन के निरीक्षण में उन्होंने यात्री सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था और 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया।

# विरोधाभासों के बावजूद एक सफल, नैतिक जीवन जिया जा सकता है : सुरेंद्रनाथ

### शिक्षक नैतिक, वैचारिक रूप से सुदृढ़ बने : अल्पोना डे

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। महर्षि पतंजलि विद्या मंदिर तेलियरगंज ( एमपीवीएम) के सभागार में जीवन के नैतिक मूल्यों, कर्तव्यबोध और आत्मचिंतन की दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में विशेष व्याख्यान सत्र का आयोजन आए किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह समझाना था कि आधुनिक जीवन की दुविधाओं के बीच सही मार्ग का चुनाव कैसे किया जाए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अल्पोना डे, विशिष्ट अतिथि एवं वक्ता सुरेंद्रनाथ द्विवेदी ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया । प्रधानाचार्या अल्पोना डे ने तुलसी का पौधा व उपहार भेंट कर मुख्य अतिथि सुरेंद्रनाथ द्विवेदी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुरेंद्रनाथ द्विवेदी ने जीवन के नैतिक मूल्यों, कर्तव्यबोध एवं आत्मचिंतन से जुड़े विभिन्न विषयों पर शिक्षकों से संवाद किया। उन्होंने आधुनिक जीवन की समस्याओं, विरोधाभासों एवं दुविधाओं के बीच सही मार्ग का चुनाव करने तथा नैतिक मूल्यों के अनुरूप जीवन जीने के विषय में मार्गदर्शन प्रदान किया। संवादात्मक सत्र के द्वारा शिक्षकों की विभिन्न शंकाओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान हुआ कि कैसे आधुनिक जीवन के विरोधाभासों के बावजूद एक सफल व नैतिक जीवन जिया जा सकता है। उनके इस ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी विचारों ने शिक्षकों को नैतिक जीवन जीने की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान किया तथा जीवन से जुड़ी अनेक दुविधाओं पर चिंतन करने का अवसर दिया। इस अवसर पर विद्यालय



की प्रधानाचार्या श्रीमती अल्पोना डे ने शिक्षकों की भूमिका एवं नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान प्रदान करने का कार्य नहीं करते, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण एवं राष्ट्र के भविष्य को दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शिक्षकों को नैतिक एवं वैचारिक रूप से सुदृढ़ बनने के लिए प्रेरित किया तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों में कर्तव्यबोध, नैतिक चेतना एवं सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास करना रहा। उपस्थित सभी के लिए यह संपूर्ण व्याख्यान सत्र अत्यंत प्रेरणादायी व उपयोगी रहा। भविष्य में इस प्रकार के ज्ञानवर्धक व्याख्यान के आयोजन निस्संदेह ही शिक्षकों को सही मार्गदर्शन देने में सहायक सिद्ध होंगे।

# हामिद अंसारी के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई

### जगदगुरु, स्वामी शाडिल्य महराज, महंत डा चन्द्रदेव महराज ने केन्द्र सरकार से किया मांग कहा कि सनातन, हिन्दू और देश के खिलाफ समाज में घोल रहे जहर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। श्रीमदजगद गुरू नारायणाचार्य स्वामी शाडिल्य महराज और सच्चा बाबा आश्रम अरैल के महंत डा चन्द्रदेव महराज ने पूर्व उप राष्ट्रपति हामिद अंसारी द्वारा सनातन, हिन्दू और देश के खिलाफ अपनी पुस्तक में लिखने और बोलने पर आज केन्द्र सरकार से मांग किया है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर सख्त कार्रवाई की मांग की है जिससे कि समाज, प्रदेश और देश में समरसता और सोहार्द बना रहे।



स्वामी शाडिल्य महराज ने कहा कि भारत धर्म निरपेक्ष, सामाजिक सौहार्द और सभी वर्ग को लेकर चलने वाला देश है तभी कांग्रेस ने हामिद अंसारी जैसे शख्स को देश का उपराष्ट्रपति बना दिया। उन्होंने कहा कि हामिद अंसारी ने समाज और देश में साम्प्रदायिक तनाव वाला बयान देकर अपनी मानसिक और सामाजिक स्थिति स्पष्ट कर दिया है कि वह कभी आतंकवादियों, जेहादियों और जम्मू कश्मीर में अराजकता करने वालों के खिलाफ बोल नही सकते है क्योंकि कही ना कही वह इन सबका समर्थन करते है ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह ऐसे देशद्रोही, गददार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें जिससे कि देश में स्थिरता बनी रहे।

सच्चा बाबा आश्रम के महंत डा चन्द्रदेव महराज का कहना है कि सनातन, देश और आर्यावर्त्त ही ऐसा है कि जहां सबसे कटटर और साम्प्रदायिक हामिद अंसारी जैसे शख्स को उप राष्ट्रपति बनाया गया लेकिन इस शख्स ने अपने बयानों से समाज, प्रदेश और देश को तोडने लायक बयान दिया कि मुसलमान और इस्लाम खतरे में है। उन्होंने कहा कि सरकार हामिद अंसारी के बयान की उच्च स्तरीय जांच कराकर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें जिससे कि ऐसे जिम्मेदार लोग फिर से गलत बयानबाजी ना कर सके।सच्चा बाबा आश्रम के महंत डा चन्द्रदेव महराज का कहना है कि भारत में सर्वे भवन्तुः सुखिना, सर्वे संतु निरामया।

# बच्चों को खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करें : डीएम

### बीएसए अनिल कुमार ने अतिथियों का किया स्वागत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता तथा मानव रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में बुधवार को किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा तथा मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह एवं विशिष्ट अतिथि संजय गुप्ता महानगर अध्यक्ष तथा डॉ शैलेश कुमार पांडे नगर महामंत्री उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में जनपद के 24 ब्लॉकों से आए हुए लगभग 700 खिलाड़ियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता का सांस्कृतिक प्रतियोगिता के साथ समापन गुरुवार को किया जाएगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा की गांव में भी खेल को बढ़ावा दिए जाने के लिए बच्चों को खेल के प्रति प्रेरित किया जाना चाहिए। कहा कि स्कूलों में खेल के जो संसाधन व सामग्री है उन्हें बच्चों को खेलने के लिए उपलब्ध कराई जाए तथा खेल के माध्यम से बच्चों में शिक्षा के अतिरिक्त उनमें टीम भावना का विकास किया जाए। खेल न केवल व्यक्ति के व्यवहार में परिवर्तन करता है बल्कि टीम भावना का विकास भी करता है, इसके माध्यम से बच्चे आपस में एक साथ मिलकर लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मेहनत करते है।

इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता के द्वारा बच्चों के शिक्षा के साथ ही खेलकूद को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। उन्होंने बच्चों को खेल के माध्यम से स्वस्थ होने का गुण बताया। डॉक्टर शैलेश कुमार पांडे द्वारा भी खेल की एक युक्ति के माध्यम से खेल की महत्ता को बताया गया। कहा कि खेल की दुनिया में आज बहुत से लोगों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़े नाम और सम्मान हासिल किए। यदि इन बच्चों को अवसर मिलेगा तो निश्चित रूप से ये बच्चे आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने देश का नाम रोशन करेंगे।

कार्यक्रम में जनपद प्रयागराज के 24 ब्लॉकों से आए हुए प्रतिभावान खिलाड़ियों की टोली



उनके साथ खेल प्रशिक्षक अनुदेशक तथा खंड शिक्षा अधिकारी लाल जी शर्मा, अखिलेश यादव, प्रदीप सिंह क्षमा शंकर पांडे शैलपति यादवसुमन मिश्रा तथा शिक्षक संगठन के पदाधिकारी गढ़ एवं अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार के नेतृत्व में संपादित किया गया।

## छिवकी गांव में गूंज रहे गणपति के जयकारे, आकर्षक झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र

प्रातःकाल एक्सप्रेस

नैनी। छिवकी गांव में गणेश उत्सव को लेकर इन दिनों श्रद्धा और उत्साह का माहौल है। गणेश पूजा पंडाल में भगवान गणेश के दर्शन–पूजन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। बुधवार को भी पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और भक्तों ने विधि–विधान से गणपति की पूजा–अर्चना कर सुख–समृद्धि एवं शांति की कामना की। पूजा–अर्चना का कार्यक्रम आर्यन और सत्यम द्वारा संपन्न कराया गया वही उनके द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। उत्सव को लेकर पूजा पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रंग–बिरंगी रोशनी, मनमोहक सजावट और विभिन्न धार्मिक प्रसंगों पर आधारित झांकियां लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी हुई हैं। झांकियों के माध्यम से धार्मिक कथाओं और प्रसंगों को सुंदर एवं जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है। इन्हें देखने के लिए बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में खासा उत्साह नजर आ रहा है। पंडाल परिसर में श्रद्धालु गणपति बप्पा के जयकारे लगाते हुए भक्ति में लीन दिखाई दिए।

## सिगरेट पीने से मना करने पर शिक्षक की पिटाई, केस दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मऊआइमा। मऊआइमा के एक गांव में युवक को सिगरेट पीने से मना करने पर शिक्षक को पीटा। मऊ आइमा के दुबाही निवासी इस्तखार अहमद पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद शमी का आरोप है कि गांव के ही शाहनवाज पुत्र मुस्ताक तथा उनके दो अज्ञात साथियों ने घर के सामने सिगरेट पीने से मना करने पर गाली गुप्ता देते हुए तमंचा सटाकर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। शिक्षक की तहरीर पर मऊआइमा पुलिस ने केस दर्ज कर लिया और मामले की जांच की जा रही है। शिक्षक ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज शमी का भाई बताया जा रहा है।

## चाय पीने गए अधिवक्ता की पिटाई, मुकदमा दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मऊआइमा। मऊआइमा थाने के समीप चाय की दुकान पर चाय पीने गए अधिवक्ता मोहम्मद इमरान पुत्र महबूब आलम निवासी कुल्हीपुर थाना देलहुपुर,जिला प्रतापगढ़ को मामूली कहासुनी में पिटाई कर दी गई।मोहम्मद इमरान का आरोप है कि बीते 27 अगस्त को अरशद,मेहताब, माबूद, सलमान सभी निवासी गड़ सुल्तानपुर खास थाना मऊआइमा जिला प्रयागराज व इनके एक अज्ञात साथी ने गाली गुप्ता देते हुए मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।मोहम्मद इमरान की तहरीर पर पुलिस ने उपरोक्त के खिलाफ केस दर्ज कर लिया और मामले की जांच की जा रही है।

## पैमाइश कराने गए अधिवक्ताओं के साथ मारपीट, केस दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मऊआइमा। मऊआइमा के एक गांव में पैमाइश कराने गए अधिवक्ताओं को भी विपक्षियों ने मारा पीटा। मऊआइमा के चक् श्याम उर्फ पूरे हिंछा निवासी बाबूलाल पुत्र स्वर्गीय महारानी दीन का आरोप है कि उनकी पुस्तैनी जमीन पर विपक्षियों द्वारा उन्हें निर्माण करने से रोका जा रहा है।इसी बात को लेकर उन्होंने पैमाइश बुलाई जिसमें उनके अधिवक्ता भी मौजूद थे,विपक्षियों ने एक राय होकर पैमाइश रोक दी तथा पारिवारिक जनों और अधिवक्ताओं के साथ मारपीट तथा अभद्रता की गई इसी बात से खुन्नस खाये अधिवक्ताओं ने मंगलवार को मऊआइमा थाने के समीप हाईवे पर चक्का जाम कर दिया अधिकारियों के आश्वासन के बाद थोड़ी ही देर में जाम को समाप्त कर दिया गया तथा बाबूलाल की तहरीर पर संजय कुमार, होरीलाल, अनीता, मोनिका मंजू देवी,मैकू देवी, धबुल देवी, रंजीत,सतीश, पप्पू, आदि के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया और मामले की जांच की जा रही है।

## मकान का निर्माण करवा रही महिला की पिटाई, केस दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मऊआइमा। मऊआइमा के एक गांव में मकान का निर्माण करवा रही महिला को दबंगों ने पीटा। मऊआइमा थाना क्षेत्र के घीनपुर, तिलाई बाजार निवासी पूनम जायसवाल पत्नी दिनेश जायसवाल का आरोप है कि वह अपने पुश्तैनी मकान पर निर्माण कार्य करवा रही थी जिसका विनोद तथा उनके चार–पांच अज्ञात साथियों ने विरोध किया तथा मना करने पर घर के आंगन में पत्थर व शराब की बोतले फेंक कर क्षति पहुंचाने का प्रयास किया गया तथा काम कर रहे मजदूरों को गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया गया तथा निर्माण कार्य को रोक दिया गया ।मऊ आइमा पुलिस ने पूनम जायसवाल की तहरीर पर विनोद निवासी तिलई बाजार, घीनपुर तथा उनके चार पांच अज्ञात साथियों के खिलाफ मारपीट, गाली गुप्ता ,जान से मारने समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया और मामले की जांच की जा रही है।

## 700 खिलाड़ियों ने खेलकूद प्रतियोगिता में दिखाया दम

### जिलाधिकारी ने कहा– खेलों से बच्चों में विकसित होती है टीम भावना

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में बुधवार को जनपद स्तरीय खेलकूद एवं मानव रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जिले के 24 ब्लॉकों से करीब 700 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। दो दिवसीय प्रतियोगिता का समापन



24 सितंबर को सांस्कृतिक प्रतियोगिता के साथ होगा। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि गांवों में भी खेलों को बढ़ावा देने के लिए बच्चों को खेलों के प्रति प्रेरित किया जाना चाहिए। स्कूलों में उपलब्ध खेल सामग्री और संसाधनों का बच्चों को अधिक से अधिक लाभ दिलाया जाए। खेलों से बच्चों में टीम भावना, अनुशासन और मिलकर लक्ष्य हासिल करने की क्षमता विकसित होती है। मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं। महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के साथ खेलकूद भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है। नगर महामंत्री डॉ. शैलेश कुमार पांडे ने खेलों की महत्ता बताते हुए कहा कि उचित अवसर मिलने पर बच्चे आगे चलकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकते हैं। प्रतियोगिता में विभिन्न ब्लॉकों से आए खिलाड़ियों के साथ खेल प्रशिक्षक, अनुदेशक, खंड शिक्षा अधिकारी लालजी शर्मा, अखिलेश यादव, प्रदीप सिंह, क्षमा शंकर पांडे, शैलपति यादव और सुमन मिश्रा समेत शिक्षक एवं शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ।

## सूचना विभाग की चित्र प्रदर्शनी में दिखीं सरकार की योजनाएं और उपलब्धियां

### मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के कार्यक्रम में पहुंचे किसानों ने किया अवलोकन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक सेवा काल के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान–जन सेवा से देश सेवा कार्यक्रम के तहत सरदार वल्लभभाई पटेल प्रेक्षागृह में सूचना विभाग की ओर से लगाई गई चित्र प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के कार्यक्रम में पहुंचे किसानों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर केंद्र एवं



प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं और विकास कार्यों से संबंधित जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों और विकास कार्यों को चित्रों एवं सूचनात्मक सामग्री के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। किसानों ने प्रदर्शनी में घूम–घूमकर विभिन्न योजनाओं से जुड़ी जानकारी देखी। जिला सूचना अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनी में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों और विकास कार्यों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व, कृतित्व और जीवन यात्रा पर आधारित सामग्री भी प्रदर्शित की गई है। उन्होंने बताया कि विकास प्रदर्शनी का उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी उपलब्ध कराना है। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार के 12 वर्ष तथा प्रदेश सरकार के 10 वर्ष के सेवाकाल में संचालित कल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों से संबंधित जानकारी भी प्रदर्शित की गई है। प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे किसानों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली और प्रदर्शित सामग्री को देखा।

## मकान गिरने की सूचना पर मौके पर पहुंचे वीरेंद्र सरोज फौजी, पीड़ित परिवार को दिलाया मदद का भरोसा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। मंझनपुर नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र सरोज 'फौजी' ने पंडरिया सुकुवारा निवासी हिरनिया सरोज पत्नी स्व. विजय सरोज के मकान गिराए जाने की सूचना पर उनके घर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने परिवार की स्थिति जानी और आवास एवं भूमि से जुड़ी समस्या को गंभीरता से सुना। मामले को



लेकर नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र सरोज फौजी ने उपजिलाधिकारी को साथ लेकर दोबारा मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से परिवार की समस्या का शीघ्र समाधान कराने तथा पात्रता के अनुसार आवास और भूमि उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। वीरेंद्र सरोज फौजी ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में उन्हें अकेला नहीं छोड़ा जाएगा और हरसंभव सहयोग एवं मदद उपलब्ध कराई जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि जरूरतमंद परिवारों की समस्याओं का समाधान कराना और कठिन समय में उनके साथ खड़ा होना उनकी प्राथमिकता है। मौके पर उनकी सक्रियता से पीड़ित परिवार को जल्द समाधान की उम्मीद जगी है।

## शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी देवेंद्र कुमार सिंह ने विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों का किया दौरा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। शिक्षक खंड लखनऊ से एमएलसी प्रत्याशी देवेंद्र कुमार सिंह ने विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों का दौरा कर शिक्षक साथियों एवं शिक्षण समुदाय के लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों से जुड़े विभिन्न विषयों पर संवाद किया तथा शिक्षा क्षेत्र – की समस्याओं एवं आवश्यकताओं पर चर्चा की। देवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि वे–लंबे समय से शिक्षा क्षेत्र से जुड़े हुए हैं और शिक्षकों के हितों से–संबंधित विषयों को लगातार उठाते रहे हैं। उनके अनुसार, शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के साथ–साथ शिक्षकों



की समस्याओं, सम्मान, सेवा–सुविध गाओं एवं अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी ढंग से कार्य करने की आवश्यकता है। दौरे के दौरान उन्होंने विद्यालय एवं महाविद्यालय के शिक्षकों से संवाद करते हुए आगामी शिक्षक निर्वाचन से संबंधित अपनी उम्मीदवारी की जानकारी साझा की और अपने विचार एवं प्राथमिकताएं उनके समक्ष रखीं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों से जुड़े विषयों को उचित मंच पर उठाना और उनके साथ निरंतर संवाद बनाए रखना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। इस अवसर पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों के शिक्षक एवं शिक्षण समुदाय से जुड़े लोग उपस्थित रहे। देवेंद्र कुमार सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों के सुझावों और विचारों को वे अपने आगामी कार्यों में महत्वपूर्ण स्थान देंगे।

## ईंट बालू हटाने को लेकर भाई ने की भाई के साथ मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के मलाक पिंजरी गांव में ईंट बालू हटाने को लेकर दो भाइयों में आपस में मारपीट हो गई, पीड़ित भाई की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के मलाक पिंजरी गांव निवासी सदाशिव पाण्डेय पुत्र चंद्र भवन पांडेय ने मंझनपुर पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीस सितंबर की रात आठ बजे के करीब घर में रखे ईंट बालू को हटाने के लिए उसने अपने भाई से कहा। पीड़ित का आरोप है कि इस दौरान उसका भाई घर में घुसकर मारपीट करते हुए चोटिल कर दिया और गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा।

# हथगाम में सपा छात्रसभा का पीडीए वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

**नपा चेयरमैन मुन्ना बाबू सहित सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव अब्दुल राफे मुख्य रूप से रहे उपस्थित**

प्रातःकाल एक्सप्रेस

हथगामध्फतेहपुर। नगर पंचायत हथगाम परिसर में बुधवार को समाजवादी पार्टी की छात्रसभा की ओर से पीडीए वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र यादव उर्फ मुन्ना बाबू और छात्रसभा जिलाध्यक्ष सुशील यादव के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में छात्रसभा जिलाध्यक्ष सुशील यादव ने कहा कि पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण के साथ आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सामाजिक सहभागिता और आपसी भाईचारे को मजबूत करने पर भी चर्चा हुई। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र यादव उर्फ मुन्ना बाबू ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इस दौरान प्रमुख रूप से उपस्थित हुए सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव अब्दुल राफे ने कहा कि हर क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ उनकी देखभाल भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस दौरान उपस्थित सपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

**रथ यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं ने की चर्चा**

कार्यक्रम के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा हुई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की आज की प्रस्तावित रथ यात्रा, जो रायबरेली से शुरू होगी, में शामिल होने को लेकर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विचार–विमर्श किया। कार्यक्रम में सपा जिला सचिव सुभाष कुमार यादव, सपा एससी सभा के जिला महासचिव कमलेश चौधरी, उग्रसेन यादव, अंजला, गुरु प्रसाद समेत अन्य कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# निपुण भारत मिशन के तहत असोथर में 526 शिक्षकों और शिक्षामित्रों ने लिया प्रशिक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

असोथर/फतेहपुर। बेसिक शिक्षा में गुणात्मक सुधार और निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों को धरातल पर उतारने के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र असोथर में आयोजित पांच दिवसीय एफएलएन (बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता) प्रशिक्षण का समापन हुआ। प्रशिक्षण में विकासखंड क्षेत्र के 119 परिषदीय विद्यालयों के 526 शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों ने 11 चक्रों में प्रतिभाग किया।

प्रत्येक चक्र में 50 प्रतिभागियों को पांच दिनों तक बुनियादी शिक्षा को नवाचार से जोड़ने के विभिन्न तरीके बताए गए। संदर्भदाता विक्रम सिंह भदौरिया ने भाषा शिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए कहानी, कविता, खुले छोर वाले प्रश्नों और विभिन्न गतिविधियों के समन्वय पर जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान गणित को खेल–खेल में सरल बनाने, प्रिंट समृद्ध वातावरण तैयार करने, आकर्षक टीएलएम के प्रयोग तथा शिक्षक संदर्शिका और कार्यपुस्तिका के माध्यम से कक्षा शिक्षण को प्रभावी बनाने की जानकारी दी गई। इसके अलावा पठन संस्कृति, कैच–अप शिक्षण, समग्र विकास प्रपत्र और सतत मूल्यांकन की नवीन तकनीकों का भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी गौरव



मिश्रा ने शिक्षकों को उनके दायित्वों के प्रति सजग करते हुए प्रशिक्षण में प्राप्त तकनीकों को विद्यालयों में प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया। शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनुराग मिश्रा और वरिष्ठ शिक्षक जनार्दन त्रिपाठी ने विद्यालयों के कायाकल्प और बेहतर शैक्षिक वातावरण के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर ललितेश त्रिवेदी, प्रभात गुप्ता, एआरपी टीम असोथर एवं एलएलएफ टीम समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय पनाहनगर में निःशुल्क स्पोर्ट्स ड्रेस एवं आईकार्ड का वितरण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। प्राथमिक विद्यालय पनाहनगर, विकासखण्ड बाबागंज में बुधवार, 23 सितम्बर 2026 को विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क स्पोर्ट्स ड्रेस एवं आईकार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेलकूद के प्रति रुचि बढ़ाने, अनुशासन की भावना विकसित करने तथा विद्यालय में एकरूपता एवं सकारात्मक वातावरण को प्रोत्साहित करना रहा।





कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दशरथ पटेल, प्रधान प्रतिनिधि, ग्रामसभा पनाहनगर तथा विशिष्ट अतिथि बबलू सोनी, एकेडमिक रिसोर्स पर्सन, बाबागंज उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को स्पोर्ट्स ड्रेस एवं आईकार्ड वितरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दशरथ पटेल ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षा के साथ–साथ खेलकूद का भी महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के हित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

विशिष्ट अतिथि बबलू सोनी ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से खेल गतिविधियों में प्रतिभाग करने तथा शिक्षा के साथ अपने व्यक्तित्व के समग्र विकास पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अतीक अहमद फारूकी, सहायक अध्यापक जय प्रकाश वर्मा,कृष्ण नारायण पाण्डेय, आशुतोष तिवारी एवं श्यामली वर्मा तथा शिक्षामित्र अमृतलाल, संजू देवी एवं मनीषा देवी उपस्थित रहे।

विद्यालय परिवार द्वारा विद्यार्थियों को निःशुल्क स्पोर्ट्स ड्रेस एवं आईकार्ड उपलब्ध कराए जाने से बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खेल एवं शैक्षिक गतिविधियों में बढ़–चढ़कर सहभागिता करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

# प्राथमिक विद्यालय पूरे हरकेश में शिक्षा चौपाल का सफल

## आयोजन- बच्चों के शैक्षिक स्तर और विभागीय सुविधाओं पर हुई विस्तृत चर्चा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़ ।विकास खण्ड बाबागंज के प्राथमिक विद्यालय पूरे हरकेश परिसर में आज एक शिक्षा चौपाल का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी बाबागंज, आशीष मिश्र के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसकी देखरेख और संयोजन ए.आर.पी. बबलू सोनी एवं ए.आर.पी. विनोद कुमार यादव द्वारा किया गया।

शिक्षा चौपाल का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के शैक्षिक स्तर में सुधार लाना, उन्हें मिलने वाली सरकारी योजनाओं व सुविधाओं की समीक्षा करना तथा अभिभावकों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना रहा।

आयोजन के प्रमुख बिंदु :– छक्षावार शैक्षिक स्तर की समीक्षा:– कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक कक्षा के बच्चों के सीखने की क्षमता, निपुण भारत मिशन के तहत उनके पठन–पाठन के स्तर और प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई।

विभागीय सुविधाएं एवं समस्याएं:– विद्यार्थियों को मिलने वाली निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों, यूनिफॉर्म, डीबीटी धनराशि तथा मध्याह्न भोजन जैसी विभागीय सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया गया और अभिभावकों से उनकी समस्याएं सुनकर त्वरित समाधान का आश्वासन दिया गया।

शिक्षकों के दायित्व एवं चुनौतियां:– विद्यालय के अध्यापकों के शिक्षण दायित्वों, दैनिक अध्यापन में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों तथा उनके समाधान पर ए.आर.पी. टीम और शिक्षकों के बीच सकारात्मक वार्ता हुई।

छकार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय पूरे हरकेश का समस्त शिक्षक स्टाफ, भारी संख्या में छात्र–छात्राओं के अभिभावक एवं स्थानीय ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्रामीणों और अभिभावकों ने शिक्षा चौपाल की इस पहल की सराहना करते हुए विद्यालय के विकास और बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए पूर्ण सहयोग देने का संकल्प व्यक्त किया।

# सांसद ने नीट परीक्षा में सफल छात्रा जान्हवी अग्रहरि को किया सम्मानित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

देवीगंज कौशाम्बी। नगर पंचायत अजुहा की रहने वाले



संतोष कुमार अग्रहरि की पुत्री जाह्नवी अग्रहरि व स्वरांजलि अग्रहरि ने निट परीक्षा क्वालीफाई किया था, दोनों बहनों की इस सफलता से बुधवार को अजुहा कस्बे के वार्ड नं 12 अग्रहरि धर्मशाला में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कौशांबी सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने नीट में सफल होने वाले छात्रा जाह्नवी अग्रहरि व स्वरांजलि अग्रहरि को सम्मानित किया और छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि प्रतिभावान छात्र–छात्राओं से जिला गौरवान्वित हुआ है। ये मेधावी अन्य छात्र छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। इस दौरान सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने प्रतिभावान छात्रा जान्हवी अग्रहरि व स्वरांजलि अग्रहरि को पुष्प गुच्छ देकर, साल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संतोष कुमार अग्रहरि , सपा के प्रदेश सचिव आनंद मोहन सिंह पटेल, विधानसभा अध्यक्ष शहनवाज अहमद , वीरेंद्र कुमार उर्फ विक्की साहू , दौलत राम पंडा , अशोक कुमार अग्रहरि , राकेश अग्रहरि सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## जेन जी कनेक्ट यात्रा पहुँची प्रतापगढ़, कुंडा में हुआ भव्य स्वागत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़ ।जस्टिस मोर्चा की जेन जी कनेक्ट यात्रा अपने 35वें दिन मंसूराबाद से आगे बढ़ते हुए प्रतापगढ़ पहुँची। यात्रा के दौरान कुंडा बाजार में कांग्रेस पार्टी के नेता संदीप त्रिपाठी के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने यात्रा का स्वागत किया। युवाओं ने शिक्षा, रोजगार, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था और समान



अवसर के सवालों को लेकर स्थानीय लोगों से संवाद किया। कुंडा के स्वागत कार्यक्रम में विजय शंकर त्रिपाठी (पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष), रामखेलावन सरोज, मो. यूसुफ, मुन्ना यादव, गोविंद सरोज, बच्चा मौर्य, संतोष प्रजापति, संगम लाल मिश्रा (किसान यूनियन अध्यक्ष), सत्यम तिवारी, गौरव, संगम सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे। यात्रा का आज का पड़ाव परियावाँ में हुआ, जहाँ युवाओं और स्थानीय लोगों के साथ शिक्षा एवं रोजगार के मुद्दों पर चर्चा की गई। यात्रा ने हाल के दिनों में कुंडा विधायक द्वारा जंतर–मंतर पर चल रहे आंदोलन को लेकर की गई टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उसकी कड़े शब्दों में भर्त्सना की। यात्रा के सदस्यों ने कहा कि युवाओं के लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए हुए आंदोलन पर सवाल उठाने वाले लोग असल में जेन जी आंदोलन से भयभीत हैं। जेन जी कनेक्ट यात्रा का उद्देश्य युवाओं के बीच जाकर उनके मुद्दों पर चल रहे आंदोलनों को एक मंच पर लाना का है। प्रतापगढ़ में यात्रा के दौरान टीम ने जर्जर सरकारी स्कूलों और अनियमित रूप से संचालित महाविद्यालयों की स्थिति का भी जायजा लिया। यात्रा के सदस्यों ने कहा कि इन संस्थानों से संबंधित समस्याओं और निरीक्षण के दौरान सामने आई स्थितियों की सूची तैयार कर जिले के अधिकारियों को सौंपी जाएगी। यात्रा 24 सितंबर को परियावाँ से आगे बढ़ते हुए रायबरेली जिले में प्रवेश करेगी।

## राजकीय महाविद्यालय सिराथू में सेवा संकल्प कार्य योजना के तहत हुआ कार्यक्रम

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कड़ा कौशाम्बी । राजकीय महाविद्यालय सिराथू में बुधवार को श्सेवा संकल्प कार्य योजना श्के तहत भारतीय संस्कृति और विरासत पर भाषण प्रतियोगिता ,क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर संजय प्रसाद शर्मा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती प्रतिमा के दीप प्रज्ज्वलन से हुई । कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र–छात्राओं की भाषण प्रतियोगिता , क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें छात्र–छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया भाषण प्रतियोगिता के परिणाम में प्रथम स्थान प्रकाश मालवीय बीएससी तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान हिमांशी साहू बीएससी प्रथम सेमेस्टर ,तृतीय स्थान गजेंद्र चौधरी बीएससी फर्स्ट सेमेस्टर रहे। भारतीय संस्कृति पर क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए थर्ड सेमेस्टर की छात्रा ईमा तिवारी ,द्वितीय स्थान आर्यन पाल बीएससी फर्स्ट सेमेस्टर ,तृतीय स्थान अन्या केशरवानी बीकॉम फर्स्ट सेमेस्टर को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विभिन्न शिक्षकों ने भारतीय संस्कृति के विभिन्न आयामों और उसकी विरासत पर चर्चा की। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर संजय प्रसाद शर्मा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन, समृद्ध और जीवंत संस्कृतियों में से एक है। जहाँ दुनिया की कई पुरानी सभ्यताएँ समय के साथ लुप्त हो गईं, वहीं भारतीय संस्कृति हजारों वर्षों के बाद भी अपने मूल स्वरूप में बनी हुई है। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रोफेसर मीरा पाल,प्रोफेसर स्मिता पाल, प्रोफेसर संदीप कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर इंगलेश भारतीय, डॉ विकास चंद्र, डॉक्टर धर्मेंद्र, डॉ नमन कृष्ण, डॉ चंद्र प्रकाश, डॉ विपुल सिंह, जय प्रकाश, आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन का कार्य एसोसिएट प्रोफेसर इंगलेश भारतीय ने किया।

## समूह उत्पादों की ब्रांडिंग और विपणन पर जोर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। मुख्य विकास अधिकारी ने बुधवार को विकास भवन सभागार में उपायुक्त स्वतः रोजगार, जिला मिशन प्रबंधकों और 52 संकुल स्तरीय संघों के पदाधिकारियों के साथ स्वयं सहायता समूहों की आजीविका गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने समूह उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग, ब्रांडिंग, बिक्री और विपणन को बेहतर बनाने



के निर्देश दिए। मिलेट्स एवं जैविक खेती से तैयार उत्पादों के आकर्षक फोटो–वीडियो बनाकर सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार–प्रसार करने पर जोर दिया गया। सीडीओ ने बाजार की मांग के अनुसार पैकिंग व डिजाइन तैयार करने, उत्पादों के बास्केट और गिफ्ट पैक बनाने तथा ऑनलाइन बाजार में उपलब्ध समान उत्पादों के दाम का अध्ययन कर उचित मूल्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। ऑर्गेनिक मसाला, चाय समेत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि समूह की महिलाओं को उत्पादन के साथ पैकेजिंग, ब्रांडिंग, मार्केटिंग और बिक्री से जोड़कर उनकी आय बढ़ाना तथा उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाए।

## ट्रेन की जद में आने से अधेड़ महिला की मौत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । कोखराज थाना क्षेत्र के नौडिया गांव के पास ट्रेन की जद में आने से अधेड़ महिला की मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोखराज थाना क्षेत्र के नौडिया गांव के नजदीक रेलवे ट्रैक पर बुधवार की दोपहर लगभग 52 वर्षीय एक महिला ट्रेन की जद में आ गई और महिला की मौत हो गई, आसपास मौजूद लोगो ने देखा तो पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त नौडिया गांव निवासी मिथलेश देवी पत्नी जागेश्वर 52 वर्ष के रूप में करते हुए औपचारिकता पूरी कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों के मुताबिक महिला मानसिक रूप से ठीक नहीं थी जिसके चलते ट्रेन की जद में आ गई, महिला की मौत की खबर पर घर परिवार में रोना पीटना मचा है।

# सहिजना गांव में फैले बुखार के दृष्टिगत सीएमओ ने किया निरीक्षण, मृतकों के परिजनों से की मुलाकात

**गांव में पसरी गंदगी और दूषित पानी को देख डीपीआरओ से की वार्ता**

**स्वास्थ्य शिविर में 156 मरीजों का हुआ परीक्षण, एक में मलेरिया व एक अन्य में टाइफाइड की पुष्टि, जांच तेज करने के आदेश**

डॉक्टर रईस अहमद उस्मानी

प्रातः काल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी २३ सितम्बर जिले के मोहम्मदी ब्लॉक स्थित ग्राम सहिजना में बुखार के बढ़ते मामलों और मौतों को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संतोष गुप्ता ने ग्राम प्रधान व स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ गांव का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। पाया गया कि गांव में जिन तीन लोगों की मृत्यु होने की बात कही जा रही है उनमें से एक व्यक्ति की कहीं बाहर मृत्यु हुई है और वह काफी समय से वहीं रह रहा था। वही दो अन्य मृत्यु के बीच में करीब 16 दिन का अंतर है जो सूचना प्रसारित की जा रही है वह पूरी तरह निराधार है।

उन्होंने गांव में फैली गंदगी व दूषित पेयजल आपूर्ति पर गहरी चिंता जताते हुए बीमारियों की रोकथाम के लिए युद्धस्तर पर कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

बुधवार को सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने ग्राम प्रधान करण यादव, जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर और मोहम्मदी सीएचसी अधीक्षक सचिन गुप्ता के साथ सहिजना गांव का दौरा किया। कई स्थानों पर गंदगी मिली। पीने के पानी की सप्लाई लाइन नालियों से होकर गुजरती पाई गई और कुछ जगह नालियां भी गंदीं थीं । इसके अलावा गांव से सटे एक तालाब के आसपास काफी गंदगी जमा थी और गांव के बाहर सूअरों का बाड़ा भी मौजूद था, जो संक्रामक बीमारियों को दावत दे रहा है।



उन्होंने बताया कि परिजनों से हुई वार्ता के उपरांत गांव में 23 वर्षीय अर्चना की मृत्यु टाइफाइड व इन्फेक्शन के कारण प्रथम दृष्टया होना पाया गया, जिसकी मृत्यु 28 अगस्त 2026 को हुई थी, वहीं 17 वर्षीय प्रतिभा के परिजनों से बात करने पर पता चला कि उसे 13 सितम्बर 2026 की सुबह बुखार आया था, किसी स्थानीय डॉक्टर को दिखाया था और उसके बाद 13 व 14 सितंबर की रात उसकी तबीयत और बिगड़ जाने के बाद शाहजहांपुर ले जाते समय उसकी मृत्यु हुई है। प्रथम दृष्टया यह मृत्यु एक्यूट एब्डोमेन के कारण होना पाया गया है।

**बीमारी रोकने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश**

हालात का जायजा लेने के बाद सीएमओ ने तत्काल फोन पर डीपीआरओ (जिला पंचायत राज अधिकारी) से बात की और गांव में सफाई व्यवस्था कराने को कहा, ताकि बीमारियों को फैलने से रोका जा सके। मच्छरों का प्रजनन रोकने के लिए पूरे गांव में फॉगिंग कराने के डीएमओ को निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, डोर–टू–डोर सर्वे कर टीकाकरण करने और जिन लोगों को दो सप्ताह से अधिक समय से बुखार है, उनकी तत्काल जांच करने को कहा गया है। सीएचसी अधीक्षक को मलेरिया, डेंगू, टाइफाइड और जेई (जापानी इन्सेफेलाइटिस) की जांच के लिए सैंपल इकट्ठा करने के निर्देश दिए गए हैं। सीएमओ ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे पीने के लिए पानी को उबालकर ही इस्तेमाल करें या फिर सरकारी हैंडपंप के पानी का ही उपयोग करें।

**स्वास्थ्य शिविर में 156 लोगों को मिला इलाज**

गांव में मरीजों की पहचान और इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर में 156 लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं और 130 लोगों की जांच हुई, जिसमें एक मरीज में मलेरिया व एक में टाइफाइड की पुष्टि हुई है। ग्रामीणों के बीच क्लोरीन की गोलियों का वितरण भी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, पांच दिन पहले भी गांव में एंटी–मलेरिया स्प्रे करवाया गया था। हालात को नियंत्रण में रखने के लिए गुरुवार को भी गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जारी रहेगा।

## राष्ट्रवादी मंच का स्थापना दिवस 27 सितंबर को

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। सेवा, सुरक्षा, संस्कार और संघर्ष के उद्देश्य से कार्यरत राष्ट्रवादी मंच अपने स्थापना के तीन वर्ष पूरे होने पर



स्थापना दिवस समारोह आयोजित करेगा। कार्यक्रम 27 सितंबर 2026, रविवार को शाम 5 बजे से लालडिग्गी स्थित मिलन पैलेस में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रवादी मंच के संस्थापक मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि संगठन गरीब, असहाय, मजदूर, किसान, नौजवान और व्यापारियों के हितों के लिए कार्य करता है। संगठन का उद्देश्य समाजहित और राष्ट्रहित से जुड़े मुद्दों को लेकर लोगों के अधिकारों की आवाज उठाना है। उन्होंने लोगों से स्थापना दिवस समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। संगठन का संदेश संगठित समाज, सशक्त राष्ट्र, विकसित भारत है।

## आम आदमी पार्टी ने नगर विधानसभा में शुरू किया मोहल्ला प्रमुख एवं बूथ कमेटियों के गठन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। आम आदमी पार्टी ने आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर नगर विधानसभा में अपनी तैयारी शुरू कर दी है। आम आदमी पार्टी ने मिर्जापुर नगर विधानसभा के सभी मोहल्लों में मोहल्ला प्रमुख एवं मोहल्ले की कमेटियों तथा बूथ



कमेटियों के गठन की औपचारिक शुरुआत कर दी है। इसके तहत आज मिर्जापुर नगर विधानसभा के पांच मोहल्लों और पांच बूथों पर कमेटी गठन का कार्य किया गया। जिसमें 21 पदाधिकारियों को मोहल्ला प्रमुख और बूथ कमेटियों की जिम्मेदारी दी गई। इन पदाधिकारियों का कार्य सिर्फ मोहल्ले के नागरिकों की समस्याओं का समाधान और उनसे संपर्क करना रहेगा, तथा चुनाव में अपने–अपने मोहल्ले के मतदाताओं को अधिक से अधिक आम आदमी पार्टी के पक्ष में मतदान कराने की जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रमाशंकर साहू, प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी प्रयागराज, इलियास मंसूरी नगर अध्यक्ष आम आदमी पार्टी, राजेश श्रीवास्तव नगर उपाध्यक्ष, अजय कुमार कुशवाहा, राजेंद्र कुमार, रत्ना जगत नाथ, रमेश प्रजापति, दीनानाथ, आकाश रत्ना, पारसनाथ, विजय कुमार गुप्ता, विशाल सिंह इत्यादि पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संग्रामगढ़ इंटर कॉलेज पहुंची विज्ञान बस, विद्यार्थियों ने प्रयोगों से समझे विज्ञान के रहस्य

प्रातःकाल एक्सप्रेस

संग्रामगढं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद व आईआईटी कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम  विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में संचालित विज्ञान बस बुधवार को इंटरमीडिएट कॉलेज संग्रामगढ़ पहुंची। जिला विज्ञान क्लब प्रयागराज की ओर से पहुंची विज्ञान बस में विद्यार्थियों को विज्ञान से जुड़े विभिन्न प्रयोगों और तकनीकी गतिविधियों की जानकारी दी गई।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को सुरक्षा की जानकारी

**हेल्पलाइन नंबर बताए, कानूनी अधिकार और साइबर अपराधों से बचाव के उपाय सिखवाए**

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। मिशन शक्ति फेज–5 के दूसरे चरण में भदोही पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के निर्देश पर यह अभियान बाजारों, सार्वजनिक जगहों और ग्रामीण–शहरी इलाकों में चलाया गया।

इस अभियान के तहत सैकड़ों महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण, कानूनी अधिकारों और अपराधों से बचाव के तरीकों के बारे में बताया गया।



उन्हें 181 (महिला हेल्पलाइन), 1090 (महिला शक्ति लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 112 (इमरजेंसी हेल्पलाइन) और 1076 (पुलिस कंट्रोल रूम) जैसे जरूरी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

इसके अलावा, UPCOP ऐप से पुलिस सेवाओं का तुरंत फायदा उठाने और सोशल मीडिया पर होने वाले साइबर अपराधों जैसे फिशिंग, साइबर स्टॉकिंग, फर्जी प्रोफाइल से धोखाधड़ी से बचने के तरीके भी सिखाए गए। महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों जैसे च्ब्ैव् एक्ट (बाल यौन शोषण से बचाव), दहेज निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम और साइबर अपराधों से जुड़े सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के बारे में भी बताया गया।

उत्तर प्रदेश पुलिस मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान लगातार चला रही है। इसका मकसद समाज में महिलाओं को सशक्त और सुरक्षित महसूस कराना, साथ ही अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना है।  भदोही पुलिस ने सभी महिलाओं और बालिकाओं से अपील की है कि किसी भी तरह की असुरक्षा या अपराध होने पर वे तुरंत नजदीकी पुलिस थाने या ऊपर बताए गए हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने किसानों को दी योजनाओं की जानकारी : अनिरुद्ध त्रिपाठी बोले- पहले माफियाओं के कारण नहीं मिलता था योजनाओं का लाभ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने एक कार्यक्रम में बताया कि पहले पहचान के आधार पर योजनाओं का लाभ मिलने की शिकायतें आती थीं। उन्होंने कहा कि जिले में माफियाओं के प्रभाव के कारण उनके लोग योजनाओं पर कब्जा जमाए रहते थे। उन्होंने बताया कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार किसानों, महिलाओं, युवाओं, गरीब परिवारों, बुजुर्गों और जरूरतमंदों तक विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से सहायता पहुंचा रही है। इस दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आवास, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, मुद्रा, फसल बीमा और गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी कई केंद्रीय योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही, प्रदेश की कन्या सुमंगला, सामूहिक विवाह, युवा स्वरोजगार, व्क्व्, पेंशन और कृषक दुर्घटना कल्याण जैसी योजनाओं के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में



सीडीओ बाल गोविंद शुक्ल, सहकारिता विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और किसान मौजूद थे। इस मौके पर 23 सितंबर को आयुर्वेद दिवस भी मनाया गया। जिला सहकारी बैंक लिमिटेड वाराणसी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मिलिंद और जिला कार्यक्रम संयोजक/अध्यक्ष सुमन अजय भी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना का शुभारंभ, किसानों को बांटे ऋण चेक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ से मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना और भारत टैक्सी सेवा का शुभारंभ किया। इसका सजीव प्रसारण जिला सहकारी बैंक सभागार में आयोजित जनपदीय कार्यक्रम में किया गया।



कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के तहत पांच लाभार्थियों और सीएम युवा रोजगार योजना के पांच लाभार्थियों को ऋण के चेक वितरित किए। अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत लघु एवं सीमांत किसानों को 6 लाख रुपये तक का दीर्घकालीन ऋण 6 प्रतिशत प्रभावी ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जाएगा। समय से किस्त जमा करने वाले पात्र किसानों को राज्य सरकार की ओर से ब्याज अनुदान का लाभ मिलेगा।

प्रदेश सरकार ने योजना के लिए 384 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं और अगले पांच वर्षों में करीब 5 लाख किसानों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है।

इसी अवसर पर भारत टैक्सी सेवा का भी शुभारंभ किया गया। यह सहकारी व्यवस्था पर आधारित डिजिटल राइड–हेलिंग सेवा है, जिसका उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित व किफायती परिवहन उपलब्ध कराने के साथ चालकों को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर देना है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक नगर रत्नाकर मिश्र, विधायक मझवां सुचिस्मिता मौर्या, चेयरमैन सहकारिता डा0 जगदीश सिंह पटेल, सभापति, जिला सहकारी बैंक लि0, मिर्जापुर, विपुल सिंह उपसभापति जिला सहकारी बैंक लि0 मिर्जापुर, प्रमोद कुमार सिंह अध्यक्ष एल0डी0बी0 मीरजापुर, शिवपूजन सिंह अध्यक्ष एल0डी0बी0 लालगंज, अशोक कुमार अध्यक्ष एल0डी0बी0 चुनार मीरजापुर, हरिशंकर सिंह, सियाराम बिन्द संचालक पालक जिला सहकारी बैंक लि0 मिर्जापुर, योगेन्द्र पाल सिंह संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबन्धक सहकारिता विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर, अमित कुमार पाण्डेय सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

## जनपद न्यायालय मिर्जापुर में दुकान संख्या–08 की 30 सितंबर को होगी नीलामी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । आसिफ इकबाल रिजवी अध्यक्ष, नीलामी समिति अपर जनपद न्यायाधीश कक्ष संख्या–06 जनपद न्यायालय मिर्जापुर ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि जनपद न्यायालय मिर्जापुर के परिसर में स्थित दुकान संख्या–08 साइकिल स्टैंड की नीलामी वर्ष 2026–27 की शेष अवधि अंतिम 6 माह हेतु योजित किया जाता है। दुकान संख्या–08, साइकिल स्टैंड की न्यूनतम धरोहर धनराशि ध्10000, रिजर्व बिड की धनराशि 46750 रुपए एवं अवधि 01 अक्टूबर 2026 से 31 मार्च 2027 तक 06 माह के लिए होगी।  दुकान की नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभा किए जाने हेतु इच्छुक व्यक्ति धरोहर धनराशि रुपया 10000ध– नगद में प्रार्थना पत्र दिनांक 24.09.2026 के प्रातः 10 बजे से दिनांक 29.09.2026 को शाम 4रू00 बजे तक नजारत अनुभाग में जमा कर सकते हैं। खुली बोली की कार्यवाही नियमानुसार दिनांक 30 सितंबर 2026 को शाम 4 बजे जनपद न्यायालय मिर्जापुर स्थित मीटिंग हॉल में होगी।  नीलामी प्रक्रिया के संबंध में अधिक जानकारी हेतु केंद्रीय नाजिर जनपद न्यायालय मिर्जापुर से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान प्राप्त की जा सकती है। जनपद न्यायाधीश मिर्जापुर को किसी भी बोली को बिना कोई कारण बताएं निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

## गांधी जयंती की तैयारियों को लेकर डीएम ने बैठक कर की चर्चा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता 02 अक्टूबर 2026 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जंयती को भव्य रूप से मनाए जाने के दृष्टिगत विभागीय अधिकारियों, स्वंय सेवी संगठनों व गणमान्य नागरिकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर कार्यक्रम की रूप



रेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।  जिलाधिकारी ने कहा कि गांधी जयंती दिवस मनाया जाना एक महज एक औपचारिकता नहीं बल्कि महात्मा गांधी के विचारों को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प है। उन्होंने सभी विभागों व स्वंय सेवी संगठनों, व्यापार संगठन व गणमान्य नागरिकों से आपसी समन्वय से कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि 02 अक्टूबर के दिन सभी ग्राम पंचायतों, विद्यालयों, कार्यालयों, नगर निकायों में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जाए।  सभी कार्यालयों में महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सर्व धर्म प्रार्थना का आयोजन किया जाए तथा घंटाघर में खादीग ग्रामोद्योग की प्रदर्शनी व विद्यालयों में गांधी जी के जीवन पर आधारित निबंध चित्र कला प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित किया जाए। शहीद उद्यान में शहीदों के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा जिसकी तैयारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर द्वारा की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि०ध्रा० विनोद कुमार सिंह ने कार्यक्रम की रूप रेखा पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी राम उदय यादव व स्वंय संगठनां के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## जेन जी कनेक्ट यात्रा पहुँची प्रतापगढ़, कुंडा में हुआ भव्य स्वागत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़ |जस्टिस मोर्चा की जेन जी कनेक्ट यात्रा अपने 35वें दिन मंसूराबाद से आगे बढ़ते हुए प्रतापगढ़ पहुँची। यात्रा के दौरान कुंडा बाजार में कांग्रेस पार्टी के नेता संदीप त्रिपाठी के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने यात्रा का स्वागत किया। युवाओं ने शिक्षा, रोजगार, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था और समान अवसर के सवालों को लेकर स्थानीय लोगों से संवाद किया। कुंडा के स्वागत कार्यक्रम में विजय शंकर त्रिपाठी (पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष), रामखेलावन सरोज, मो. यूसुफ, मुन्ना यादव, गोविंद सरोज, बच्चा मौर्य, संतोष प्रजापति, संगम लाल मिश्रा (किसान यूनियन अध्यक्ष), सत्यम तिवारी, गौरव, संगम सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे। यात्रा का आज का पड़ाव परियावाँ में हुआ, जहाँ युवाओं और स्थानीय लोगों के साथ शिक्षा एवं रोजगार के मुद्दों पर चर्चा की गई |यात्रा ने हाल के दिनों में कुंडा विधायक द्वारा जंतर–मंतर पर चल रहे आंदोलन को लेकर की गई टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उसकी कड़े शब्दों में भर्त्सना की। यात्रा के सदस्यों ने कहा कि युवाओं के लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए हुए आंदोलन पर सवाल उठाने वाले लोग असल में जेन जी आंदोलन से भयभीत हैं। जेन जी कनेक्ट यात्रा का उद्देश्य युवाओं के बीच जाकर उनके मुद्दों पर चल रहे आंदोलनों को एक मंच पर लाने का है।  प्रतापगढ़ में यात्रा के दौरान टीम ने जर्जर सरकारी स्कूलों और अनियमित रूप से संचालित महाविद्यालयों की स्थिति का भी जायजा लिया। यात्रा के सदस्यों ने कहा कि इन संस्थानों से संबंधित समस्याओं और निरीक्षण के दौरान सामने आई स्थितियों की सूची तैयार कर जिले के अधिकारियों को सौंपी जाएगी।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79–ए–मोतीलाल नेहरू रोड, जिला–प्रयागराज –211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79–ए–मोतीलाल नेहरू रोड, जिला–प्रयागराज –211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक

फिरदौस फातिमा

मो.9451721210

UPHIN/2015/61843

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

# ज्ञानेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए : संजय सिंह

## दो चुनाव आयुक्तों की 14 बार असहमति के बावजूद वोटर लिस्ट से छेड़छाड़

लखनऊ,संवाददाता। आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली, फॉर्म–6 में किए गए गैर–कानूनी बदलावों और देश की कानून–व्यवस्था को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। बुधवार को सोशल मीडिया के माध्यम से बयान जारी करते हुए सांसद संजय सिंह ने कहा कि देश में लोकतंत्र पूरी तरह खतरे में है। चुनाव आयोग के अंदर दो चुनाव आयुक्तों ने 14 बार असहमति दर्ज कराते हुए फॉर्म–6 में बदलाव और वोटों के जोड़ने–घटाने की केंद्रीकृत व्यवस्था को गैर–कानूनी बताया, लेकिन इसके बावजूद मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तानाशाही रवैया अपनाते हुए एकतरफा फैसले ले रहे हैं। सांसद संजय सिंह ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा वोटों को डिलीट करने और जोड़ने का जो नया केंद्रीकृत फॉर्मूला लागू किया गया है, उस पर खुद दो चुनाव आयुक्तों ने 14 बार लिखित विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने साफ कहा था कि आपका यह तरीका गलत है और राज्यों के स्थानीय अधिकारियों




(एसडीएम आदि) से अधिकार छीनकर मनमाने ढंग से नाम काटना पूरी तरह असंवैधानिक है। संजय सिंह ने कहा कि जब आयोग के अंदर ही दो आयुक्त इसे गलत बता रहे हैं, तो ज्ञानेश कुमार किसके इशारे पर यह मनमानी कर रहे हैं? आज किसी भी विधानसभा में 50,000 वोट काट दिए जाते हैं और भाजपा 5,000 वोटों से जीतकर अपनी जीत का ढोल पीटने लगती है। यह कोई चुनाव नहीं, बल्कि मोदी, अमित शाह और ज्ञानेश कुमार की मिलीभगत से की जा रही वोटों की खुली लूट है। संजय सिंह ने कहा कि यह नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता नहीं, बल्कि उनकी श्लूटप्रियताश है जिसके दम पर चुनाव जीते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि फॉर्म–6 के नियमों को जानबूझकर इतना जटिल बनाया गया है ताकि आम नागरिक इसे पूरा ही न कर सके। बंगाल में 60 लाख नाम काट दिए गए, 27 लाख नाम पेंडिंग रखे गए और बाद में हलफनामा देकर माना कि 93 फीसदी नाम बिल्कुल सही थे। उन्होंने सवाल किया कि जिन लाखों वैध नागरिकों को मताधिकार से वंचित किया गया, उस अपराध के लिए जेल कौन जाएगा? उन्होंने कहा कि दिल्ली में पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, पूर्व सेना प्रमुख, विदेश मंत्री, विदेश सचिव, तीन बार के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व उनके परिवार, मनीष सिसोदिया और कपिल सिब्बल तक के नाम काट दिए गए। यहां तक कि चुनाव आयुक्त संधू का नाम भी लिस्ट से गायब कर दिया गया। जब देश के शीर्ष पदों पर रहे लोगों के साथ यह हो सकता है, तो आम जनता के मताधिकार की क्या बिसात? आप सांसद ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट इस पूरे मामले में आंख पर पट्टी बांधकर धृतराष्ट्र की भूमिका निभा रहा है। जब 93 फीसदी वोटर्स सही पाए गए थे, तो उन्हें वोट देने से क्यों रोका गया? संजय सिंह ने दो टूक मांग की कि ज्ञानेश कुमार के पद पर रहते हुए देश में कभी निष्पक्ष चुनाव नहीं हो सकते, इसलिए उन्हें तत्काल गिरफ्तार कर जेल में डाला जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने मांग की कि धांधली और वोट कटाई की आड़ में कराए गए बिहार, बंगाल, दिल्ली, हरियाणा और महाराष्ट्र समेत तमाम राज्यों के चुनाव रद्द किए जाएं और निष्पक्ष मतदाता सूची के साथ दोबारा चुनाव कराए जाएं। राजधानी दिल्ली के कालकाजी में सामने आई गैंगरेप की घटना पर बोलते हुए संजय सिंह ने कहा कि वर्ष 2014 से जब से केंद्र में भाजपा सत्ता में आई है, दिल्ली को देश की अपराध राजधानी बना दिया गया है। दिल्ली की कानून–व्यवस्था सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्रालय के अधीन है, लेकिन यहां छात्राएं, वकील और आम नागरिक सुरक्षित नहीं हैं। गैंगरेप, हत्या और गैंगवार की घटनाएं आम हो चुकी हैं और लेडी श्रीराम कॉलेज जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों को ऑफलाइन क्लास बंद करनी पड़ रही हैं। बिहार के जमुई में नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ की घटना पर सांसद ने कहा कि बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए, जिन्होंने दावा किया था कि छेड़खानी की घटना होने पर वे पद छोड़ देंगे। उन्होंने कहा कि 25 साल से सत्ता में बैठी भाजपा–जदयू आज भी अपनी नाकामियों के लिए आरजेडी का नाम लेकर रोना रोती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम आदमी पार्टी लोकतंत्र की इस लूट और भाजपा के कुशासन के खिलाफ संसद से लेकर सड़क तक मजबूती से संघर्ष जारी रखेगी।

## मायावती ने भतीजे इशान आनंद को दी बड़ी जिम्मेदारी, बसपा का बनाया नया राष्ट्रीय संयोजक

लखनऊ,संवाददाता। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने बुधवार को पार्टी अध्यक्ष मायावती के छोटे भतीजे इशान आनंद को अपना नया राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया। कुछ दिन पहले ही इशान के बड़े भाई आकाश आनंद को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था। मायावती की अध्यक्षता में यहां पार्टी मुख्यालय में हुई बसपा की राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक में इस निर्णय की घोषणा की गई। एलएलएम की पढ़ाई पूरी कर चुके इशान आनंद अपने पिता और बसपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनंद कुमार के साथ इस बैठक में मौजूद थे। इशान ने अपनी नियुक्ति के बाद अपने संबोधन में राष्ट्रीय संयोजक की जिम्मेदारी सौंपने के लिए




मायावती को धन्यवाद दिया और कहा कि वह पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। बसपा द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, इशान ने बीआर आंबेडकर और बसपा संस्थापक कांशीराम की विरासत का जिक्र करते हुए कहा कि वह पार्टी मायावती द्वारा दिखाए गए मार्ग पर काम करेंगे। इशान ने पार्टी कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि वह पार्टी की गतिविधियों को आगे ले जाएंगे और उन्हें निराश नहीं करेंगे। इससे पूर्व, तीन सितंबर को मायावती ने आकाश आनंद को मुख्य राष्ट्रीय संयोजक के पद से यह कहते हुए हटा दिया था कि आकाश आनंद को अधिक परिपक्वता की जरूरत है और उन्हें बड़ी जिम्मेदारियां देना उचित नहीं होगा। मायावती ने यह भी कहा था कि आकाश पर उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ का प्रभाव है। बसपा के पूर्व राज्यसभा सदस्य अशोक सिद्धार्थ को कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण मायावती द्वारा पार्टी से बाहर कर दिया गया था। इसके एक सप्ताह बाद उन्होंने कहा कि आकाश को पार्टी से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है। एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने अपने स्वास्थ्य के बारे में अफवाहें फैलाने का अपने भतीजे पर आरोप भी लगाया था। उन्होंने कहा था कि वह पूरी तरह फिट हैं। इशान और आकाश, पार्टी प्रमुख मायावती के छोटे भाई आनंद कुमार के बेटे हैं, जबकि दीपिका आनंद उनकी बहन हैं। उल्लेखनीय है कि मायावती ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि ना तो आकाश और ना ही इशान को पार्टी में कोई पद दिया जाएगा। लेकिन बाद में उन्होंने घोषणा की थी कि इशान को एक सम्मानजनक पद दिया जाएगा, जबकि आकाश और दीपिका पार्टी की जिम्मेदारियों से दूर रहेंगे।

## प्लॉट पर कब्जे को लेकर विवाद, 2 घायल

### निर्माण रोकने पहुंचे लोगों पर सरिया–लाठी से हमला करने का आरोप

लखनऊ,संवाददाता। मोहनलालगंज के अतरौली गांव में प्लॉट पर कब्जे को लेकर विवाद हो गया। निर्माण रोकने पहुंचे लोगों पर सरिया और लाठी से हमला करने का आरोप है। मारपीट में दो लोग घायल हुए हैं। इनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। अतरौली निवासी रमेशचंद्र द्विवेदी ने मोहनलालगंज थाने में शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि उनकी भौजाई तपेश्वरी पत्नी प्रेम कुमार द्विवेदी के घर के सामने एक प्लॉट है। यह प्लॉट उन्हें



दानपत्र के जरिए मिला है। रमेशचंद्र के मुताबिक, बुधवार को अजीत कुमार अपने बेटे और करीब छह–सात लोगों के साथ प्लॉट पर पहुंचा। आरोप है कि सभी ने कब्जे की नीयत से वहां निर्माण शुरू कर दिया। रमेशचंद्र ने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस उन्हें थाने ले गई। इसी दौरान आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने मौके पर दोबारा निर्माण शुरू कर दिया। उस समय रमेशचंद्र के दामाद सचिन तिवारी एडवोकेट और नौकर नरेश घर पर मौजूद थे। दोनों ने निर्माण का विरोध किया। शिकायत के अनुसार, विरोध करने पर अजीत कुमार, सुधीर लोधी, नरेंद्र लोधी, अमित तिवारी, धर्मेंद्र लोधी समेत अन्य लोगों ने सचिन और नरेश पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमले में सरिया, धारदार हथियार, लाठी और ईंट का इस्तेमाल किया गया। मारपीट में दोनों घायल हो गए। रमेशचंद्र ने बताया कि सचिन तिवारी को गंभीर चोटें आई हैं और उनकी हालत काफी खराब है।

## 11वें आयुर्वेद दिवस पर 1090 चौराहे से निकाली गई बाइक रैली

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी में 11वें आयुर्वेद दिवस के मौके पर बुधवार को 1090 चौराहे से बाइक रैली निकाली गई। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र कार्यक्रम में मौजूद रहे। डिप्टी सीएम ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली 1090 चौराहे से शुरू होकर जनेश्वर मिश्र पार्क तक गई। इससे पहले डिप्टी सीएम ने पूजा पाठ करके आरती भी की। इस मौके पर आयुष विभाग के अधिकारी, आयुर्वेद चिकित्सक और अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। रैली के जरिए लोगों को आयुर्वेद को अपनी दिनचर्या में शामिल करने और पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश



पाठक ने आयुर्वेद दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आयुर्वेद भारत की सदियों पुरानी चिकित्सा परंपरा है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग इलाज में तुरंत परिणाम चाहते हैं, जिसके कारण आयुर्वेद जैसी पारंपरिक पद्धतियां पीछे छूट गई हैं। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग से जुड़े चिकित्सकों और अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे आयुर्वेद की जानकारी गांव और घर–घर तक पहुंचाएं। उन्होंने लोगों से अपने खान–पान और घरेलू जीवन में मौजूद पारंपरिक चीजों के औषधीय महत्व को समझने की अपील की। पाठक ने कहा कि हल्दी, काली मिर्च, दालचीनी, जीरा और दूसरे मसालों का इस्तेमाल भारतीय घरों में लंबे समय से होता रहा है। उन्होंने फास्ट फूड के बजाय पारंपरिक भोजन और सत्तू जैसे पौष्टिक विकल्प अपनाने की बात कही। डिप्टी सीएम ने कहा कि आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी और एलोपैथी के बारे में लोगों को सही जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अलग–अलग बीमारियों में चिकित्सा पद्धतियों की भूमिका को समझना जरूरी है। उन्होंने आयुर्वेद को घर–घर तक पहुंचाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे लोगों का भरोसा भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रही है। बाइक रैली के जरिए पूरे प्रदेश में आयुर्वेद को अपनाने का संदेश देने की कोशिश की जा रही है।

## बारिश लेकर आएगी लखनऊ में संगीत, लोककला और तहजीब का रंग

### बारिश आर्ट,म्यूजिक मानसून शनिवार, 26 सितंबर 2026 को होटल क्लार्क्स अवध, लखनऊ में

लखनऊ,संवाददाता। मानसून की विदाई के साथ ही लखनऊ में एक ऐसी शाम सजने जा रही है, जो बारिश को महज एक मौसम नहीं, बल्कि संगीत, कला, किस्सागोई, शिल्प, स्वाद, खुशबू और सांस्कृतिक स्मृतियों के जीवंत उत्सव के रूप में सामने लाएगी। 'बारिश दृ आर्ट ,म्यूजिक ,मानसून ,' शनिवार, 26 सितंबर 2026 को होटल क्लार्क्स अवध, लखनऊ में अपने रंग बिखेरेगी।एक्सक्यूरेटर्स इवेंट्स द्वारा क्यूरेट एवं निर्मित यह विशेष शाम शहर की सांस्कृतिक विरासत और लखनऊ की तहजीब को एक अनूठे अनुभव में पिरोएगी। शाम की शुरुआत अस्करी नकवी की भावपूर्ण और सूफ़ियाना संगीत प्रस्तुति से होगी। इसके बाद चर्चित कवि तथा संगीत एवं सिनेमा के अध्येता यतीन्द्र मिश्र अपनी प्रस्तुति के माध्यम से संगीत, साहित्य और सिनेमा के विविध रंगों से रूबरू कराएंगे। शाम को अपनी ऊर्जावान प्रस्तुति से द कुटले खान प्रोजेक्ट आगे बढ़ाएगा, जो दर्शकों को लोक और सूफ़ी संगीत की समृद्ध परंपराओं की जीवंत यात्रा पर ले जाएगा।कार्यक्रम का संचालन वाराणसी के सौरभ चक्रवर्ती करेंगे, जो प्रस्तुतियों, संवादों और शाम से जुड़े विभिन्न अनुभवों को एक सूत्र में पिरोते हुए इस सांस्कृतिक उत्सव को आगे बढ़ाएंगे। लखनऊ में 'बारिश' का अनुभव संगीत और प्रस्तुतियों से आगे बढ़ते हुए सांस्कृतिक संवादों, 'बारिश बाजार', हस्तशिल्प, चुनिंदा खान–पान एवं पेय और विविध अनुभवात्मक गतिविधियों के माध्यम से जीवंत होगा। यह आयोजन लखनऊ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, उसकी तहजीब और जीवन के विविध रंगों को एक साझा मंच पर प्रस्तुत करेगा। दर्शकों को बारिश से जुड़ी स्मृतियों, भावनाओं, लोक परंपराओं और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों के विभिन्न रूपों से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। इन सभी अनुभवों के माध्यम से 'बारिश' सावन की बदलती मनोदशाओं और लखनऊ की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान को एक साथ पिरोते हुए ऐसी शाम रचेगी, जिसे दर्शक केवल देखेंगे और सुनेंगे नहीं, बल्कि महसूस भी करेंगे।मानसून का बहु–शहरी उत्सव 'बारिश' दिल्ली से देश के विभिन्न शहरों तक अपनी यात्रा के दौरान भारत की साझा और समन्वयी संस्कृति में बारिश की विविध अभिव्यक्तियों को तलाशता आया है। दिल्ली के सफल अध्यायों और जयपुर संस्करण के बाद अब 'बारिश' लखनऊ पहुंच रही है।एक ऐसे शहर में, जिसकी सांस्कृतिक पहचान मेहमाननवाजी, संगीत, शायरी, खान–पान, शिल्प और तहजीब की समृद्ध परंपराओं से गहराई से जुड़ी है। लखनऊ में 'बारिश' इसी सांस्कृतिक विरासत के विभिन्न रंगों को बारिश से जुड़ी स्मृतियों, भावनाओं और परंपराओं के साथ जोड़ते हुए एक अनूठा अनुभव प्रस्तुत करेगी।मिनहाल हसन, संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, एक्सक्यूरेटर्स इवेंट्स, ने कहा, ''बारिश' हमारे लिए मानसून को केवल मौसम के रूप में देखने के बजाय उसकी उन तमाम परतों को समझने की एक यात्रा है, जो इसे स्मृतियों, संगीत, किस्सों, स्वादों और साझा सांस्कृतिक अनुभवों से जोड़ती हैं। हर शहर में बारिश के साथ जुड़ी एक अलग कहानी और एक विशिष्ट सांस्कृतिक संवेदना सामने आती है। लखनऊ में यह रिश्ता सावन, शायरी, संगीत, खान–पान और तहजीब के बेहद समृद्ध संसार में दिखाई देता है। लखनऊ संस्करण के माध्यम से हमारा प्रयास इन जीवंत परंपराओं को समकालीन अनुभवों के साथ एक साथ लाने का है।ऐसी शाम रचने का, जो लखनऊ की सांस्कृतिक जड़ों से गहराई से जुड़ी हो, लेकिन अनुभव में ताजा, जीवंत और समकालीन भी महसूस हो।''शाम की शुरुआत अस्करी नकवी की विशेष रूप से तैयार की गई 'बारिश' पर दास्तानगोई से होगी।


**कार्यालय सेवा प्रबन्धक**
**उत्तर प्रदेश परिवहन निगम**
**प्रयागराज**

पत्रांकः 5961/ जन/पीआर/क्षे0प्र0/कैन्टीन/आनलाईन निविदा/2026 दिनांकः 23/08/2026

**ई-टेण्डर/निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, प्रयागराज क्षेत्र के विभिन्न बस स्टेशन पर कैन्टीन का ठेका संचालित किए जाने हेतु दिनांक 24.09.2026 को 10.00 बजे से दिनांक 05.10.2026 को 14.00 बजे तक आफलाइन निविदा के माध्यम से प्रस्ताव आमन्त्रित किया गया है। निविदा उक्त अवधि में बेबसाइट www.upsrtc.up.gov.in से डानलोड किया जा सकेगा। तकनीकी निविदा दिनांक 06.10.2026 को 15.00 बजे खोली जायेगी। तकनीकी निविदा में अर्ह पाए गये निविदादाताओं की वित्तीय निविदा दिनांक 07.10.2026 को खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी परिवहन निगम की बेबसाइट www.upsrtc.up.gov.in उपलब्ध है।

ह0/-
क्षेत्रीय प्रबन्धक


## संक्षिप्त

### नवयुग कन्या महाविद्यालय में पूर्व छात्रा संघ 'स्मृतिका' की प्रथम बैठक संपन्न

लखनऊ,संवाददाता। नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ में पूर्व छात्रा संघ 'स्मृतिका' की सत्र 2026–27 की प्रथम बैठक महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के प्रारंभ में प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने पूर्व छात्रा संघ की अध्यक्ष शर्मीला सिंह एवं सचिव सपना वर्मा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके पश्चात सभी सदस्यों ने अपना संक्षिप्त परिचय दिया। बैठक में संघ की आगामी गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए नया बैंक खाता खोलने तथा पूर्व छात्राओं के मध्य आपसी संवाद एवं आत्मीयता को बढ़ाने के उद्देश्य से 'गेट–टु –गेदर' आयोजित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने कहा कि 'स्मृतिका' पूर्व छात्राओं और महाविद्यालय के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करता है। पूर्व छात्राओं का अनुभव, ज्ञान एवं उपलब्धियाँ वर्तमान छात्राओं के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण स्रोत हैं। उन्होंने संघ को निरंतर सक्रिय एवं सशक्त बनाने के लिए सभी सदस्यों से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। बैठक सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। सभी सदस्यों ने पूर्व छात्रा संघ 'स्मृतिका' को अधिक सक्रिय, सशक्त एवं प्रभावी बनाने तथा महाविद्यालय के विकास में अपना सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया। प्रस्तुत बैठक में पूर्व छात्रा सुपर्णा मजूमदार, रश्मि शुक्ला एवं कोषाध्यक्ष प्रोफेसर निशि गुप्ता भी उपस्थित रही।

### विद्यार्थियों ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

लखनऊ,संवाददाता। जनविकास महासभा एवं सोक्ट द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत आज सिटी पब्लिक हाई स्कूल, 60 फिट रोड,जानकीपुरम में विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, गायन, संगीत, स्पीच इत्यादि प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर उन्हें प्रतिभा के प्रदर्शन के प्रति प्रोत्साहित करते हुये तनाव मुक्त शिक्षा और सफल जीवन के बारे में बताया गया। इस मौके पर जनविकास महासभा के अध्यक्ष पंकज तिवारी, महामंत्री व परी पुस्तक केंद्र के प्रमुख अजय यादव, स्कूल संस्थापक प्रबन्धक आशा गुप्ता, प्रधानाचार्या दीप्ति गुप्ता, उप प्रधानाचार्या वैशाली सिन्हा, कोआर्डिनेटर अंकिता पाण्डेय, अध्यापिकाओं में महक तिवारी, दीपिका मिश्रा व साधना यादव आदि प्रमुख लोग मौजूद थे। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए पंकज तिवारी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के विद्यार्थी कल के राष्ट्र निर्माता होंगे, अतः विद्यार्थियों को अपने परिवार, समाज और राष्ट्र की जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहते हुए अपने स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं जल संरक्षण तथा नशा मुक्त समाज की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। अतः उन्हें तनाव मुक्त शिक्षा एवं सफल जीवन जीने के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ना होगा इसके लिए उन्हें अपनी प्रतिभा के प्रति भी जागरूक होना होगाक्योंकि जो विद्यार्थी अपने टैलेंट के अनुरूप अपना करियर का चुनाव करते हैं उनके जीवन में सफल होने का प्रतिशत ज्यादा होता है।

### गनेश प्रतिमा विसर्जनसई के दौरान नदी में डूबे तीनों व्यक्तियों के शव बरामद

लखनऊ,संवाददाता। मोहनलालगंज में मंगलवार शाम गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान सई नदी में डूबे तीनों व्यक्तियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। बुधवार को एसडीआरएफ ने धीरज (35), हरिप्रसाद (40) और प्रमोद (22) के शव नदी से निकाल लिए। तीनों शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजे गए। प्रमोद की तलाश में करीब तीन किलोमीटर के दायरे में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। घटना मोहनलालगंज के जबरैला पुल के पास की है। यहां 5 किमी दूर से सिसेंडी गांव के लोग शाम 5 बजे गणेश प्रतिमा विसर्जन करने पहुंचे थे। तभी धीरज (35) नाम का युवक सई नदी में गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे बचाने के लिए 40 साल के हरिप्रसाद भी नदी में उतर गए। फिर वह भी पानी में डूबने लगे। इसी दौरान प्रमोद (22) भी नदी में चला गया। इसके बाद तीनों का कोई पता नहीं चला। हादसे की सूचना पर पुलिस और स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे थे। बाद में एसडीआरएफ की टीम नाव और बचाव उपकरणों के साथ पहुंची। अंधेरा होने के बावजूद रात में भी सर्च ऑपरेशन जारी रखा गया। बुधवार को धीरज और हरिप्रसाद के बाद प्रमोद का शव भी बरामद कर लिया गया। बीते मंगलवार शाम करीब 4.30 बजे इस हादसे के बाद एसडीआरएफ की दो टीमों ने पूरी रात सई नदी में सर्च ऑपरेशन चलाया। बुधवार सुबह धीरज और हरिप्रसाद के शव मिलने के बाद तीसरे युवक प्रमोद की तलाश तेज की गई। करीब तीन किलोमीटर के दायरे में सर्च के दौरान सुबह करीब 11.45 बजे एसडीआरएफ टीम ने प्रमोद का शव भी बरामद कर लिया।

### बुद्धेश्वर ओवरब्रिज के नीचे चादर में लिपटा बुजुर्ग का शव मिला

लखनऊ,संवाददाता। पारा थाना क्षेत्र में अज्ञात शव मिलने का सिलसिला जारी है। बुधवार सुबह ओवरब्रिज के नीचे दूध मंडी में एक पिलर के पास सफेद चादर में लिपटा एक बुजुर्ग का शव मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। चादर हटाकर जांच की गई तो शव करीब 65 साल के बुजुर्ग का निकला। बुजुर्ग की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्रामीणों ने बुधवार सुबह ओवरब्रिज के नीचे पिलर के पास चादर में लिपटा शव देखा था। उन्होंने तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी। बुद्धेश्वर चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चादर हटाई और जांच की। बुजुर्ग ने बनियान और पैंट पहन रखी थी। पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच में शरीर पर किसी तरह की चोट के निशान नहीं मिले हैं। एसीपी काकोरी शकील अहमद ने बताया कि बुद्धेश्वर ओवरब्रिज के नीचे दूध मंडी में शव मिलने की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। शव की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। बुजुर्ग की तस्वीर सोशल मीडिया और दूसरे माध्यमों से जारी कर पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, बुजुर्ग की हालत देखकर उसके बेहद गरीब होने की आशंका है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं परिजन शव को चादर में लपेटकर यहां छोड़कर तो नहीं गए। हालांकि, पुलिस ने अभी इस बारे में कोई पुष्टि नहीं की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही बुजुर्ग की मौत की असली वजह पता चल सकेगी। पारा क्षेत्र में बुद्धेश्वर और हंसखेड़ा चौकी के आसपास पहले भी कई अज्ञात शव मिल चुके हैं।

# डीजे की शोर से छात्रा की हुई मौत के परिप्रेक्ष्य में डीजे मालिक व डीजे संचालक गिरफ्तार, चौकी इंचार्ज निलंबित

**कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस**

जनपद बलरामपुर के डिवाइन पब्लिक स्कूल में कक्षा 02 की छात्रा/मृतका वैष्णवी तिवारी पुत्री सोनू तिवारी ग्राम गुलरिहा पोस्ट गंगापुर थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थ नगर उम्र करीब 07 वर्ष की कथित तौर पर म्युजिक सिस्टम के शोर से हुई मृत्यु के परिप्रेक्ष्य में वादी आशीष कुमार उपाध्याय (प्रबंधक) डिवाइन पब्लिक स्कूल द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना को0 नगर में मु0अ0स0 221/26 धारा 105,223 बी0एन0एस0 बनाम अभियुक्तगण चन्द्र प्रकाश वर्मा पुत्र लल्लू (बालाजी हाईटेक डी0जे0 मालिक) निवासी रघुनाथपुर इटवा,थाना-रेहरा बाजार व रामपाल सैनी पुत्र बड़कऊ सैनी (बालाजी हाईटेक डी0जे0 ऑपरेटर) निवासी मोहल्ला खलवा थाना-को0 नगर के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। उक्त प्रकरण से सम्बन्धित की गई कृत कार्यवाही का विवरण इस प्रकार है- अभियुक्तगण चन्द्र प्रकाश वर्मा पुत्र लल्लू (बालाजी हाईटेक डी0जे0 मालिक) निवासी रघुनाथपुर इटवा,थाना-रेहरा बाजार व रामपाल सैनी पुत्र बड़कऊ सैनी (बालाजी हाईटेक डी0जे0 ऑपरेटर) निवासी मोहल्ला खलवा थाना-को0 नगर जनपद बलरामपुर की गिरफ्तारी की गई। घटना में प्रयुक्त वाहन संख्या यू0पी0-43 बी0टी0 5995 (पिकअप) की बरामदगी। डी0जे0 साउंड सहित सहवर्ती उपकरण की बरामदगी। विवेचनात्मक कार्यवाही के दृष्टिगत घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज संरक्षित कराया गया।इ5-ङ चौकी इंचार्ज शैलेन्द्र कुमार यादव,पुलिस चौकी-मेवालाल थाना को0 नगर को निलंबित किया गया। प्रभारी निरी0 थाना को0 नगर संतोष मिश्रा के शिथिल पर्यवेक्षण के कारण उन्हें उत्तर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी पुलिस अधिकारियों की (दण्ड एवम् अपील) नियमावली 1991 के अन्तर्गत 'कारण बताओ नोटिस/स्पष्टीकरण' निर्गत किया गया।जनपद/थाना/चौकी स्तर पर, सघन अभियान चलाकर डी0जे0 संचालकों के साथ गोष्ठी कर, समस्त डी0 जे0 संचालकों को चेतावनी/नोटिस दी गई। मानक के अनुरूप ही डी0जे0 ध्वनि प्रसारित किए जाने का कठोर निर्देश दिया गया।मा0 उच्चतम न्यायालय/शासन के आदेशों-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने हेतु अवगत कराया गया।

# समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा, डीजे की तेज आवाज के कारण डिवाइन स्कूल में बच्ची की हुई थी मृत्यु

**कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस**

बलरामपुर।डिवाइन स्कूल की टीचर ने बताया कि मैं क्लास में पढ़ा रही थी, तभी क्लास के पास से गणेश विसर्जन की यात्रा निकलने लगी। यात्रा में डीजे बहुत तेज बज रहा था। पूरे क्लास में कंपन हो रहा था। क्लास के सारे बच्चे भी यात्रा देखने के लिए खिड़की की तरफ भाग गए। मैंने बच्चों को रोका लेकिन वे बार-बार यात्रा देखने के लिए खिड़की की तरफ भाग रहे।

इस वजह से मुझे बच्चों को डांटना पड़ा। बहुत मुश्किल से बच्चे सीट पर बैठे। मैंने फिर से बच्चों को पढ़ाना शुरू किया। तभी वैष्णवी सीट पर गिर गई। उसके बगल में बैठे बच्चे ने मुझे बताया। मैं दौड़कर उसके पास गई, उसको उठाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं उठी। बच्ची को हार्ट अटैक आया गया था।



मैंने दूसरी टीचर्स को बुलाया, हम लोगों ने उसको सीट पर लिटाया, उसको उठाने की बहुत कोशिश की लेकिन वह नहीं उठी। इसके बाद हम लोग उसको अस्पताल ले गए। वैष्णवी के घर वालों को भी बुलाया। वहां डॉक्टरों ने उसे डेड बता दिया।

**घटना के बाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने छोड़ा पद**

बच्ची की मौत के बाद आहत होकर केंद्रीय गणपति महोत्सव समन्वय समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. तुलशीष दूबे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके साथ समिति के उपाध्यक्ष अमरीश शुक्ला और अंकुर चौहान ने भी पद छोड़ने की बात कही है।

डॉ. दूबे ने कहा कि बलरामपुर में पिछले 12-15 सालों से गणपति उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। समितियों की संख्या बढ़ने के बाद करीब दस साल पहले केंद्रीय गणपति महोत्सव समन्वय समिति का गठन हुआ था जिससे सभी समितियों के बीच तालमेल बैठाया जा सके। उत्सव को व्यवस्थित और अनुशासित तरीके से कराया जा सके। वे इस समिति के संस्थापक उपाध्यक्ष रहे हैं।

लेकिन जिस मकसद से समिति बनाई गई थी, वह पूरा होता नहीं दिख रहा है। अलग-अलग समितियां खुद को सक्षम मानती हैं और केंद्रीय समन्वय समिति के सुझावों और अपीलों को गंभीरता से नहीं ले रही हैं। समिति लगातार अपील करती रही है कि डीजे की आवाज तय सीमा में रखी जाए लेकिन कोई नहीं मानता है।

# बढ़नी में मूर्ति विसर्जन के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने और प्रतिस्पर्धा पर बुद्धिजीवियों ने जताया कड़ा विरोध

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत बढ़नी बाजार में मूर्ति विसर्जन के दौरान देर रात तक कानफोड़ू आवाज में बजने वाले डीजे और उनके बीच होने वाली खुली प्रतिस्पर्धा को लेकर स्थानीय लोगों और प्रबुद्ध वर्ग ने गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए कड़ा विरोध जताया है। नागरिकों का कहना है कि त्योहारों की आड़ में ध्वनि प्रदूषण के नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

क्षेत्र के प्रबुद्धजनों और वरिष्ठ नागरिकों के अनुसार, रामलीला मैदान सहित आसपास के क्षेत्रों में पूरी रात डीजे की होड़ मची रहती है। अत्यधिक शोर-शराबे के कारण वार्ड संख्या 4, 5, 9 और 10 के निवासियों का जीना दूभर हो गया है। विशेषकर छोटे बच्चों, बुजुर्गों, दिल के मरीजों और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य पर इसका अत्यंत घातक असर पड़ रहा है। हाल ही में पड़ोसी जनपद बलरामपुर में डीजे के अत्यधिक शोर के चलते एक स्कूली बच्ची की मौत की दुखद घटना का उल्लेख करते हुए लोगों ने चेताया कि यदि समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाई गई, तो यहां भी किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

बुद्धिजीवियों ने सर्वोच्च न्यायालय एवं ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियमों का हवाला देते हुए मांग की है कि नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए। त्योहारों को पारंपरिक मर्यादा, सौहार्द और शांति के साथ मनाया जाना चाहिए, न कि आम जनता के स्वास्थ्य व मानसिक शांति को खतरे में डालकर।

स्थानीय नागरिकों का स्पष्ट कहना है कि यदि किसी को डीजे की प्रतिस्पर्धा ही करनी है, तो वह घनी आबादी और नगर क्षेत्र से दूर, सक्षम अनुमति लेकर ऐसा करे, ताकि आमजन और ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को असुविधा न हो। नगरवासियों ने जनहित और लोक व्यवस्था की सुरक्षा के लिए इस अनियंत्रित शोर पर तत्काल प्रभावी रोक लगाने की पुरजोर मांग की है।

# कुशीनगर में वृहद रोजगार मेले में 817 युवाओं का चयन, विधायक ने बांटे नियुक्ति पत्र

**प्रातः काल एक्सप्रेस**
**ब्यूरो कुशीनगर**

कुशीनगर-ः उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन एवं 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत नेहरू इंटर कॉलेज, सेमरी सुकरौली, विधानसभा हाटा परिसर में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला सेवायोजन कार्यालय एवं मॉडल करियर सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में मेला लगा।मेले में निजी क्षेत्र की 22 कंपनियों ने विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया। इनमें एलएंडटी फाइनेंशियल, एलएंडटी सर्विसेज केयर, कम्पास ग्रुप इंडिया, टीसीएस इलेक्ट्रॉनिक्स, जयभारत मारुति, विवो, उत्कर्ष फाइनेंस बैंक, एलआईसी, थर्मिट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,




कृष्णा मारुति, सत्य माइक्रोकैपिटल, गोदरेज इंडिया, ब्लिंकिट, सैमसंग, फ्लिपकार्ट, वेश कार्प आदि कंपनियां शामिल रहीं।

कंपनियों ने एक्जीक्यूटिव ऑफिसर, सुपरवाइजर, मशीन ऑपरेटर, सेल्स ऑफिसर, फील्ड ऑफिसर, फील्ड लोन ऑफिसर, प्रोडक्ट ऑपरेटर आदि पदों के लिए इंटरव्यू लिया। मेले में कुल 2585 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 817 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया।मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक हाटा मोहन वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए तथा स्टॉलों का निरीक्षण किया।

जिला सेवायोजन अधिकारी अरविंद कुमार यादव ने बताया कि इस तरह के मेलों के माध्यम से युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

# राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में दमखम दिखाएगी सिद्धार्थनगर की टीम, बरेली पहुंची खिलाड़ियों की टोली

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सिद्धार्थनगर। माध्यमिक विद्यालयीय राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए सिद्धार्थनगर की टीम बरेली पहुंच गई है। 23 से 26 सितम्बर तक बरेली के स्वर्गीय डोरी लाल स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।जिला व्यायाम शिक्षक उपेंद्रनाथ उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद स्तरीय बेसिक, जनपदीय तथा मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बेसिक शिक्षा विभाग के इन होनहार खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ है। टीम में पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय हसुड़ी औसानपुर (विकास खंड भनवापुर) के छात्र श्लोक, मोहम्मद बिलाल और गुरु प्रसाद प्रजापति शामिल हैं, जो विद्यालय के सहायक अध्यापक एवं टीम कोच मुकेश कुमार के




नेतृत्व में प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचे हैं।

जिले के खिलाड़ियों के इस चयन और प्रतिभाग पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार तथा जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए टीम को जीत की अग्रिम बधाई दी। इसके साथ ही जिला व्यायाम शिक्षिका सीमा द्विवेदी, सत्येंद्र कुमार गुप्ता, रविंद्र सिंह गुर्जर, राजकुमार यादव, अनिल कुमार यादव, अवधेश कुमार भारती, अजय बरनवाल, सुनील कुमार, मुस्तन शेरुल्लाह सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों व शिक्षकों ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी है।

# सिद्धार्थनगर जिला न्यायालय में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सिद्धार्थनगर (23 सितंबर 2026)। माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के सर्कुलर पत्र संख्या 14/प्रशासन (डी) अनुभाग (दिनांक 15.10.2022) के अनुपालन में जिला न्यायालय सिद्धार्थनगर में विभिन्न रिक्त पदों पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला न्यायाधीश एवं चयन समिति के अध्यक्ष द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इच्छुक व पात्र सेवानिवृत्त कर्मचारी निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन 07 अक्टूबर 2026 की शाम 5:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद मिलने वाले किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।रिक्त पदों के विवरण के अनुसार प्रधान सहायक के 06, वरिष्ठ सहायक के 20, वाहन चालक के 02, दफ्तरी (चतुर्थ श्रेणी) के 01, आदेशिका वाहक (चतुर्थ श्रेणी) के 03 तथा अर्दली/कार्यालय चपरासी (चतुर्थ श्रेणी) के 05 पदों पर चयन होना है। इन सभी पदों पर चयन के लिए साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा, जबकि प्रधान सहायक और वरिष्ठ सहायक पदों के लिए साक्षात्कार के साथ-साथ टंकण (टाइपिंग) परीक्षा भी ली जाएगी।साक्षात्कार और टंकण परीक्षा की तिथि अलग से घोषित की जाएगी।

# कुशीनगर डीएम संजय चौहान ने संभाला कार्यभार, कलेक्ट्रेट के पटलों का किया निरीक्षण

**प्रातः काल एक्सप्रेस**
**ब्यूरो कुशीनगर**

कुशीनगर-ः नवागत जिलाधिकारी संजय चौहान ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कोषागार में कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नजारत, ई-डिस्ट्रिक्ट सहित विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से पटलवार कार्यों एवं प्रगति की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप फाइलों का अधिक से अधिक संचालन ई-ऑफिस के



माध्यम से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने पर जोर दिया। साथ ही नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों को आवंटित धनराशि का समयबद्ध एवं नियमानुसार उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।मीडिया से बातचीत में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार की जो प्राथमिकता है, वही हमारी भी प्राथमिकता रहेगी। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को शीर्ष प्राथमिकता से लागू किया जाएगा। शासकीय कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं समयबद्धता सुनिश्चित करते हुए जनसामान्य की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी, उप जिलाधिकारीगण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सहकारिता से समृद्धि की राह, किसानों तक पहुंचेगा योजनाओं का लाभ

**डॉक्टर रईस अहमद उस्मानी।**
**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

लखीमपुर खीरी, 23 सितंबर। किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सहकारी बैंक की ओर से बुधवार को जिला पंचायत सभागार में मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना एवं भारत टैक्सी योजना पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें किसान, सहकारी समितियों के अध्यक्ष-सचिव, पदाधिकारी, बैंक अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता और सदर विधायक योगेश वर्मा ने डीएम अंजनी कुमार सिंह, सीडीओ योगानंद पाण्डेय जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष विनीत मनार पटेल, के साथ किया। इस दौरान डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता प्रवीण कुमार, डीडीएम नाबार्ड प्रसून सोनार तथा बैंक के सीईओ मनोज कुमार पाण्डेय समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सिद्धार्थनगर में 'सेवा संकल्प अभियान' व आयुर्वेद दिवस पर ध्यान एवं योग सत्र आयोजित; तहसीलों और ब्लॉकों में लगे स्वास्थ्य शिविर

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सिद्धार्थनगर (23 सितम्बर 2026)। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में बुधवार को 'सेवा संकल्प अभियान' तथा आयुर्वेद दिवस के अंतर्गत नगर पालिका परिषद के महंत अवैद्यनाथ बहुउद्देशीय हॉल में ध्यान एवं योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कपिलवस्तु विधायक श्याम धनी राही, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव तथा मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत सभी अतिथियों एवं उपस्थित नागरिकों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्याम धनी राही ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पूरे एक माह तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने जहां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम



से पूरे विश्व को योग अपनाने की प्रेरणा दी है, वहीं मुख्यमंत्री प्रदेश के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या ने बताया कि 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले इस अभियान के तहत विद्यालयों में रंगोली सहित विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। डुमरियागंज तहसील नौगढ़ परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. मीनू सोनी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था।

मुख्यालय के साथ-साथ जनपद की सभी तहसीलों एवं विकास खंडों में विस्तृत कार्यशालाओं, निःशुल्क चिकित्सा शिविरों तथा औषधीय पौधरोपण का आयोजन किया गया। नौगढ़ ब्लॉक अंतर्गत माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में डॉ. लक्ष्मण प्रसाद एवं डॉ. राजेश अग्रहरि के नेतृत्व में विशेष शिविर लगा। इसके अलावा उस्का में डॉ. प्रियंका पटेल, लोटन में डॉ. प्रमोद कुमार गिरि, बर्डपुर में डॉ. मोनिका सिंह, जोगिया में डॉ. कृष्णा साहनी, शोहरतगढ़ में डॉ. विशाल दीक्षित व डॉ. नितीश कुमार गुप्ता, बढ़नी में डॉ. अजय कुमार प्रजापति, इटवा में डॉ. अमित कुमार सिंह, खुनियांव में राकेश चौधरी व डॉ. प्रभाकर पाण्डेय, भनवापुर में डॉ. बृजेश कुमार सिंह, डुमरियागंज में डॉ. ममता, बांसी में डॉ. नीरज त्रिपाठी, मिठवल में डॉ. अशोक कुमार गौतम तथा खेसरहा में विनोद कुमार पाण्डेय, डॉ. मोनू कुमार व शमशाद अहमद के प्रभार में शिविर लगाए गए।

इन शिविरों में आमजन का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं वितरित की गई तथा नागरिकों को इंटीग्रेटिव हेल्थकेयर, दिनचर्या, ऋतुचर्या, योग एवं प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर आयुष विभाग के चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ व स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# लायंस क्लब पावन-गंगा का 12वां अधिष्ठापन समारोह संपन्न, जन्मोत्सव भी मनाया

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

प्रयागराज। लायंस क्लब इलाहाबाद पावन-गंगा का 12वां अधिष्ठापन समारोह रविवार को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ मंडलाध्यक्ष उदय चंदानी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुकुंद लाल टंडन, डॉ. अर्पण धर दुबे, नितिन यशार्थ सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।दीक्षा अधिकारी डॉ. अर्पण धर दुबे ने छह नए सदस्यों को लायनवाद की दीक्षा दिलाकर मंडल पिन लगाया। उपमंडलाध्यक्ष प्रथम उमेश चंद्र कक्कड़ ने वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाकर अधिष्ठापित कराया।नई कार्यकारिणी में लायन रश्मि पुरवार अध्यक्ष, लायन शालिनी मेहरोत्रा सचिव और लायन राशि टंडन कोषाध्यक्ष चुनी गईं। मंडलाध्यक्ष उदय चंदानी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर नई टीम को बधाई दी। निवर्तमान अध्यक्ष लायन संजय चड्ढा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष रश्मि पुरवार को पदभार ग्रहण कराया।नवनिर्वाचित अध्यक्ष रश्मि पुरवार ने सभी का अभिवादन करते हुए क्लब के आगामी सेवा लक्ष्यों की जानकारी दी। शिक्षक दिवस के अवसर पर क्लब द्वारा चयनित शिक्षिकाओं को सम्मान-पत्र, अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।समारोह में क्लब के तीन सदस्योंचीफ मीडिया चेयरपर्सन लालू मित्तल, डॉ. उमा जायसवाल और नवनिर्वाचित अध्यक्ष रश्मि पुरवारकृका जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया।मंडलाध्यक्ष उदय चंदानी ने कहा कि पावन-गंगा प्रयागराज का एक उत्तम मॉडल क्लब है। उन्होंने सभी लायन सदस्यों से समर्पण भाव से सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने और 'वी सर्व' के उद्देश्य को सार्थक करने का आह्वान किया।मंच पर नितिन यशार्थ, कुंवर बीएम सिंह, मंडल सचिव राकेश मोहन बालाजी, मंडल कोषाध्यक्ष सतीश टंडन, प्रो. बृजेंद्र बाजपेई, रीजन चेयरपर्सन अनूप सिंह, जोन चेयरपर्सन शालिनी गुप्ता और अधिष्ठापन समारोह संयोजक अजीत मेहरोत्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम में चीफ मीडिया कोऑर्डिनेटर लालू मित्तल, मंडल मुख्य सलाहकार डीजी अनिल जायसवाल, अभय मेहरोत्रा, रेखा जायसवाल, नीरजा मेहरोत्रा, अशोक चड्ढा, शोभित टंडन, लायन डॉ. प्रदीप अग्रवाल, प्रीति टंडन, पूनम मेहरोत्रा, मीनू चड्ढा, नीरा टंडन, अर्चना जायसवाल, कविता संध्या, मिलन मेहरोत्रा, अनिल टंडन सहित बड़ी संख्या में लायन सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सचिव शालिनी मेहरोत्रा ने आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष रश्मि पुरवार ने सभा समाप्ति की घोषणा की।

# डीएम, एसएसपी ने विसर्जन घाट का निरीक्षण किया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

इटावा। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दृष्टिगत थाना फ्रेण्ड्स कालोनी क्षेत्रान्तर्गत बने मूर्ति विसर्जन घाट एवं मार्ग के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया।



जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दृष्टिगत थाना फ्रेण्ड्स कालोनी क्षेत्रान्तर्गत बने मूर्ति विसर्जन घाट तथा मार्ग के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण कर विसर्जन स्थल पर अच्छी रोशनी और साफ-सफाई रखने तथा पुलिस टीम को अलर्ट मोड पर रहने हेतु निर्देशित किया जिससे कि किसी भी प्रकार की अनुचित घटना न घटे। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं अन्य प्रशासनिक व पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस पर पुलिस लाइन में प्रशिक्षण कार्यक्रम

प्रातःकाल एक्सप्रेस

इटावा। अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन में अपर पुलिस अधीक्षक अपराध संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक दिवसीय सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।







कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों को मूक-बधिर एवं श्रवण बाधित व्यक्तियों से सांकेतिक भाषा के माध्यम से प्रभावी संवाद स्थापित करने के लिए आवश्यक जानकारी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान सांकेतिक भाषा के विभिन्न संकेतों, संवाद की मूलभूत विधियों तथा श्रवण बाधित व्यक्तियों से संवेदनशीलता के साथ बातचीत करने के तरीकों की जानकारी दी गई।अपर पुलिस अधीक्षक अपराध ने पुलिसकर्मियों से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का उपयोग जनसामान्य, विशेषकर दिव्यांग एवं श्रवण बाधित लोगों की शिकायतों को समझने और उनकी समस्याओं के प्रभावी निराकरण में करने के निर्देश दिए। पुलिस द्वारा समावेशी एवं संवेदनशील पुलिसिंग के तहत प्रत्येक व्यक्ति तक पुलिस सेवाओं की सहज पहुंच सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है।

# बच्चों को खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करें: डीएम

## बीएसए अनिल कुमार ने अतिथियों का किया स्वागत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता तथा मानव रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में बुधवार को किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा तथा मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह एवं विशिष्ट अतिथि संजय गुप्ता महानगर अध्यक्ष तथा डॉ शैलेश कुमार पांडे नगर महामंत्री उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में जनपद के 24 ब्लॉकों से आए हुए लगभग 700 खिलाड़ियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता का सांस्कृतिक प्रतियोगिता के साथ समापन गुरुवार को किया जाएगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा की गांव में भी खेल को बढ़ावा दिए जाने के लिए बच्चों को खेल के प्रति प्रेरित किया जाना चाहिए। कहा कि स्कूलों में खेल के जो संसाधन व सामग्री है उन्हें बच्चों को खेलने के लिए उपलब्ध कराई जाए तथा खेल के माध्यम से बच्चों में शिक्षा के अतिरिक्त उनमें टीम भावना का विकास किया जाए। खेल न केवल व्यक्ति के व्यवहार में परिवर्तन करता है बल्कि टीम भावना का विकास भी करता है, इसके माध्यम से बच्चे आपस में एक साथ मिलकर लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मेहनत करते है।

इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता के द्वारा बच्चों को शिक्षा के साथ ही खेलकूद को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। उन्होंने बच्चों को खेल के माध्यम से स्वस्थ होने का गुण बताया। डॉक्टर शैलेश कुमार पांडे द्वारा भी खेल की एक युक्ति के माध्यम से खेल की महत्ता को बताया गया। कहा कि खेल की दुनिया में आज बहुत से लोगों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़े नाम और सम्मान हासिल किए। यदि इन बच्चों को अवसर मिलेगा तो निश्चित रूप से ये बच्चे आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने देश का नाम रोशन करेंगे।

कार्यक्रम में जनपद प्रयागराज के 24 ब्लॉकों से आए हुए प्रतिभावान खिलाड़ियों की टोली उनके साथ खेल प्रशिक्षक अनुदेशक तथा खंड शिक्षा अधिकारी लाल जी शर्मा, अखिलेश यादव, प्रदीप सिंह क्षमा शंकर पांडे शैलपति यादवसुमन मिश्रा तथा शिक्षक संगठन के पदाधिकारी गढ़ एवं अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार के नेतृत्व में संपादित किया गया।

# मेला देखकर लौट रहे युवक को रोककर पीटा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

जसवंतनगर।थाना क्षेत्र के ग्राम जगसौरा निवासी वीरेंद्र सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही कुछ लोगों पर मारपीट, जान से मारने के प्रयास और जातिसूचक गाली देने का आरोप लगाया है।पीड़ित के अनुसार 22 सितंबर की शाम करीब 7व30 बजे वह मेला देखकर गाड़ी से घर लौट रहा था तभी गांव के पास जगसौरा और दसेहरी के 6 नामजद व 5-6 अज्ञात लोगों ने उसकी गाड़ी रोक ली और लाठी-डंडे बेल्ट व लात-घूंसों से मारपीट की और तमंचा लगाकर धमकी देने का भी आरोप लगाया है।पीड़ित का यह भी आरोप है कि डायल 112 मौके पर पहुंची लेकिन कार्रवाई के बजाय उसे ही धमकाया गया।पीड़ित ने एसएसपी से निष्पक्ष जांच कर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

# छिवकी गांव में गूंज रहे गणपति के जयकारे, आकर्षक झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र

प्रातःकाल एक्सप्रेस

नैनी। छिवकी गांव में गणेश उत्सव को लेकर इन दिनों श्रद्धा और उत्साह का माहौल है। गणेश पूजा पंडाल में भगवान गणेश के दर्शन-पूजन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। बुधवार को भी पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और भक्तों ने विधि-विधान से गणपति की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। पूजा-अर्चना का कार्यक्रम आरिन और सत्यम द्वारा संपन्न कराया गया वही उनके द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। उत्सव को लेकर पूजा पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रंग-बिरंगी रोशनी, मनमोहक सजावट और विभिन्न धार्मिक प्रसंगों पर आधारित झांकियां लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी हुई है। झांकियों के माध्यम से धार्मिक कथाओं और प्रसंगों को सुंदर एवं जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है। इन्हें देखने के लिए बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक में खासा उत्साह नजर आ रहा है। पंडाल परिसर में श्रद्धालु गणपति बप्पा के जयकारे लगाते हुए भक्ति में लीन दिखाई दिए। आयोजन को सफल बनाने के लिए स्थानीय युवाओं और श्रद्धालुओं द्वारा विशेष तैयारियां की गई है। पंडाल में आने वाले लोगों की सुविधा और व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इस दौरान कमेटी के सुमित निषाद, विनय मिश्रा, आदित्य निषाद, विनय दूबे, प्रिन्स साहू, अजीत, जतीन, अर्पित, निखिल, अभिषेक सिंह, सत्यम कुमार और हर्ष यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# अल्लाह की इबादत करो गुनाहों से बचो – मौलाना अनवारुल हसन

## इमाम हजरत हसन असकरी की पैदाइश पर महफिल हुई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

इटावा। ग्यारहवे इमाम हजरत हसन असकरी की पैदाइश के खुशनुमा मौके पर अली मेहदी की ओर से बाद नमाजे मगरिबैन मस्जिद पंजतनी में महफिल का आयोजन किया गया। महफिल में उपस्थित लोगों ने इमाम की पैदाइश का जशन मनाया।

महफिल में तकरीर करते हुए मौलाना अनवारुल हसन जैदी इमामे जुमा इटावा ने कहा नमाज रोजा पर अमल करने से ज्यादा खुदा के हुक्म को समझना सबसे बड़ी इबादत है। इमाम हसन असकरी की उम्र 28 साल थी। इमाम को सामरा बगदाद में जालिम बादशाह ने कैद में रखा। जालिम बादशाह को पता चल गया था कि जब इमाम हसन असकरी उसका तख्त पलट देंगे



इसलिए उसने इमाम नकी के घर पहरा लगा दिया था ताकि ग्यारहवें इमाम की पैदाइश न हो सके लेकिन अल्लाह के आगे किसी की न चली और इमाम की पैदाइश हुई। इमाम हसन असकरी का जानवर भी हुक्म मानते थे यह बात इंसानों को समझना चाहिए। ग्यारहवें इमाम का पैगाम है कि बिस्मिल्लाह के साथ अपना काम शुरू करने से अल्लाह बरकत अता करता है। अल्लाह की इबादत करो गुनाहों से बचो। हमारे शिया वो हैं जो दीन की हिफाजत करते हैं और एहलैबैत से मोहब्बत करते हैं। नेक इंसान को नेक इंसान से मोहब्बत करना चाहिए। सच बोलना, अमानत में खयानत न करना। महफिल में अली मेहदी, सलीम रजा, तनवीर हसन, सलमान रिजवी ने कलाम पेश किये।महफिल में अल्हाज कमर अब्बास नकवी करबलाई, मोहम्मद अब्बास, मोम्मद मियां, शावेज नकवी, हसन समर अब्बास नकवी, दबीरुल हसन अब्बास, तहसीन रजा, अयाज हुसैन, अश्शू रिजवी, सफीर हैदर, शहजादे, राजा, जहूर नकवी, मोहम्मद जुनैद, अहद, अलीशान, वली अहमद आदि ने भाग लिया।

# स्नातक निर्वाचन की घोषणा के बाद सपा सक्रिय

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। इलाहाबाद-झांसी खंड सनतक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही समाजवादी पार्टी ने संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी है। वर्तमान एमएलसी डॉ. मान सिंह यादव को सपा ने इस सीट से दोबारा प्रत्याशी बनाया है। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की आधिकारिक सदस्य सूची में भी डॉ. मान सिंह यादव को इलाहाबाद-झांसी मंडल सनतक निर्वाचन क्षेत्र से सपा का सदस्य दर्ज किया गया है।बुधवार को सपा के स्थानीय संगठन के पदाधिकारियों की बैठक में चुनावी तैयारियों और मतदाता सूची में छूटे हुए सनतक मतदाताओं के नाम शामिल कराने को लेकर चर्चा की गई। पार्टी नेताओं ने बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने और मतदाताओं से संपर्क बढ़ाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया।बैठक में विकास, रोजगार, पेपर लीक, आरक्षण, सरकारी भ्रष्टाचार, महिलाओं की सुरक्षा, किसानों की आय और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाने की बात कही गई। बैठक में एमएलसी एवं प्रत्याशी डॉ. मान सिंह यादव, जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एसपी सिंह पटेल, पंधारी यादव, प्रवक्ता दान बहादुर मधुर, महानगर महासचिव राद्धिे यादव एडवोकेट, यमुनापार महासचिव इंजी. जगदीश यादव, वकार अहमद, अरविन्द केसरवानी, जगत यादव एडवोकेट, सुरेश यादव, नाटे चैधरी, राम अवध पाल, तारिक सईद अज्जू, आसुतोष तिवारी, बृजेश यादव, सचिन श्रीवास्तव, वैभव यादव एडवोकेट, सऊद अहमद, माशाहद अली और केके यादव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## देवछठ मेला में विराट कुश्ती दंगल का भव्य आगाज

# आर.पी. सिंह ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर किया शुभारंभ, रोमांचक मुकाबलों में उमड़ी हजारों की भीड़

प्रातःकाल एक्सप्रेस

अलीगढ़। श्री खेरेश्वर महादेव व दाऊजी महाराज समिति के तत्वावधान में आयोजित देवछठ मेला में विराट कुश्ती दंगल 2026 एवं खेल महोत्सव 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता आर.पी. सिंह ने अखाड़े में पहलवानों का हाथ मिलवाकर दंगल का उद्घाटन किया। इस दौरान हजारों कुश्ती प्रेमियों ने तालियां बजाकर पहलवानों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत समिति के अध्यक्ष ठाकुर गहराज सिंह, महामंत्री ऋषि ओम शर्मा एवं कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चैहान ने विधि-विधान से दंगल भूमि का पूजन कर की। इसके बाद मुख्य अतिथि आर.पी. सिंह ने पहलवानों से परिचय प्राप्त कर उनका हाथ मिलवाया और दंगल के शुभारंभ की घोषणा की।

दंगल प्रभारी लतेश चैधरी ने मुख्य अतिथि आर.पी. सिंह तथा विशिष्ट अतिथि स्वामी ओमकार एवं देवेंद्र सिंह राघव का पगड़ी पहनाकर और गदा भेंट कर स्वागत किया। दंगल का संचालन कंछी पहलवान ने किया।

रोमांचक मुकाबलों ने बांधा समां

दंगल में विभिन्न स्थानों से आए पहलवानों के बीच कई रोमांचक मुकाबले हुए। 4100 रुपये की कुश्ती भोला ऐदलपुर और टाइगर नोएडा के बीच हुई, जबकि 3100 रुपये की कुश्ती लवली नोएडा और अज्जत संभल के बीच लड़ी गई। विशाल मई और अन्नू महादेव के बीच भी जोरदार मुकाबला हुआ।इसके अलावा गिरीश नोएडा और विशाल मई, चेतन कुटवारा और अरनेश अक्सौली, सर्वेश पहलवान अक्सौली और कालू पहलवान महादेव तथा करन पहलवान बेसवां और रोहित पहलवान के बीच कुश्ती मुकाबले हुए। पहलवानों ने दांव-पेंच और जोर आजमाइश से दर्शकों का मनोरंजन किया। शानदार दांव लगते ही पूरा दंगल परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

# विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था होगी और मजबूत, डीएम-एसपी ने दिए कड़े निर्देश

## डीएम-एसपी ने स्कूल प्रबंधकों को दिए कड़े निर्देश, 16 बिंदुओं की चेकलिस्ट से होगा सुरक्षा ऑडिटय पैनिक बटन, सीसीटीवी और स्टाफ सत्यापन अनिवार्य

डॉ0 रईस अहमद उस्मानी। प्रातःकाल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी, 23 सितंबर। विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए है। बुधवार को अटल सभागार में जिलेभर के विद्यालयों के प्रबंधन तंत्र के साथ आयोजित बैठक में डीएम अंजनी कुमार सिंह, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने सुरक्षा मानकों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर परिसर के भीतर तक प्रत्येक स्तर पर सुरक्षा प्रबंध प्रभावी और व्यवस्थित रखे जाएं। बैठक का सफल संयोजन डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र और बीएसए प्रवीण तिवारी ने किया।डीएम ने कहा कि अभिभावक विश्वास के साथ अपने बच्चों को विद्यालय भेजते है। ऐसे में स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि परिसर में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान और उद्देश्य स्पष्ट हो। मुख्य गेट पर ही आगंतुक का सत्यापन होगा और अनधिकृत व्यक्ति को किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। स्कूल परिसर बच्चों के लिए सुरक्षित क्षेत्र होना चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था में छोटी



सी चूक भी गंभीर परिणाम दे सकती है, इसलिए सभी विद्यालय निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

### एक ही गेट से प्रवेश, विजिटर की पूरी निगरानी

एसपी ने कहा कि विद्यालयों में केवल एक मुख्य प्रवेश द्वार खुला रखने और अन्य गेट बंद रखने के निर्देश दिए गए है। विजिटर रजिस्टर में नाम, मोबाइल नंबर, पहचान पत्र और प्रवेश-निकास का समय दर्ज किया जाएगा। आगंतुकों के लिए परिसर में अलग स्थान निर्धारित किया जाएगा, ताकि उनका अनावश्यक आवागमन न हो। पिक एंड ड्रॉप व्यवस्था में आई-कार्ड अथवा व्य्व से सत्यापन की व्यवस्था मुख्य गेट पर ही सुनिश्चित करने को कहा गया है। स्कूल समय में व्यक्तिगत अथवा अनावश्यक मुलाकातों के लिए बाहरी लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

### 16 बिंदुओं की चेकलिस्ट से होगी सुरक्षा की पड़ताल

एसपी ने कहा कि डीआईओएस और बीएसए से स्कूलों की सूची लेकर प्रत्येक पुलिस डिविजन के अनुसार बीट पुलिसकर्मियों को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी दी जाएगी। विद्यालय भी अपना नोडल सुरक्षा अधिकारी नामित करेंगे। बीट पुलिसकर्मी 16 बिंदुओं की सुरक्षा चेकलिस्ट के आधार पर नियमित सिक्योरिटी ऑडिट करेंगे।

### बंदब्ब्स्ट पर भी नजर, क्टत् रहेगा सुरक्षित

स्कूलों में सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। कॉरिडोर, टॉयलेट की ओर जाने वाले रास्तों, पार्किंग और खेल मैदान जैसे कम दृश्यता वाले स्थानों पर भी निगरानी बढ़ाई जाएगी। कैमरों की सक्रियता का दैनिक रजिस्टर रखा जाएगा और डीवीआर को सुरक्षित स्थान पर रखने के निर्देश दिए गए है। सुरक्षा गार्डो की ड्यूटी भी स्कूल समय के अनुरूप सुनिश्चित की जाएगी। अप्रशिक्षित अथवा ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले गार्डो पर भी स्कूल प्रबंधन को कार्रवाई के निर्देश दिए गए है।

### स्टाफ से लेकर बस चालक तक का हर छह माह में सत्यापन

विद्यालय के शिक्षक, संविदाकर्मी, बस चालक, परिचालक, कैंटीन कर्मचारी और सफाईकर्मियों का हर छह माह में पुलिस सत्यापन कराया जाएगा। नौकरी से हटाए गए कर्मचारियों का रिकॉर्ड भी सुरक्षित रखना होगा। मुख्य गेट या रिसेप्शन पर शिक्षकों व स्टाफ के फोटो, पद और संपर्क नंबर का डिस्प्ले बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए है।

### बैग की आकस्मिक जांच, संदिग्ध वस्तु मिलने पर होगी कार्रवाई

एसपी ने विद्यालयों में समय-समय पर स्कूल बैग की आकस्मिक जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के बैग में संदिग्ध एवं प्रतिबंधित वस्तु पहुंचना गंभीर सुरक्षा चूक है। विद्यालय परिसर में किसी भी छात्र, अभिभावक या बाहरी व्यक्ति को हथियार लाने की अनुमति नहीं होगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पैनिक बटन से एक साथ अलर्ट होगा पूरा स्कूल

आपात स्थिति से निपटने के लिए विद्यालयों में पैनिक बटन और इमरजेंसी अलार्म सिस्टम लगाने पर जोर दिया गया है। खतरे की स्थिति में इससे पूरे विद्यालय को तत्काल अलर्ट किया जा सकेगा और बच्चों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने में मदद मिलेगी।



### 1098, 112 और 1090 के साथ गुड टच-बैड टचकी जानकारी

विद्यालयों के प्रमुख स्थानों पर चाइल्डलाइन 1098, आपातकालीन सेवा 112 और महिला हेल्पलाइन 1090 के नंबर प्रदर्शित किए जाएंगे। विद्यार्थियों को गुड टच-बैड टच और पॉक्सो कानून की जानकारी देने के साथ नियमित जागरूकता कार्यक्रम और मॉक ड्रिल कराने के निर्देश भी दिए गए है।

### बच्चों के जरिए अभिभावकों को सिखाएंगे ट्रैफिक का पाठ

सड़क सुरक्षा को लेकर डीएम अंजनी कुमार सिंह ने बच्चों के माध्यम से अभिभावकों की आदत बदलने का विजन सामने रखा है। पिक एंड ड्रॉप के दौरान बिना हेलमेट बच्चे को स्कूल छोड़ने आने वाले अभिभावक को स्कूल गेट पर ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। प्रशासन का जोर इस बात पर है कि बच्चे केवल नियम जानें ही नहीं, बल्कि अपने माता-पिता को भी नियम पालन के लिए प्रेरित करें। स्कूल प्रबंधनों को अभिभावकों के साथ शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित कर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए है। स्कूल परिसर के बाहर अव्यवस्थित पार्किंग और यातायात बाधित होने की स्थिति से बचने के लिए स्कूल प्रबंधन को स्वयं व्यवस्था संभालने को कहा गया है।

### बच्चे बनेंगे बदलाव के वाहक

डीएम-एसपी की इस पहल का फोकस केवल स्कूल की चारदीवारी तक सुरक्षा सीमित रखने के बजाय बच्चों को सुरक्षा और अनुशासन का संदेशवाहक बनाने पर है। प्रशासन का मानना है कि स्कूल में सुरक्षित माहौल के साथ घर से स्कूल तक सुरक्षित आवागमन की आदत विकसित होने से सड़क सुरक्षा के प्रति भी दीर्घकालिक जागरूकता पैदा होगी।

### बच्चे के सिर पर हेलमेट, सफर रहे सुरक्षितः डीएम

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को दोपहिया वाहन से स्कूल भेजते समय हेलमेट जरूर पहनाएं। बच्चों को स्कूल छोड़ने आएं तो स्वयं भी हेलमेट लगाएं, क्योंकि बच्चे वही सीखते हैं जो बड़ों को करते देखते हैं। कुछ मिनट की जल्दबाजी के लिए सुरक्षा से समझौता न करें और यातायात नियमों का पालन कर बच्चों के सामने मिसाल पेश करें।

### स्कूल प्रबंधन ने भी रखे सुझाव

बैठक में स्ववित्त पोषित विद्यालय प्रबंधक संघ लखीमपुर के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, महासचिव रमेश पांडिया और शिक्षाविद नीरज सिंह ने विद्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने से जुड़े अपने सारगर्भित विचार एवं सुझाव रखे। उन्होंने प्रशासन की सुरक्षा संबंधी पहल में विद्यालय प्रबंधन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही।

# सेवा संकल्प अभियान में छात्र-छात्राओं ने दिखाया हुनर

## भाषण, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिताओं में विजेताओं का हुआ सम्मान




झांसी। बड़ागांव इंटर कॉलेज बड़ागांव में सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत 'सपनों का भारत' कार्यक्रम के तहत ब्लॉक स्तरीय भाषण, प्रशनेत्तरी एवं चित्रकला प्रतियोगिता तथा 'रंगोली राष्ट्र' के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बबीना विधायक राजीव सिंह पारीछा तथा विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख बड़ागांव प्रतिनिधि बृजेन्द्र सिंह राजपूत एवं भाजपा जिला महामंत्री झांसी विकास कुशवाहा रहे।

मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रबंधक राजीव रिछारिया एवं प्रधानाचार्य मु. नसीम ने किया। प्रतियोगिताओं के वरिष्ठ वर्ग में चित्रकला में बड़ागांव इंटर कॉलेज के सागर पाल ने प्रथम, भाषण प्रतियोगिता में शुभ दुबे ने प्रथम, प्रशनेत्तरी में राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज दुनारा के सूरज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बरुआसागर की रेशमा, सुहाना एवं निशा की टीम प्रथम रही। जूनियर वर्ग की चित्रकला प्रतियोगिता में से हार्ट स्कूल पारीछा की अंशिका गौतम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने विभिनन्‍प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर पर कैलाश नारायण सोनी, हरी कृष्ण कुशवाहा मंडल महामंत्री भाजपा बड़ागांव , निहाल कुशवाहा, राहुल पार्षद, दिलीप उर्फ दीपू कुशवाहा पूर्व अध्यक्ष कुशवाहा समाज बड़ागांव सहित ब्लॉक बड़ागांव के सम्मिलित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मयंक श्रीवास्तव ने किया तथा आभार प्रधानाचार्य मु. नसीम ने व्यक्त किया।

# रोजगार मेले में खिले युवाओं के चेहरे, मिले रोजगार के अवसर

## 35 कंपनियां पहुंचीं, करीब 1500 रोजगार अवसर उपलब्ध; चयनित अभ्यर्थियों को बांटे ऑफर लेटर




झांसी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के गांधी ऑडिटोरियम में विश्वविद्यालय एवं वनएम वनबी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन विभाग, माइक्रोसॉफ्ट तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के एमआईटी वाय स्टार्टअप हब के सहयोग से आयोजित मेले में 35 कंपनियों ने सहभागिता कर करीब 1500 रोजगार अवसर उपलब्ध कराए।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री मनोहर लाल कोरी ने युवाओं से रोजगार मेले में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला मंजिल नहीं, बल्कि करियर की शुरुआत है। युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ अपनी योग्यता और कौशल को लगातार बेहतर बनाना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय ने कहा कि प्रत्येक साक्षात्कार युवाओं के लिए सीखने का अवसर है। प्लेसमेंट केवल नौकरी पाने तक सीमित नहीं, बल्कि नई स्किल सीखने और आत्मनिर्भर बनने का माध्यम है। उन्होंने युवाओं से विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में योगदान देने का आह्वान किया।

मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर ने कहा कि रोजगार मेला करियर की शुरुआत है। नई स्किल, अनुभव और नवीन सोच से युवा आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने बुंदेलखंड में बीडा की स्थापना से रोजगार की नई संभावनाएं बनने की बात कही।

वनएम वनबी फाउंडेशन के डायरेक्टर शिवम अग्रवाल ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ग्रीन स्किल्स, डिजिटल स्किल्स एवं इमर्जिंग टेकनेलॉजी से जुड़े निःशुल्क कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। रोजगार मेले में कंपनियों के एचआर अधिकारियों ने अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए और चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर वितरित किए गए।

इस अवसर पर कुलसचिव ज्ञानेन्द्र कुमार, वित्त अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह, प्रो. एम. एम. सिंह, डॉ. संदीप अग्रवाल, मोहम्मद वसी सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, कंपनी प्रतिनिधि, एनसीसी कैडेट एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्लेसमेंट सेल के ब्रोशर का भी विमोचन किया गया।

# सुलाकी चौराहे स्थित शिव मंदिर से हनुमान जी के कान का कुंडल चोरी



प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। थाना कोतवाली क्षेत्र के सुलाकी चौराहे स्थित शिव मंदिर से हनुमान जी के कान का कुंडल चोरी। इसकी जानकारी मिलती ही बहादुरगंज चौकी प्रभारी अपनी टीम के साथ सक्रिय हो हो गई। कोतवाली पुलिस ने चोरी की प्रकरण तत्काल संज्ञान में लेकर छानबीन शुरू कर दी। मुखबिर की सटीक सूचना पर आरोपी नितिन कुमार को गिरफ्तार बहादुरगंज के मोती पार्क से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 97.5 ग्राम का सफेद धातु का कुंडल और 230 रुपये नकद बरामद कर लिया। बहादुरगंज चौकी प्रभारी जे.पी पाण्डेय टीम को एसीपी निकिता ने काफी प्रशंसा की त्वरित कार्रवाई करने वाली टीम को पांच हजार पुरस्कार देने की घोषणा की।

# दिव्यांग बच्चों के लिए उपकरण मापन शिविर आयोजित

## 169 बच्चों की हुई जांच, 157 बच्चे उपकरण के लिए चिन्हित




झांसी। समग्र शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा के अंतर्गत सभी प्रकार के दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपकरण मापन शिविर का आयोजन कंपोजिट विद्यालय खड़े नी, विकासखंड बड़ागांव में किया गया। शिविर का आयोजन जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं मुख्य विकास अधिकारी रामेश्वर सुधाकर शब्बानबाड के निर्देशन तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह गोंड के मार्गदर्शन में किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी मनोज लक्षकार की उपस्थिति में आयोजित शिविर में विकासखंड गुरसराय, बमौर, मऊरानीपुर एवं बंगरा के दिव्यांग बच्चों का परीक्षण किया गया।शिविर में एलिम्को कानपुर से आए ऑडियोलॉजिस्ट राजू कुमार, पुनर्वास विशेषज्ञ गौरव कुमार एवं विश्वास मसीन ने बच्चों की दिव्यांगता की जांच की। डाटा ऑपरेटर मुकेश द्वारा बच्चों का पंजीयन एवं डाटा संकलन किया गया। शिविर में कुल 169 बच्चों का परीक्षण किया गया, जिसमें राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के बच्चे भी शामिल रहे। परीक्षण के बाद राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के 13 तथा समग्र शिक्षा समेकित शिक्षा के 144 बच्चों को सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए चिन्हित किया गया। चिन्हित बच्चों को आगामी 4 दिसंबर को उपकरण प्रदान किए जाएंगे।

शिविर में स्पेशल एजुकेटर्स संदीप कुमार, छाया, राजीव कुमार, सतीश कुमार, घनश्याम भारती, अभिषेक सिंह, राजेंद्र कुमार, दीपक कुमार, प्रियंका, आशीष तिवारी, धर्मेंद्र कुमार, सन्हे लता सिंह, अमित कुमार, रविता, संत कुमार, रामचंद्र, किरण, शिवानी सोनी, सीमा यादव एवं कमलेश कुमार ने उपस्थित होकर बच्चों का पंजीयन एवं परीक्षण कराने में सहयोग किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश भाटिया, सहायक अध्यापक प्रमोद सोनी एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ ने शिविर की व्यवस्थाओं में सहयोग किया। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा रतनेश त्रिपाठी ने अभिभावकों एवं स्टाफ को अंतर्राष्ट्रीय साइन लैंग्वेज दिवस की बधाई दी तथा शिविर में आए सभी बच्चों, अभिभावकों एवं स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

# खेती में विविधीकरण से बढ़ाएं किसानों की आय : शिवराज सिंह चौहान



झांसी। रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी में मध्य प्रदेश के सीहोर एवं विदिशा जिलों से आए 30 किसानों का तीन दिवसीय 'रबी फसलों व सब्जियों की उनन्त उत्पादन तकनीक' प्रशिक्षण बुधवार को संपनन्‍ हुआ। समापन अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से जुड़े और किसानों को संबोधित किया।शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रशिक्षण में मिली तकनीकी जानकारी को किसान अपने खेतों में अपनाने के साथ आसपास के अन्य किसानों तक भी पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि खेती का पैटर्न बदलकर किसान नर्सरी, कृषि वानिकी, एकीकृत कृषि प्रणाली, मधुमक्खी पालन और मशरूम उत्पादन जैसी गतिविधियों से अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं।कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान किसानों को रबी दलहनी एवं तिलहनी फसलों, गेहूं-जौ, सब्जियों, आलू, रोग एवं कीट प्रबंधन, हाईटेक नर्सरी, कृषि वानिकी, मशरूम एवं मधुमक्खी पालन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

आईसीएआर के उप-महानिदेशक (प्रसार) डॉ. राजवीर सिंह ने किसानों से क्षेत्र की प्रमुख फसलों और कृषि समस्याओं की जानकारी ली तथा अधिक वर्षा की स्थिति में मेड़ पद्धति से सोयाबीन की खेती करने की सलाह दी। किसानों ने प्रशिक्षण के बाद पारंपरिक खेती के साथ अन्य लाभकारी कृषि गतिविधियों को अपनाने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. सुशील कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया।

# वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन स्टेशन के सहायक पोर्टरों को आयुष्मान कार्ड के प्रति किया गया जागरूक

झांसी। वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन स्टेशन पर कार्यरत सहायक पोर्टरों को आयुष्मान कार्ड के जारी होने के संबंध म? जागरूक एवं अवगत कराया गया। इस दौरान उन्हें आयुष्मान कार्ड के माध्यम से उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, पात्रता तथा कार्ड के उपयोग की प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम में स्टेशन पर कार्यरत 20 से अधिक कुलियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उपस्थित सहायक पोर्टरों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का लाभ उठाने तथा आयुष्मान कार्ड बनवाने/उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

स्टेशन निदेशक संजीव कुमार जाटव ने कहा कि स्टेशन पर कार्यरत सहायक पोर्टर प्रतिदिन यात्रियों की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत सरकार द्वारा जारी योजनायों में उनके स्वास्थ्य एवं कल्याण से संबंधित योजनाओं की जानकारी उन तक पहुंचाना आवश्यक थी, ताकि वे उपलब्ध सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का समुचित लाभ प्राप्त कर सकें।



# इमाम हुसैन को याद कर फातिहा व दुआ का आयोजन 30 सितम्बर को होगा जश्ने गौसुलवरा फैज़ाने सरकार बांसा कॉन्फ्रेंस का आयोजन

झांसी। महाराज सिंह नगर स्थित मदरसा अल-जामियातुल रज्जाकिया सोसायटी, आस्ताना-ए-सरकार बांसा अपिया हुजूर में बुधवार को मुहर्रम की याद में फातिहा खांनी का प्रोग्राम सम्पनन्‍ हुआ। कार्यक्रम सूफी अफराज हुसैन सिद्दीकी की सदारत (अध्यक्षता) में आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने दुआ की।मदीना मस्जिद पेश ईमाम कारी जमील ने बताया कि वर्ष 1980 से लगातार प्रत्येक माह की उर्दू की दस तारीख को इमाम हुसैन की शहादत को याद करके फातिहा की जाती है जिसमे ईमाम हुसैन के साथ 72 शहीदो को याद कर खिरादे हकीदत (श्रद्धांजलि) पेश की जाती है। इस दौरान उन्होंने बताया कि आस्ताना-ए-सरकार बांसा अपिया हुजूर मे दिनांक 30 सितम्बर को जशन्‍ गौसुल वरा फैजाने सरकार बांसा का कार्यक्रम होगा कार्यक्रम की शुरुआत फज्र की नमाज के बाद कुरआनख्वानी से होगी। दोपहर दो बजे हजरत शेख अब्दुल कादिर जीलानी गौसे पाक की फातिहा होगी। इसके बाद लंगर का वितरण किया जायेगा। बाद नमाज इशा नौ बजे से वक्ता फैजाने गौसुलवरा पर विस्तार से रोशनी डालेंगे व नबी की शान मे नात-ए-पाक पडकर महफिल मे शमा बांधेगे।

उन्होनें बताया कि दौरान मदरसे में तालीम हासिल कर कुरआन-ए-करीम हिफ्ज करने वाले छात्रों को हाफिज की डिग्री देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर अब्दुल रहमान, नसीम, इम्तियाज खान, आरिफ खान, संजय , सुल्तान , शहीद , जाकिर भाई मौजूद रहे।

# बूथ जीतेंगे तो चुनाव जीतेंगे, कार्यकर्ता संगठन की असली ताकतः रामकिशोर साहू

## 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा ने बनाई संगठनात्मक कायऱ्योजना

झांसी। भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की दिशा में कदम तेज कर दिए हैं। भाजपा कार्यालय में आयोजित संगठनात्मक बैठक का शुभारंभ महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने की।

बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू, क्षेत्रीय मंत्री परमजीत सिंह, क्षेत्रीय मंत्री शिवेंद्र प्रताप सिंह 'शैली', जिला महामंत्री विकास सिंह कुशवाहा और जिला उपाध्यक्ष अभिषेक जैन मंचासीन रहे। क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू ने कहा कि बूथ जीतेंगे तो चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत बूथ स्तर का कार्यकर्ता है। सभी कार्यकर्ताओं से 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' के संकल्प के साथ जनसंपर्क बढ़ाने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने तथा नए मतदाताओं को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया।

बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का महानगर के शत-प्रतिशत बूथों पर सामूहिक श्रवण कराने पर कार्यकर्ताओं की सराहना की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता संगठन की मजबूती को दर्शाती है। आगामी अभियानों को लेकर मंडल एवं सेक्टर स्तर पर नियमित समीक्षा और आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में अखिलेश गुप्ता, कपिल विरसैनिया, अमर सिंह कुशवाहा, विनीत खटीक, अंकित राजावत, मीनू राजावत, देवी मंजुलता, अनिरुद्ध दुबे, देवेन्द्र दुबे, मनोज श्रीवास, पलविन्दर सिंह, प्रियांशु डे, मोहित पोरवाल, चेतन ओझा, रंजीत साहू, विशाल दीक्षित, अंकित साहू, कमलेश परिहार, बिरजू कुशवाहा, राहुल सैनी, राजेश पाल, डॉ. शिखा साहू, रूपेश नायक, दिलीप पुरी, विजय शिवहरे, निर्मल कुशवाहा, अनुज नीखरा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिक्षा, चिकित्सा और जरूरतमंद परिवारों की सहायता को प्राथमिकता

झांसी। सहस्त्रबाहु कलचुरी सेवा समिति के द्वितीय वर्ष की प्रथम मासिक बैठक एक निजी होटल में आयोजित की गई। बैठक से पूर्व सर्वसम्मति से डॉ. मनोज महाजन एवं वीरेंद्र राय को मासिक बैठक के लिए संयुक्त रूप से अध्यक्ष मनोनीत किया गया। दोनों अध्यक्षों ने बैठक की कार्यवाही को स्वीकृति प्रदान की।कार्यक्रम का संचालन करते हुए राहुल राय ने बैठक का एजेंडा सदस्यों के समक्ष रखा, जिस पर उपस्थित सभी सदस्यों ने दोनों हाथ उठाकर अपनी सहमति व्यक्त की। अध्यक्षीय संबोधन में कहा गया कि वर्तमान परिवेश में समाज के अंतिम व्यक्ति की समस्या का समाधान करना समिति की प्रमुख जिम्मेदारी है और इस जिम्मेदारी का निर्वहन हर हाल में किया जाना चाहिए।बैठक में सदस्यों ने शिक्षा, चिकित्सा तथा समाज के निर्बल वर्ग के परिवारों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने को समिति का प्रमुख उद्देश्य बताया। जरूरतमंदों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने, जरूरतमंद लोगों का उपचार कराने तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की 11 कन्याओं के विवाह में सहयोग करने को लेकर भी चर्चा की गई।बैठक में रक्तदान को महादान बताते हुए रक्तदान शिविर आयोजित करने तथा नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर लगाने का निणऱ्य लिया गया।



समिति द्वारा समय-समय पर विभिनन्‍ क्षेत्रों में शिविर आयोजित कर जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य एवं सामाजिक सहायता पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया।इस अवसर पर जगमोहन राय, रामप्रताप महाजन, रामबाबू शिवहरे, चतुर्भुज महाजन, राहुल राय, गिरजा शंकर राय, राजेश राय पंचवटी, विनोद राय, राजकुमार राय, राजेश राय बरुआसागर, विशाल राय, आशीष राय, अंकित राय, डॉ. मनोज ओमहरे, राजेश महाजन पंचवटी, जितेंद्र गुप्ता, गौरव राय, सोनू राय, वीरेंद्र राय, चंद्रप्रकाश राय आदि उपस्थित रहे। अंत में अनिल राय ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# नियमितीकरण को लेकर एनएचएम संविदा कर्मियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद समेत विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने दिया समर्थन

**प्रातः काल एक्सप्रेस**
**ब्यूरो चीफ सतीश कौशिक**



मुजफ्फरनगर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. सचिन जैन के नेतृत्व में एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने विभिनन मांगों को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुजफ्फरनगर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिले के विभिनन नियमित कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने भी पहुंचकर एनएचएम संविदा कर्मचारियों की मांगों को समर्थन दिया।

ज्ञापन के दौरान राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष संजीव लांबा, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के मंत्री मनोज त्यागी एवं अनिल कुमार, स्टाफ नर्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सरिता चैधरी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय कुमार व कोषाध्यक्ष सुमित कुमार तथा ।त्त्व् आनंद कुमार समेत विभिनन संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

एनएचएम कर्मचारी संघ ने लंबे समय से सेवा दे रहे संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण तथा समान कार्य-समान वेतन की मांग प्रमुखता से उठाई। संगठन का कहना है कि एनएचएम के अंतर्गत कर्मचारी लंबे समय से स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान दे रहे हैं, इसलिए उनके हितों को ध्यान में रखते हुए नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए।

प्रमुख मांगें:-

कर्मचारियों ने नियमितीकरण के साथ समान कार्य-समान वेतन लागू करने, कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों के लिए कम से कम 10 लाख रुपये की कैशलेस चिकित्सा सुविधा, व।, म्थ्, भ्त। एवं ग्रेच्युटी का लाभ देने, रिक्त पदों के आधार पर गैर जनपद स्थानांतरण नीति लागू करने और सेवा के दौरान मृत्यु होने पर अनुकंपा नियुक्ति की नीति बनाने की मांग की।इसके अलावा एनएचएम के तहत कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को जिला स्वास्थ्य समिति में समायोजित करने तथा स्वास्थ्य विभाग की नियमित भतिर्यों में एनएचएम संविदा कर्मचारियों के लिए कम से कम 25 प्रतिशत कोटा निर्धारित करने की मांग भी रखी गई।

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि एनएचएम संविदा कर्मचारी ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में उनकी समस्याओं का समाधान किया जाना आवश्यक है।

ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो 8, 9 और 10 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर कार्य बहिष्कार किया जाएगा। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर 12 अक्टूबर को प्रदेश मुख्यालय पर आंदोलन एवं धरना-प्रदर्शन करने की बात कही गई।

इस दौरान डॉ. राहुल वर्मा, हिमांशु त्यागी, डॉ. चेतना शर्मा, निर्मला चैधरी, विपुल कुमार, रवि कुमार, डॉ. शमशेर आलम, एहतेशाम, डॉ. सागर गोस्वामी, राहुल कुमार, डिंपल रानी, मोहित कुमार, सचिन कुमार, तंजीम अहमद, राकेश कुमार, मो. जुनेद, डॉ. दिव्यांक दत्त, अनिल कुमार, स्टाफ नर्स अर्चना, रिंकी विश्वकर्मा, वंदना शर्मा, नेहा त्यागी, बबीता शर्मा, एलटी कामेश, रविंद्र, आकाश, प्रवीण कुमार पाल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने लखनऊ से किया ''मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना'' एवं ''भारत टैक्सी'' सेवा का शुभारंभ

## अब सहारनपुर में भी दौड़ेगी भारत टैक्सी - ''सारथी ही मालिक'' की भावना से चालकों को मिलेगा रोजगार

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**







सहारनपुर । माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा आज मुख्यमंत्री आवास 5 कालीदास मार्ग लखनऊ से ''मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना'' एवं ''भारत टैक्सी'' सेवा का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम मा0 मुरलीधर मोहोल, केन्द्रीय राज्य मंत्री, मा0 ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री, मा0 सूर्यप्रताप शाही, कृषि मंत्री, मा0 जे0पी0एस0 राठौर एवं मा0 दयाशंकर सिंह, राज्यमंत्री उ0प्र0 की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पनन हुआ।जनपद सहारनपुर में उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण आयोजित किया गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मा0 जसवन्त सैनी जी, राज्यमंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास उ0प्र0 सरकार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मा0 विधायकगण किरत सिंह (गंगोह), राजीव गुम्बर (सदर), देवेन्द्र निम (रामपुर मनिहारान), जिला अध्यक्ष भाजपा अजीत राणा जी, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक चै0 राजपाल सिंह, सभापति जिला सहकारी विकास संघ सोनेन्द्र राणा, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 सुनील कुमार वर्मा, संयुक्त आयुक्त सहकारिता अरविन्द प्रकाश, सहायक आयुक्त रजनीश प्रताप सिंह सहित बी-पैक्स के अध्यक्ष, सचिव, इफको एवं सहकारिता से जुडे 350 से अधिक कृषक व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि मा0 जसवन्त सैनी जी ने बताया कि मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक (एल0डी0बी0) के माध्यम से लघु एवं सीमांत कृषकों के आर्थिक सशक्तीकरण की ऐतिहासिक पहल है। इसके तहत पात्र कृषकों को रू0 6 लाख तक का दीर्घकालीन ऋण मात्र 06 प्रतिशत प्रभावी ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जाएगा। समय से किस्त जमा करने वाले कृषकों को राज्य सरकार द्वारा ब्याज अनुदान का लाभ भी दिया जाएगा।योजना हेतु प्रदेश सरकार ने रू0 384.00 करोड की स्वीकृति दी है। आगामी 05 वर्षों में 05 लाख कृषकों को लाभान्वित करने का लक्ष्य है। इस अवसर पर डी0सी0बी0 सहारनपुर द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड के 03, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना व कृषि अवसंरचना कोष के 01-01 लाभाथिर्यों को सांकेतिक चैक वितरित किये गये।

इसी अवसर पर भारत टैक्सी सेवा का भी शुभारंभ हुआ। भारत टैक्सी, सहकार टैक्सी को आपरेटिव लि0 (ैज्ब्स्) द्वारा संचालित भारत का पहला सहकारी नेतृत्व वाला डिजिटल राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म है, जो ''सारथी ही मालिक'' की भावना पर आधारित है। इससे यात्रियों को सुरक्षित व किफायती परिवहन तथा चालकों को रोजगार व स्वरोजगार मिलेगा।

# सड़क निर्माण में अनियमितता के आरोप, मोहल्लेवासियों ने किया प्रदर्शन

## ठेकेदार पर मानकों के विपरीत सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप, नगर पालिका अधिकारियों से जांच की मांग

**प्रातः काल एक्सप्रेस**
**ब्यूरो चीफ सतीश कौशिक**



मुजफ्फरनगर। नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के वार्ड संख्या 22 स्थित बच्चन सिंह कॉलोनी की गली नंबर-2 में चल रहे सड़क निर्माण कार्य को लेकर मोहल्लेवासियों ने अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने तथा संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की।मोहल्लेवासियों के अनुसार, गली में पिछले करीब दो माह से सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है, लेकिन अभी तक कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। आरोप है कि निर्माण कार्य को पूरा करने के दौरान सड़क से निकले मलबे के साथ नाले से निकली सिल्ट का इस्तेमाल भराव के लिए किया गया। मोहल्लेवासियों का कहना है कि सिल्ट से दुर्गंध फैलने लगी, जिसके बाद उन्होंने इसका विरोध किया।स्थानीय लोगों का आरोप है कि विरोध के बावजूद निर्माण कार्य में लगे कर्मचारियों द्वारा कथित रूप से सिल्ट डालने का कार्य जारी रखा गया। मामले को लेकर वार्ड सभासद और नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को भी शिकायत किए जाने तथा संबंधित साक्ष्य उपलब्ध कराने की बात मोहल्लेवासियों ने कही है।मोहल्लेवासियों ने आरोपों की निष्पक्ष जांच कराकर सड़क निर्माण में इस्तेमाल की गई सामग्री की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। इसी क्रम में सामाजिक संगठन राष्ट्र जन चेतना मंच के माध्यम से भी संबंधित ठेकेदार एवं निर्माण कार्य से जुड़े अन्य जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग उठाई गई।प्रदर्शन में राधा रानी, नीलम देवी, उषा रानी, आस्था, आर्यन, आशीष कुमार, राजीव कुमार, संजू, रीना, खुशी, रेखा, रचना, मिथिलेश, गीत, काजल सहित अन्य मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

# सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत '2047 विकसित भारत' विषय पर संवाद, पुरस्कार वितरण एवं हिंदी सप्ताह के प्रतिभागियों का सम्मान

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

रामपुर मनिहारान, सहारनपुर,। गोचर महाविद्यालय, रामपुर मनिहारान, सहारनपुर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत '2047 विकसित भारत की संकल्पनाकृमेरे सपनों का भारत कैसा होना चाहिए' विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता माननीय प्रदीप चैधरी जी, पूर्व सांसद, कैराना लोकसभा रहे। उन्होंने विद्याथिर्यों से संवाद करते हुए वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका, राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी तथा सेवा और संकल्प के महत्व पर विस्तार से अपने विचार रखे। उन्होंने विद्याथिर्यों का आह्वान किया कि वे अपने व्यक्तिगत सपनों को राष्ट्र के विकास के संकल्प से जोड़कर आगे बढ़ें।कार्यक्रम को सफल एवं प्रभावी बनाने में डॉ. योगेश चैधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यद्यपि वे कार्यक्रम की प्रत्यक्ष आयोजन व्यवस्था में सम्मिलित नहीं रहे, तथापि उनके मार्गदर्शन, समन्वय एवं सहयोग से कार्यक्रम के आयोजन को आवश्यक दिशा और गति प्राप्त हुई। महाविद्यालय परिवार ने उनके महत्वपूर्ण सहयोग एवं योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

### हिंदी सप्ताह के प्रतिभागियों का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय में आयोजित हिंदी सप्ताह के अंतर्गत विभिनन प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। हिंदी सप्ताह के दौरान विद्याथिर्यों ने प्रशनेत्तरी, काव्य-पाठ सहित विभिनन रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विजेता एवं प्रतिभागी विद्याथिर्यों का सम्मान करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की गई।कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. प्रभात सिंह ने किया। उन्होंने कार्यक्रम की विभिनन गतिविधियों को क्रमबद्ध रूप से प्रस्तुत करते हुए विद्याथिर्यों एवं अतिथियों का मार्गदर्शन किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओमकार सिंह ने की। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. ज्ञान सिंह, प्रभारी सांस्कृतिक समिति रहे, जबकि चैधरी देवराज सिंह, अध्यक्ष, प्रबंध समिति कार्यक्रम के संरक्षक रहे।कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। राजकिशोर, डॉ. इंद्रेश पुरोहित, डॉ. पवन कनौजिया, डॉ. अजीत पटेल, डॉ. अशोक वर्मा, राजबीर सिंह एवं अश्वनी पंवार सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विद्याथिर्यों की सक्रिय सहभागिता रही। वक्ताओं ने कहा कि 2047 का विकसित भारत केवल सरकार के प्रयासों से नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर युवाओं की सक्रिय भागीदारी से निर्मित होगा।

# गुरु रविदास जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

चिलकाना। नगर के मोहल्ला कोठीवाला में आयोजित संत शिरोमणि गुरु रविदास साप्ताहिक अमृत कथा के तीसरे दिन गुरु रविदास जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कथावाचक प्रदीप आनंद महाराज ने गुरु रविदास जी के जन्मोत्सव से संबंधित प्रसंगों का वर्णन किया।कथा के दौरान उन्होंने गुरु रविदास जी के जन्म से जुड़े प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि माघ माह की पूर्णिमा के अवसर पर गुरु रविदास जी का प्राकट्य हुआ। उन्होंने गुरु रविदास जी के जीवन, उनके संदेश और मानवता के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से गुरु रविदास जी का स्मरण किया।जन्मोत्सव के अवसर पर केक काटकर श्रद्धालुओं ने खुशी मनाई तथा भजन-कीर्तन पर नृत्य कर उत्सव में भाग लिया। कार्यक्रम के तीसरे दिन का शुभारंभ प्रकाश चंद सैनी एवं राजकुमार सैनी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं अंकुश पुत्र कलीराम, सुरेश पुत्र बीरसिंह, राहुल पुत्र मेनपाल एवं जयपाल के घर से पावन ज्योत कथा स्थल पर पहुंचाई गई।इस अवसर पर प्रकाश चंद सैनी ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों का निरंतर आयोजन होना चाहिए, जिससे सतगुरु के संदेश और मिशन को आगे बढ़ाया जा सके।

कार्यक्रम में रवि कुमार मिस्त्री, संदीप कुमार, राहुल, मास्टर मंघेराम, अभिषेक, पुष्पा, महिमा, रोजी, अंजू, मोनिका, सुनीता, मेमता, सेला, रविता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# उत्तम त्याग धर्म के रूप में मनाया दस लक्षण महापर्व का आठवां दिन

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

संवाददाता, चिलकाना। जैन समाज चिलकाना व सुल्तानपुर द्वारा दस लक्षण महापर्व का आठवां दिन उत्तम त्याग धर्म के रूप में मनाया गया। चिलकाना स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में सांगानेर से आए पंडित तनिष्क शास्त्री ने श्रद्धालुओं को उत्तम त्याग धर्म का महत्व बताया।उन्होंने कहा कि त्याग का अर्थ केवल वस्तुओं का दान करना नहीं, बल्कि मन से मोह और अधिकार की भावना को छोड़ना भी है। त्याग का अभ्यास करने से मोह का प्रभाव कम होता है। प्रातः श्रीजी की शांतिधारा, प्रक्षाल एवं विशेष पूजा-अर्चना कराई गई। शांतिधारा करने का सौभाग्य अमित जैन को प्राप्त हुआ।

रात्रि में अनुज जैन व अंकुर जैन की ओर से धार्मिक तंबोला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जैन समाज के अध्यक्ष राकेश जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। सुल्तानपुर जैन मंदिर में भी समाज के लोगों ने पूजा-अर्चना कर महापर्व में सहभागिता की।

# थाना बेहट पुलिस द्वारा अवैध खनन परिवहन पर शिकंजा कसते हुए, 02 वाहनों को बिना प्रपत्रो के उपखनिज के साथ किया गया जब्त

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। जिलाधिकारी सहारनपुर व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर द्वारा अवैध खनन परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु टास्क फोर्स गठित कर लगातार अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, सहारनपुर के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दीखित के कुशल नेतृत्व में थाना क्षेत्र में लगातार पिकेट व चैकिंग टीमें लगाकर अवैध खनन परिवहन करने वालों पर कडी कार्यवाही की जा रही है। कार्यवाही के क्रम में दिनांक 21/22.09.2026 की रात्रि में क्षेत्राधिकारी बेहट व प्रभारी निरीक्षक बेहट मय पुलिस टीम द्वारा उच्चाधिकारीगण के निर्देशो के क्रम मे अवैध खनन रोकथाम हेतु धौलाकुआ रोड पर चैकिंग की जा रही थी औचक चैकिंग के दौरान 02 ट्रक (1. गाड़ी नंबर न्च्11ब्ज्8777 2. गाड़ी नंबर न्च्11कज्0664) को बिना वैध प्रपत्रों के उपखनिज का परिवहन करते हुए पकडा गया । उक्त ट्रकों को मय उपखनिज के थाना स्थानीय पर दाखिल किया गया तथा अग्रिम कार्यवाही के लिये उच्चाधिकारीगण को रिपोर्ट प्रेषित की जा रही है।

# काली मंदिर धर्मशाला में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

चिलकाना। स्वर्गीय डॉ. अशोक गर्ग की पुण्यतिथि पर चिलकाना स्थित काली मंदिर धर्मशाला में गर्ग जनरल स्टोर की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सहारनपुर के प्रभा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नेहा श्रीया, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. अल्पना त्रिपाठी और डॉ. आदित्य श्रीया समेत चिकित्सकों की टीम ने विभिनन रोगों से पीड़ित 170 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं पूर्व सांसद राघव लखन पाल शर्मा ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय डॉ. अशोक गर्ग सच्चे समाजसेवी थे। उनकी पुण्यतिथि पर आयोजित यह शिविर समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने आयोजकों को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई दी।कार्यक्रम में पहुंचे नकुड़ विधायक मुकेश चैधरी ने कहा कि स्वर्गीय डॉ. अशोक गर्ग ने अपना पूरा जीवन लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया। उनके विचार और कार्य आज भी समाजसेवा के लिए प्रेरणा देते है।इस दौरान डॉ. जितेंद्र सैनी, ओमी पंवार, एडवोकेट अंकुर गर्ग, बालकिशन शर्मा और सोनू सिंघल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# 'विजन ट्रेड इंडिया' के नाम पर व्यापारियों से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

## 30 से अधिक शिकायतों में करीब 1.50 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

मुजफ्फरनगर, 23 सितंबर। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने व्यापारियों को देश-विदेश में बड़े व्यापारिक ऑर्डर दिलाने और विदेशी खरीदार उपलब्ध कराने का झांसा देकर कथित रूप से लाखों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन, एक पैन कार्ड, कंपनी से संबंधित दस्तावेज तथा प्ब्-न्ज्ञके कथित फर्जी प्रमाण-पत्र बरामद किए गए हैं।

पुलिस के मुताबिक गृह मंत्रालय, भारत सरकार के ऑनलाइन पोर्टल 'प्रतिबिम्ब' पर प्राप्त साइबर अपराध संबंधी शिकायतों की जांच और तकनीकी विश्लेषण के दौरान इस गिरोह के संबंध में जानकारी सामने आई। जांच में पता चला कि आरोपी 'विजन ट्रेड इंडिया' नामक वेबसाइट के माध्यम से थोक व्यापारियों को कृषि उत्पाद, कपड़े एवं फैशन, ऑटोमोबाइल पाट्र्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर और रसायन आदि उत्पादों के लिए विदेशी खरीदार तथा बड़े व्यापारिक ऑर्डर उपलब्ध कराने का दावा करते थे।



पुलिस का आरोप है कि व्यापारियों से पहले सब्सक्रिप्शन और सदस्यता शुल्क के नाम पर रकम ली जाती थी। इसके बाद ळडच्ए प्ब्ए प्ब्-न्ज्ञआदि प्रमाण-पत्रों तथा वेरिफिकेशन के नाम पर अतिरिक्त धनराशि जमा कराई जाती थी। जांच के दौरान पुलिस ने संबंधित प्रमाण-पत्रों की ऑनलाइन जांच कर उन्हें फर्जी पाया। पुलिस के अनुसार रकम लेने के बाद व्यापारियों को वास्तविक व्यापारिक सौदे या खरीदार उपलब्ध नहीं कराए जाते थे और बाद में कॉल व व्हाट्सऐप संदेशों का जवाब देना बंद कर दिया जाता था।

थाना साइबर क्राइम पुलिस की जांच में विभिनन राज्यों से संबंधित 30 से अधिक साइबर अपराध शिकायतों में करीब 1.50 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी प्रकाश में आने की बात कही गई है। पुलिस अन्य शिकायतों, संबंधित मोबाइल नंबरों और बैंक खातों की भी जांच कर रही है।

गिरफ्तार आरोपियों में विशाल सैनी पुत्र राजेन्द्र सैनी, निवासी रिक्शा स्टैंड के पास पारासौली, थाना बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर, गौरव कुमार पुत्र बच्चा बाबू शाह, निवासी डब्लूयूजेड-721, बाटा चैक, बडियाल मोहल्ला, पालमगांव, नई दिल्ली, मूल निवासी ग्राम बिरौली, थाना बिरोट, दरभंगा, बिहार तथा शिवम कुमार पुत्र गिरजानन्द कुमार, निवासी ककरौली हाउसिंग सोसाइटी, द्वारिका, नई दिल्ली, मूल निवासी ग्राम गंगापट्टी, थाना बहादुरपुर, दरभंगा, बिहार शामिल हैं।मामले में थाना साइबर क्राइम में मु0अ0सं0 35/2026, धारा 318(4), 3(5), 111, 336(3), 338 एवं 340(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में पुलिस अधीक्षक अपराध श्रीमती इन्दु सिद्धार्थ एवं थाना साइबर क्राइम प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक जय शर्मा, हेड कांस्टेबल बालकिशन, हेड कांस्टेबल आकाश चैधरी, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, कांस्टेबल रोबिन कसाना, कांस्टेबल राहुल कुमार तथा महिला कांस्टेबल मोनिका शामिल रहीं।पुलिस का कहना है कि मामले से जुड़े अन्य तथ्यों, शिकायतों और बैंक खातों की जांच जारी है।

### लंदन की आलीशान जिंदगी छोड़ भारत के गांव में क्या कर रही हैं

# कटरीना कैफ

## की मां? न वहां बिजली है, न इंटरनेट



कटरीना कैफ की एंट्री बॉलीवुड की कुछ टॉप एक्ट्रेसेज में होती है। एक्ट्रेस पिछले करीब 23 सालों से फिल्मों में एक्टिव हैं। एक्टिंग करियर के साथ अपना ब्यूटी ब्रांड शुरू कर चुकी हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं उनकी मां सुजैन टरक्कोट कहां हैं और क्या कर रही हैं? चलिए हम आपको बताते हैं। कटरीना की मां लंदन में नहीं बल्कि पिछले कई सालों से भारत में रहकर गरीबों की सेवा में लगी हुई हैं। वो लाइमलाइट से दूर एक अलग दुनिया बसा चुकी हैं।

**कटरीना की मां लंदन छोड़ भारत में कर रही हैं सेवा**

ऐसी कई रिपोर्ट में हैं जिसमें ये कहा गया है कि कटरीना की मां लंदन में रह कर अपनी आराम वाली जिंदगी जी रही हैं। लेकिन असल में वो पिछले कई सालों से तमिलनाडु के मदुरई में रह रही हैं। वो गरीब बच्चों की सेवा कर रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सुजैन ने साल 2008 में लंदन छोड़ दिया था और तब से ही वो तमिलनाडु में रहकर एक NGO चला रही हैं। उन्होंने इसकी शुरुआत सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे गरीब बच्चों को फ्री ट्यूशन दे कर की थी। साल भर में उनका ये लक्ष्य बढ़ता गया। शिक्षा के साथ वो हेल्थकेयर और बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी काम करने लगीं।

**बच्चों को फ्री में पढ़ाती हैं सुजैन**

साल 2015 में सुजैन माउंटेन व्यू स्कूल की शुरुआत की। ये एक छोटी नर्सरी टाइप थी जिसमें सिर्फ 30 बच्चे थे। इनमें अधिकतर बच्चे पिछड़े और गरीब बैकग्राउंड, गांव से थे। समय के साथ उनका ये प्रोजेक्ट भी बढ़ता गया और अब 30 की जगह 300 बच्चे इस प्राइमरी स्कूल का हिस्सा हैं। कटरीना ने खुद भी कई मौकों पर अपनी मां की लगन और चैरिटी के लिए



उनके जुनून की बात की है। करीब 10 साल पहले कटरीना ने बताया था कि उनकी मां मदुरई में रह कर एक स्कूल चलाती हैं। वो एक टीचर है और वहां बच्चों को पढ़ाती हैं।

**बिना बिजली, इंटरनेट के रहती हैं कटरीना की मां**

ABP को दिए अपने इंटरव्यू में कटरीना ने ये भी बताया था कि उनकी मां लक्ज़री लाइफ से दूर अपनी दुनिया को एन्जॉय कर रही हैं। एक्ट्रेस ने कहा था, वहां रहना आसान नहीं है। वहां उनके पास बिजली की सुविधा नहीं है। वो सिर्फ 12 घंटे रहती है। जब कभी मुझे अपनी मां को फेसटाइम करना होता है तो मैं नहीं कर पाती क्योंकि वहां बिजली नहीं है और कभी तो इंटरनेट भी नहीं मिलता। तो हम बस नॉर्मल कॉल पर बात करते हैं। कटरीना के मुताबिक उनकी मां ने लोगों की सेवा करना उम्र के दौरान नहीं बल्कि ये बचपन से उनके अंदर था।

**ऐसी हालत में रहती हैं कटरीना की मां**

कटरीना ने बताया था कि उनकी मां एक ऐसी जगह रहती हैं जहां बिजली नहीं है। बहुत गर्मी है, AC नहीं है। वो इस हालत में रह रही हैं और ऐसा इसलिए करती आई हैं क्योंकि उन्हें लोगों की सेवा करने में मजा आता है।

ये बहुत ही मुश्किल जिंदगी है। कटरीना हमेशा अपनी मां के इस फैसले के साथ खड़ी रही हैं। वो अपनी फिल्मों से होने वाली कमाई का कुछ हिस्सा उस स्कूल में दान करती जहां उनकी मां गरीब बच्चों को पढ़ा रही थी।

# शाहरुख खान

## ने पत्नी गौरी और बेटी सुहाना के साथ किए लालबागचा राजा के दर्शन, लिया बप्पा का अशीर्वाद



शाहरुख खान अपनी पत्नी गौरी, बेटी सुहाना खान के साथ लालबागचा राजा पंडाल पर पहुंचे। तीनों ने साथ में मिलकर भगवान के दर्शन किए और शाम की आरती भी अटेंड की। तीनों की फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इस दौरान तीनों ट्रेडिशन लुक में नजर आ रहे हैं। फैंस शाहरुख को देखकर काफी खुश हुए हैं।





**शाहरुख पहुंचे लालबागचा के दर्शन करने**

इस दौरान शाहरुख ने ब्लू कलर का कुर्ता-पजामा पहना है। गौरी ने येलो कलर का तो सुहाना ने ग्रीन कलर का सूट पहना है। इस दौरान तीनों के साथ शाहरुख की मैनेजर पूजा भी नजर आ रही थीं।

**अंबानी परिवार के गणेश चतुर्थी सेलिब्रेशन में गए थे शाहरुख**

बता दें कि इससे पहले शाहरुख, मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के गणेश चतुर्थी सेलिब्रेशन में पहुंचे थे। उस दौरान हालांकि वह मीडिया से बचकर वहां गए थे। लेकिन सेलिब्रेशन की कई वीडियोज वायरल हुई थी जिसमें एक शाहरुख का वीडियो भी वायरल हुआ था जहां वह गणपति बप्पा के दर्शन कर रहे थे।

**शाहरुख की प्रोफेशनल लाइफ**

शाहरुख की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह लास्ट फिल्म डंकी में नजर आए थे जो साल 2023 में रिलीज हुई थी। इसके बाद से शाहरुख की कोई फिल्म रिलीज नहीं हुई। लेकिन अब उनकी फिल्म किंग आ रही है।

**किंग की जबरदस्त स्टार कास्ट**

किंग को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं और इसमें शाहरुख के साथ दीपिका पादुकोण, सुहाना खान, रानी मुखर्जी, अभिषेक बच्चन, राघव जुयाल, जयदीप अहलावत, अरशद वारसी भी नजर आने वाले हैं। फिल्म इस साल क्रिसमस के मौके पर 24 दिसंबर को रिलीज होने वाली है।

**शाहरुख बोले किंग के लिए की बहुत मेहनत**

हाल ही में सोशल मीडिया पर फैंस के साथ बात करते हुए शाहरुख ने बचाया था कि फिल्म के एक्शन सीक्वेंस काफी मुश्किल थे और उन्हें सेट पर चोट भी लगी थी। शाहरुख ने यह भी कहा था कि इस फिल्म में सब किंग है।

## इन्हें लगा मैं खत्म हो जाऊंगा, मैं रॉकस्टार हूं... सलमान ने गेम प्लान की उड़ाई धज्जियां, तो बोले काजी तौकीर




'बिग बॉस 20' के घर में सिंगर काजी तौकीर शुरुआत से ही एक के बाद एक अजीबोगरीब ड्रामे करते नजर आ रहे हैं. कुछ समय पहले उन्होंने शो में बीमार होने का नाटक भी किया था, जिसके बाद 'बिग बॉस' को डॉक्टर तक बुलाना पड़ा था. उसके बाद उन्होंने कहा था कि वो घरवालों के मनोरंजन के लिए एक्टिंग कर रहे हैं, उनकी तबीयत बिल्कुल ठीक है. 'वीकेंड का वार' एपिसोड में सलमान ने उन्हें आईना दिखाया. उन्हीं के अंदाज में बीमार होने का नाटक करते हुए सलमान ने कहा कि मनोरंजन के लिए एक्टिंग करना बिल्कुल भी सही नहीं है.

सलमान ने काजी तौकीर के इस गेम प्लान की धज्जियां उड़ा दी. जब सलमान ने काजी को बेनकाब किया, तो साथी कंटेस्टेंट ने काजी को खूब खरी-खोटी सुनाई. अब शो में काजी का एक नया अंदाज देखने को मिला है. उनका कहना है कि घरवालों को लगा कि इसके बाद उनका गेम खत्म हो गया, लेकिन वो रॉकस्टार हैं .

**क्या बोले काजी तौकीर ?**

'बिग बॉस' ने काजी का एक प्रोमो वीडियो जारी किया है. वीडियो में काजी कहते हैं, सलमान सर ने प्रैंक तोड़ा, तो इन्हें (कंटेस्टेंट्स) लगा अभी ये पस्त हो जाएगा, खत्म हो जाएगा काजी. लेकिन मैंने कहा था कि कोई भी हालात हो, नेगेटिव-पॉजिटिव, आप मुझा एक जैसा ही देखोगे. उसके बाद वो अपनी फेमस लाइन कहते हैं, आई एम अ रॉकस्टार बेबी. साथ ही आखिर में वो ये भी कहते हैं कि ये बात याद रखना.

काजी तौकीर के इस वीडियो से लग रहा है कि सलमान ने भले ही उनके गेम प्लान को घरवालों के सामने ला दिया, लेकिन शो में और लाइमलाइट में बने रहने के लिए उन्होंने कुछ और भी प्लान सोच रखा है. अब देखना होगा कि कैसे वो सारे लोगों की अटेंशन अपनी तरफ करते हैं.

**रोहिद खान 'बिग बॉस 20' से बाहर**

सलमान ने 20 सितंबर के 'वीकेंड का वार' एपिसोड में काजी को बेनकाब किया. वहीं उसी एपिसोड में ही इस सीजन का पहला एविक्शन हुआ. अफगान मूल के एक ऑस्ट्रियाई अभिनेता और मॉडल रोहिद खान का सफर शो से खत्म हो गया.

## बेस्ट अवॉर्ड किस तरह की फिल्मों और किरदारों को मिलता है? समझिए




सबसे पहले साल 2027 में ऑस्कर अवॉर्ड की रेस में भारत से भेजी गई फिल्म गोंधल पर एक नज़र डालें. यह मराठी भाषा की फिल्म है. इसे संतोष दावखर ने लिखा और निर्देशित किया है. इस फिल्म की चर्चा इसलिए क्योंकि इसकी कहानी और इसके चयन की मंजूरी बताती है आमतौर पर वही सिनेमा प्रशंसित और पुरस्कार के योग्य अनुशंसित होता है जिसमें परंपरा, इतिहास, जिंदगी, समाज और भारतीय मूल्यों को गंभीरता से जगह दी गई हो.

हाल के सिनेमा में पुरानी प्रथाएं नए स्वरूप में लौटी हैं. गोंधल भी उसकी एक कड़ी है. मराठी समाज में गोंधल एक पुरानी प्रथा है. रात में लालटेन जलाकर या रोशनी करके गांव के लोग सामूहिक रूप से बाहर निकलते हैं और परंपरागत अनुष्ठान मनाते हैं- इसे गोंधल कहा जाता है. फिल्म की कहानी की यही बुनियाद है जिसमें अनेक प्रसंग रचे बसे हैं. फिल्म के डायरेक्टर संतोष दावखर पहले ही सिल्वर पीकॉक श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का खिताब जीत चुके हैं. अब इसे 99वें एकेडमी अवॉर्ड्स में एंट्री के लिए भारत की तरफ से ऑफिशियली चुना गया है.

**मनोरंजन के साथ मूल्यों की भी बात**

गोंधल की चर्चा के बाद सीधे 72वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की प्रमुख बिंदुओं पर जाऊं उससे पहले थोड़ी सी चर्चा 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की कर लेते हैं. पिछला साल याद करें. यही समय था. दिल्ली के विज्ञान भवन में नामचीन सितारे प्रेसिडेंट के हाथों अवॉर्डस लेने पहुंचे थे. नेशनल अवॉर्ड्स के लिहाज से इस साल जिन हिंदी फिल्मों ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा, वे थीं- सैम बहादुर, 12वीं फेल, कटहल, जवान और द केरला स्टोरी आदि. इन फिल्मों का सब्जेक्ट बताता है ये केवल आम मनोरंजन के लिए नहीं बनाई गई थीं बल्कि कमर्शियल ढांचे में भी इनका मकसद स्पष्ट था. सैम बहादुर एक युद्ध नायक की कहानी कहती है तो 12वीं फेल सफलता की रियल स्टोरी है.

रियल लाइफ हीरो पर बनी पूर्व में अन्य फिल्मों की सूची लंबी है- मसलन शेरशाह, उरी-द सर्जिकल स्ट्राइक, भाग मिल्खा भाग, मैरी कॉम, सुपर 30, मांझी-द माउंटेन मेन, एयरलिफ्ट, नीरजा आदि- ये सभी फिल्में बहु प्रशंसित हैं. कहने का आशय ये कि नेशनल अवॉर्ड्स या अन्य प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स में उन्हीं फिल्मों, गानों, कहानियों, किरदारों और अन्य कलात्मक पक्ष को तवज्जो मिल पाती है, जिसका मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक-सांस्कृतिक .

# दिल्ली में गणेश विसर्जन के लिए विशेष प्रबंध

## पुरानी व खंडित मूर्तियों के निस्तारण को विशेष 'संग्रह केंद्र' स्थापित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार ने गणेश विसर्जन के लिए विशेष प्रबंध और पुरानी एवं खंडित धार्मिक मूर्तियों और पूजा सामग्री के निस्तारण के लिए 110 चिन्हित स्थानों पर विशेष 'संग्रह केंद्र' स्थापित कर रही है। इसके साथ ही गणेश विसर्जन के लिए दिल्ली में 81 चिन्हित स्थानों पर कृत्रिम विसर्जन तालाबों की तैयारी पूरी कर ली गई है। गणेश विसर्जन के लिए सभी 13 जिलों में पुख्ता व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा कि अक्सर पुरानी या खंडित मूर्तियों और पूजा-पाठ से संबंधित सामग्री को लोग धार्मिक भावनाओं के कारण पेड़ों के नीचे, पार्कों, सड़क किनारे या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर रख देते हैं। इससे एक ओर धार्मिक आस्था जुड़ी होती है, दूसरी ओर सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता और पर्यावरण से जुड़ी चुनौती भी सामने आती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार द्वारा 110 स्थानों की सूची तैयार की गई है, जहां विशेष 'संग्रह केंद्र' स्थापित किए जा रहे है। मंदिरों सहित विभिन्न उपयुक्त स्थानों पर उपलब्ध इन पात्रों में श्रद्धालु पुरानी, खंडित या धार्मिक सामग्री को सम्मानपूर्वक जमा कर सकेंगे। इस व्यवस्था से लोगों को अपने आसपास ही धार्मिक सामग्री के लिए एक स्वच्छ, व्यवस्थित और




सम्मानजनक विकल्प उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी विचार को आगे बढ़ाते हुए गणेश उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल विसर्जन की सुविधा देने के लिए 81 चिन्हित स्थानों पर कृत्रिम विसर्जन तालाबों की तैयारी पूरी कर ली गई है। इनमें दिल्ली के विभिन्न जिलों में निर्धारित स्थान शामिल हैं। गणेश विसर्जन की तैयारियों में सुरक्षा, स्वच्छता, लाइट, चिकित्सा, आपातकालीन व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन और पर्यावरणीय सुरक्षा जैसे पहलुओं को भी शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन निर्धारित कृत्रिम विसर्जन स्थलों पर ही किया जाए। यमुना नदी या अन्य जल निकायों में प्रतिमाओं का विसर्जन न किया जाए। इसी तरह पूजा सामग्री, फूल-माला और अन्य धार्मिक सामग्री को भी नदियों या जलाशयों में न डालने की अपील की गई है, ताकि धार्मिक आस्था के साथ-साथ दिल्ली के जल निकायों की स्वच्छता और पर्यावरण की भी रक्षा की जा सके। इसी के साथ मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से पर्यावरण-अनुकूल मूर्तियों को प्राथमिकता देने और प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी), हानिकारक रसायनों वाले रंगों और ऐसे सजावटी सामान के इस्तेमाल से बचने की अपील की है, जो जल एवं पर्यावरण को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

गणेश विसर्जन को व्यवस्थित बनाने के लिए सभी 13 राजस्व जिलों में संबंधित विभागों के बीच समन्वय के साथ तैयारियां की गई हैं। विसर्जन स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। विसर्जन के बाद प्रतिमाओं के अवशेष और अन्य सामग्री को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार हटाने तथा स्थलों की सफाई की व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि उत्सव के बाद सार्वजनिक स्थान स्वच्छ बने रहें।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन में लिया हिस्सा

**तेरह सितंबर से शुरू इस आठ दिवसीय आयोजन में दो लाख से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया ।**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आठ दिवसीय 30वें विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख संत राजिंदर सिंह जी महाराज से मुलाकात की। किरपाल बाग और संत दर्शन सिंह जी धाम बुराड़ी में आयोजित इस सम्मेलन में रूहानी मिशन के प्रमुख का 80वां जन्मदिवस भी मनाया गया।

तेरह सितंबर से शुरू इस आठ दिवसीय आयोजन में दो लाख से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया । कार्यक्रम में भाजपा विधायक अशोक गोयल, विभिन्न धर्मों के आध्यात्मिक नेता और 650 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भी शामिल




हुए। समापन कार्यक्रम में ध्यान और आध्यात्मिकता पर विचार-विमर्श के साथ 68वां रक्तदान शिविर, 43वां निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद सर्जरी शिविर और 23वां वस्त्र वितरण शिविर आयोजित किया गया।

सम्मेलन में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, स्विटजरलैंड, कनाडा और कई अन्य देशों से 650 से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल हुए। समापन अवसर पर संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने ध्यान को भीतर की ओर मोड़ने और ईश्वर से जुड़ने के लिए का मुख्य जरिया बताया। उन्होंने कहा कि भटकाने वाली चीजों से भरी इस दुनिया में हमें ईश्वर से जुड़ने और जीवन के सच्चे मकसद को जानने और ईश्वर को पाने को पूरा करने के लिए अपने भीतर झांकना होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संत राजिन्दर सिंह जी महाराज को जन्मदिन पर बधाई दी। साथ ही ध्यान, शांति और मानवता की सेवा के प्रति उनके दशकों लंबे समर्पण की सराहना भी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके बारे में जितना ज्यादा वह जानती हैं, वह यह है कि इंजीनियरिंग से आध्यात्मिकता तक की उनकी अद्भुत यात्रा प्रभावित करती है। आखिर में माता रीटा और अन्य ने गुरु नानक देव जी महाराज की वाणी से एक भावपूर्ण भजन 'हम घर साजन आए' प्रस्तुत किया।

## एमसीडी ने प्रवर्तन अभियान के तहत 42 ध्वस्तीकरण कार्रवाई की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने अनधिकृत निर्माण, खतरनाक भवनों तथा दिल्ली के मास्टर प्लान (एमपीडी) और भवन उपविधियों के उल्लंघन के विरुद्ध शहरव्यापी प्रवर्तन अभियान जारी रखा है। निगम द्वारा जन सुरक्षा और भवन मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सभी 12 क्षेत्रों में सख्त कार्रवाई की जा रही है। निगम के अनुसार, चलाए गए विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान सभी 12 क्षेत्रों में 42 ध्वस्तीकरण कार्रवाई की गई। इसके अलावा भवन संबंधी मानदंडों के उल्लंघन पर 7 संपत्तियों को सील किया गया, जबकि 3 ध्वस्तीकरण आदेश जारी किए गए। निगम ने बताया कि चिन्हित उल्लंघनों के विरुद्ध निर्धारित नियमों और विनियमों के अनुसार कार्रवाई की गई। इससे पहले भी एमसीडी ने व्यापक प्रवर्तन अभियान चलाया था। इस दौरान एमपीडी और भवन उपविधियों के उल्लंघन के मामले में 44 संपत्तियों का ध्वस्तीकरण किया गया तथा 11 संपत्तियों को सील किया गया। चलाए गए अभियान के दौरान संत नगर, न्यू अशोक नगर, लक्ष्मी नगर, तेलीवाड़ा, शाहदरा, गीता कॉलोनी, राम नगर, जगतपुर, सोनिया विहार, दिलशाद गार्डन, देव नगर, बापा नगर, फैज रोड, सेक्टर-14 द्वारका, पालम फार्म्स, अवंतिका, सेक्टर-1 रोहिणी और शकूरपुर समेत दिल्ली के विभिन्न इलाकों में प्रमुख ध्वस्तीकरण कार्रवाई की गई। एमसीडी ने कहा कि उसके अधिकार क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण और भवन मानदंडों का उल्लंघन स्वीकार नहीं किया जाएगा। निगम ने सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को कड़ी निगरानी बनाए रखने और एमपीडी, भवन उपविधियों तथा अन्य संबंधित नियमों के प्रावधानों के तहत उल्लंघनों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## नेशनल हेराल्ड केस में राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने दिल्ली हाई कोर्ट में दाखिल किया जवाब

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले मे कांग्रेस राज्य सभा सांसद सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली हाईकोर्ट मे जवाब दाखिल किया है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने दिल्ली हाई कोर्ट में ईडी की याचिका को 'कानून के प्रोसेस का गलत इस्तेमाल' बताते हुए खारिज करने की मांग की। सोनिया और राहुल गांधी ने हाईकोर्ट को बताया कि पीएमएलए में कोई भी प्रावधान 'प्राइवेट कंप्लेंट' को ईडी एक्शन के लिए आधार नहीं मानता। राहुल गांधी और सोनिया ने जवाब मे कहा कि डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी की 2013 की शिकायत मनी लॉन्ड्रिंग जांच शुरू करने के लिए कानूनी तौर पर आधार नहीं बन सकता है। राहुल गांधी और सोनिया ने कहा कि ईडी की 2014 से 2021 तक की इंटरनल नोटिंग्स, 2015 का एक टेक्निकल सर्कुलर, और एफएटीएफ में उसके अपने सबमिशन, ये सब दिखाते हैं कि ईडी खुद मानता था कि आगे बढ़ने से पहले एफआईआर जरूरी है।

## दिल्ली के पहाड़गंज में स्पा में चल रहे सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, आठ महिलाएं रेस्क्यू

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पहाड़गंज के मुल्तानी ढांडा इलाके में एक स्पा से चलाए जा रहे कथित सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ करके चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि इस ऑपरेशन के दौरान आठ महिलाओं को बचाया गया। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई सोमवार को की गई। शाम करीब 7 बजे एक मुखबिर ने एसआई नीरज राठी से संपर्क किया और मुल्तानी ढांडा इलाके की गली नंबर 3 में प्रॉपर्टी नंबर 9139 की दूसरी और तीसरी मंजिल पर चल रहे 'लुक लाइफ स्पा' में अवैध सेक्स रैकेट के बारे में जानकारी दी। यह जानकारी तुरंत नबी करीम पुलिस स्टेशन के एसएचओ के साथ साझा की गई, जिसके बाद जानकारी की पुष्टि करने और उचित कानूनी कार्रवाई करने के लिए एक पुलिस टीम बनाई गई। छापेमारी करने वाली टीम में एसआई राठी और अमित, महिला एसआई श्रुति, एएसआई संजीव, हेड कांस्टेबल संदीप, अमित और एमपी सिंह, कांस्टेबल अमित, संजय और धनसी और महिला हेड कांस्टेबल प्रीति तथा महिला कांस्टेबल सुप्रिया और राखी शामिल थीं।

## ड्रग तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गौरव डावर गिरफ्तार, ईडी को मिली पांच दिन की कस्टडी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के हेडक्वार्टर कार्यालय ने ड्रग तस्करी, हवाला लेनदेन और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े एक बड़े मामले में गौरव डावर को 17 सितंबर को प्रिवेंशन ऑफ मनी-लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 के तहत गिरफ्तार किया। ईडी के मुताबिक, यह मामला बड़े पैमाने पर हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय तस्करी से जुड़ा है। यह गिरफ्तारी ड्रग्स के बड़े पैमाने पर इंपोर्ट से जुड़े एक मामले में की गई है, जिसमें ड्रग्स को सेमी-प्रोसेस्ड टैल्क (पाउडर) में छिपाकर लाया गया था और दिल्ली, पंजाब व हरियाणा में नारकोटिक्स की बरामदगी भी हुई थी। आरोपी गौरव डावर को 18 सितंबर को तीस हजारी कोर्ट (वेस्ट डिस्ट्रिक्ट), नई दिल्ली में स्पेशल जज (पीएमएलए) के सामने पेश किया गया, जिसके बाद कोर्ट ने आरोपी को पांच दिन की ईडी कस्टडी में भेज दिया। ईडी ने यह जांच नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। यह एफआईआर हरप्रीत सिंह तलवार और अन्य लोगों के खिलाफ ड्रग तस्करी की गतिविधियों के लिए यूएपीए, 1967, एनडीपीएस एक्ट, 1985 और आईपीसी, 1860 के तहत दर्ज की गई थी।

## अफगानिस्तान पर पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक की भारत कड़े शब्दों में निंदा करता है : रणधीर जायसवाल

**नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान के पक्तिका और कुनार पर पाकिस्तान की ओर से किए गए हवाई हमले की निंदा की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस वार्ता में भारत का पक्ष रखा। रणधीर जायसवाल ने एक सवाल के जवाब में कहा, 'पाकिस्तान के हमले की हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। उस हिंसा में कई आम लोगों की जान गई, हमारी उनके साथ संवेदनाएं पीड़ित परिवार के साथ हैं, जो घायल हैं उनके लिए कामना है कि वो जल्द ठीक हो जाए।



ऐसी आक्रामकता क्षेत्र की अखंडता और शांति व्यवस्था के खिलाफ है। हम अफगानिस्तान के साथ हैं। पाकिस्तान को अपने कार्रवाई पर ध्यान देना चाहिए। इससे पहले की दुनिया उससे इसे लेकर सवाल पूछे।' सोमवार (21 सितंबर) को अफगानिस्तान के कुनार और पक्तिका प्रांतों में पाकिस्तानी हवाई हमले किए थे। जिसमें तालिबान सरकार के अनुसार तीन लोगों की मौत हो गई थी। एयर स्ट्राइक की निंदा करते हुए तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने चेतावनी दी थी कि इन हमलों का 'उचित जवाब' दिया जाएगा।

मुजाहिद के मुताबिक पाकिस्तान ने कुनार में रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया। जहां पाकिस्तानी बमबारी में एक महिला और दो पुरुषों की मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं और दो पुरुष घायल हो गए थे। वहीं, पक्तिका हवाई हमले में एक स्थानीय दुकान और एक घर को निशाना बनाया गया। मुजाहिद ने पाकिस्तानी सैन्य नेतृत्व पर आरोप लगाया कि वह अपने देश के अंदर सुरक्षा से जुड़ी नाकामियों से लोगों का ध्यान हटाने के लिए अफगानिस्तान में हमले कर रहा है।

# मुख्यमंत्री ने नजफगढ़ में 25 करोड़ के विकास कार्यों का किया शुभारंभ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत नजफगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 25 करोड़ की लागत वाले 7 विकास कार्यों की शुरुआत की। इसके अलावा 7 अनधिकृत कॉलोनियों में 33 करोड़ की लागत वाले 10 अन्य काम पहले से ही चल रहे हैं।

इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, दिल्ली भाजपा उपाध्यक्ष विजय सोलंकी, विधायक नीलम कृष्ण पहलवान, जिला भाजपा अध्यक्ष मुकेश मिश्रा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 58 करोड़ के इन विकास कार्यों से नजफगढ़ की कॉलोनियों में सड़कें बेहतर होंगी, जल निकासी की व्यवस्था मजबूत होगी और बरसात के दिनों में जलभराव जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी। बेहतर बुनियादी सुविधाओं के साथ हजारों



परिवारों का रोजमर्रा का जीवन और सुगम होगा। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि दिल्ली में हमारी सरकार बनने के बाद से नजफगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुल 843 करोड़ के विकास कार्य पूरे हो चुके हैं या विभिन्न चरणों में प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने और नजफगढ़ के लोगों के दैनिक जीवन को आसान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

# एसआईआर में नोटिस जारी होना सामान्य प्रक्रिया : प्रवेश साहिब सिंह

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची या दस्तावेजों में जानकारी अधूरी या कमी होने पर निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) की ओर से नोटिस जारी होना एक सामान्य प्रक्रिया है। सिंह ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति की मतदाता सूची में जानकारी अधूरी है या उसके दस्तावेजों में कोई कमी रह गई है, तो ईआरओ उसे नोटिस जारी कर संबंधित जानकारी या दस्तावेज मांगा जाता है। जानकारी उपलब्ध कराने के बाद पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाता है। मंत्री ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कई संगठन और विपक्षी दल बार-बार एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं। चुनाव आयोग उन सभी लोगों को नोटिस जारी कर रहा हैं, जिनकी जानकारी मतदाता सूची या



उनके दस्तावेजों में अधूरी है। अगर दस्तावेजों में कोई कमी होती है, तो उनसे उसके बारे में पूछा जाता है। यह एक बहुत ही सामान्य प्रक्रिया है। लेकिन आम आदमी पार्टी (आआपा) और उनसे जुड़े संगठन इस पर सवाल उठा रहे हैं। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है और उस पर सुनवाई होनी है। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली में आम लोगों से लेकर वीआईपी तक को एसआईआर के तहत नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से काम कर रहा है। अगर किसी मतदाता को लगता है कि एसआईआर प्रक्रिया में उनका नाम छूट रहा है, तो उन्हें नोटिस का उचित जवाब देने का मौका दिया जाता है। जिन लोगों को नोटिस मिला है, वे 30 सितंबर तक ईआरओ को जवाब दे सकते हैं। 29 अक्टूबर तक उनके जवाब की जांच की जाएगी। अंतिम मतदाता सूची 4 नवंबर को जारी होगी। मंत्री ने कहा कि उसके बाद भी अगर किसी का नाम छूट जाता है, तो वे इस प्रक्रिया के तहत आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने आम आदमी पार्टी (आआपा), कांग्रेस और उनसे जुड़े गैर-सरकारी संगठनों से अपील की कि वे एसआईआर को लेकर लोगों के बीच ऐसी स्थिति पैदा न करें जिससे उनका चुनाव आयोग पर से भरोसा उठे।

# 'नमो सेवा की अनकही कहानियां' का दिल्ली में 1,250 स्थानों पर होगा मंचन : कपिल मिश्रा

**'प्रधानमंत्री मोदी का जीवन और उनकी कार्यशैली हर वर्ग के लिए प्रेरणा और संदेश हैं।'**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** संकल्प सेवा अभियान के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरक जीवन, उपलब्धियों व उनके विकसित भारत से जुड़े आग्रहों का 'नमो सेवा की अनकही कहानियां' नुक्कड़ नाटक श्रृंखला के जरिए आज से दिल्ली भर में मंचन शुरू किया जा रहा है। कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग के अंतर्गत साहित्य कला परिषद द्वारा दिल्ली के लगभग 1,250 स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने दिल्ली सचिवालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी। मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जीवन और उनकी कार्यशैली हर वर्ग के लिए प्रेरणा और संदेश हैं। नाटकों के जरिये स्वच्छता ही सेवा, वोकल फॉर



लोकल, बेटियों की शिक्षा जैसे उद्देश्यों का आग्रह होगा साथ ही प्रधानमंत्री जी के 25 वर्षों के सेवा, सुशासन और राजनीतिक शुचिता से भरे कार्यकाल में लोगों का जीवन बदलने और बेहतर करने वाले फैसलों का भी मंचन होगा। गरीब एवं किसान कल्याण की योजनायें जैसे पीएम आवास, एसबीएम शौचालय, सौभाग्य योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन की जानकारी दी जाएगी। मुद्रा लोन और स्टार्ट अप इंडिया जैसे महिला एवं युवा सशक्तिकरण के कदम, भारत की अभेद्य सुरक्षा और विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की कहानी भी लोग देखेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के देशहित में लिए ऐतिहासिक फैसलों से देश और दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के उनके सफर की भी लोगों को झलक मिलेगी। साथ ही उनके जीवन की अन्य कम चर्चित एवं प्रेरणादायी कहानियों का भी मंचन होगा। मंत्री ने कहा कि सेवा, स्वच्छता और देश के विकास से जुड़े कार्यों तथा योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक सरल और प्रभावी माध्यम से पहुंचाने के लिए यह श्रृंखला तैयार की गई है।

मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि अभियान के तहत दिल्लीभर में लगभग 30 से 35 नुक्कड़ नाटक टीमें एक साथ विभिन्न स्थानों पर प्रस्तुतियां देंगी। प्रत्येक मंडल में चार नुक्कड़ नाटक आयोजित करने की योजना बनाई गई है। मंडल स्तर के साथ-साथ बस्तियों, कॉलोनियों, प्रमुख मॉल, बाजारों और ज्यादा आवाजाही वाले स्थानों पर आयोजन होंगे।

# श्रमिकों को अब दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, सेवा उनके द्वार पहुंचेगी : रेखा गुप्ता

**दिल्ली सरकार के अनुसार, 'सेवा संकल्प अभियान' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शुरू किया गया है।**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत चार 'मोबाइल नमो श्रमिक सेवा केंद्र' वैन को दिल्ली सचिवालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य श्रमिकों को सरकारी सेवाएं उनके कार्यस्थल और आसपास के क्षेत्रों में उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें पंजीकरण और अन्य सेवाओं के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी दिहाड़ी का नुकसान भी न हो।

इस अवसर पर श्रम मंत्री कपिल मिश्रा और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के निर्माण और विकास में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है और सरकार की जिम्मेदारी है कि उनके लिए उपलब्ध सुविधाएं उन तक पहुंचें। उन्होंने कहा,



'श्रमिक भाई-बहन, अब कार्यालय नहीं, सेवा खुद उनके द्वार पहुंचेगी।'

उन्होंने बताया कि मोबाइल वैन के माध्यम से श्रमिकों का मौके पर पंजीकरण और पंजीकरण का नवीनीकरण किया जाएगा। इसके अलावा सरकारी योजनाओं की जानकारी, आवश्यक दस्तावेजों से संबंधित सहायता, डिजिटल सेवाओं तक पहुंच और विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन में मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा। गुप्ता ने कहा कि पंजीकरण के अभाव में कई वास्तविक निर्माण श्रमिक सरकारी योजनाओं और कल्याणकारी सुविधाओं का लाभ नहीं उठा पाते हैं। नई व्यवस्था के तहत श्रमिकों को अपने काम से समय निकालकर दूर स्थित सरकारी कार्यालयों में जाने की जरूरत कम होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के प्रत्येक जिले में एक-एक मोबाइल वैन संचालित की जाएगी। कुल 13 वैन निर्माण स्थलों, लेबर चौक और उन स्थानों तक जाएंगी जहां निर्माण श्रमिक काम करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि श्रमिकों को सरल, सुलभ और सुविधाजनक तरीके से सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि 'मोबाइल नमो श्रमिक सेवा केंद्र' की वैन सीधे श्रमिकों तक पहुंचेंगी और उन्हें कार्यस्थल के आसपास आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराएंगी। उन्होंने कहा कि जानकारी या पंजीकरण के अभाव में श्रमिक सरकारी योजनाओं से वंचित न रहें, यही इस पहल का उद्देश्य है।

मिश्रा ने बताया कि मोबाइल वैन के जरिए नए श्रमिकों का पंजीकरण, पंजीकरण का नवीनीकरण और विभिन्न सरकारी योजनाओं के लिए आवेदन करने में सहायता दी जाएगी। साथ ही श्रमिकों को उपलब्ध योजनाओं और उनके लाभों की जानकारी भी दी जाएगी।

# भागीरथ पैलेस से नकली रेबीज वैक्सीन की 481 यूनिट जब्त, दोषियों पर कार्रवाई का निर्देश

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली औषधि नियंत्रण विभाग ने भागीरथ पैलेस स्थित फर्म से 2 लाख रुपये की नकली रेबीज वैक्सीन की 481 यूनिट जब्त की है। यह कार्रवाई दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ पंकज कुमार सिंह के निर्देश पर चल रहे प्रवर्तन अभियान के तहत की गई।

मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि नकली दवाइयां बेचने वालों के खिलाफ दिल्ली सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की है। रेबीज एक गंभीर और कई मामलों में जानलेवा बीमारी है। इसलिए रेबीज वैक्सीन की गुणवत्ता से किसी भी तरह का कोई समझौता नहीं किया जा सकता। इस मामले में शामिल सभी लोगों के खिलाफ 'ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940' के प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रवर्तन अभियान के दौरान दिल्ली औषधि नियंत्रण विभाग की एक टीम ने दिल्ली के भागीरथ पैलेस में तीन परिसरों की गहन तलाशी ली। तलाशी अभियान के दौरान फर्म की बिक्री परिसर और गोदाम से रेबीज़ वैक्सीन, ह्यूमन I.P. (प्यूरीफाइड वेरो सेल रेबीज़ वैक्सीन) - (अभयरैब) वैक्सीन की नकली 481 यूनिट बरामद हुईं। वैक्सीन की मूल निर्माता कंपनी एम/एस ह्यूमन बायोलॉजिकल इंस्टीट्यूट, तेलंगाना ने पुष्टि की है कि संबंधित वैक्सीन का बैच नंबर नकली है और यह बैच कंपनी द्वारा जारी नहीं किया गया था।

टीम ने लैब टेस्ट और परीक्षण के लिए 120 वायल के नमूने आगे की जांच के लिए कस्टडी में लिया हैं। बाकी 361 यूनिट वैक्सीन और सात खरीद चालानों को ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 की धारा 22(1) (C) और 22(1) (CC) के तहत जब्त किया गया है। सभी नमूनों को आगे की जांच और सैंपल को एनालिसिस के लिए कसौली स्थित सीआरआई सेंटर में भेजा गया है। जब्त स्टॉक की जांच के दौरान भागीरथ पैलेस स्थित फर्म ने बताया कि उसने कथित नकली वैक्सीन कानपुर की एक एजेंसी से खरीदी थी। इसके बाद दिल्ली ड्रग्स कंट्रोल विभाग ने इसकी जानकारी उत्तर प्रदेश के औषधि नियंत्रण विभाग के साथ साझा की। यूपी औषधि नियंत्रण विभाग ने कानपुर स्थित एजेंसी समेत दो स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई की।